* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

21 जनवरी, 2023
माघ, कृष्ण पक्ष, अमावस्या
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
शनिवार, वर्ष 08, अंक 94

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

नये लोकसभा चेंबर में पेश हो सकता है बजट









### पीएम ने ऑनलाइन 71 हजार युवाओं को दिया नियुक्ति पत्र

# भर्ती प्रक्रिया ज्यादा कारगर और समयबद्ध हुई : मोदी

- 2023 में पहला रोजगार मेला हुआ आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सरकारी विभागों और संगठनों में नवनियुक्त भर्ती के लिए लगभग 71,000 नियुक्ति पत्र वितरित किया। उन्होंने सरकारी विभागों और संगठनों में नये भर्ती हुए लोगों के साथ बातचीत भी की। इस दौरान प्रधानमंत्री ने कहा कि ये साल 2023 का पहला रोजगार मेला है। इस साल की शुरुआत उज्ज्वल भविष्य की नयी उम्मीदों के साथ हुई है। मैं सभी युवाओं और उनके परिवारों को बहुत-बहुत बधाई देता हूं। आने वाले दिनों में लाखों और परिवारों को सरकारी नौकरी मिलने वाली है।प्रधानमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा एनडीए और भाजपा शासित राज्यों में भी लगातार रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। निरंतर हो रहे ये रोजगार मेले अब हमारी सरकार की पहचान बन गये हैं।




## झारखंड के 219 युवाओं के चेहरे खिले

रांची (आजाद सिपाही)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण रांची स्थित सीसीएल के दरभंगा हाउस में किया गया। यहां केंद्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस मौजूद थे। उन्होंने झारखंड के 219 युवाओं में से 25 को सांकेतिक रूप से नियुक्ति पत्र दिया। इस मौके पर पीएम मोदी ने नवनियुक्त अभ्यर्थियों के साथ बातचीत भी की। विपरीत पारिवारिक स्थिति के बावाजूद नियुक्ति पाने में सफल हुए युवा काफी खुश दिखे। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा प्रति वर्ष रोजगार मेला लगाकर दस लाख लोगों को नौकरी देने का निर्णय लिया गया है। इसके तहत आज देशभर में करीब 71,400 युवाओं को नियुक्ति पत्र दी गयी है। इसके लिए देशभर में 45 केंद्र बनाये गये हैं।

**इन 25 युवाओं को सांकेतिक रूप से मिला नियुक्ति पत्र :** डॉ संदीप कुमार राहुल, डॉ वेंकेटा लक्ष्मी नरसिम्हा, पल्लवी दास, प्रिया गुप्ता, पूजा कुमारी, छाया रानी, हर्ष कुमार गुप्ता, रवि कुमार गुप्ता, चांदनी कुमारी, राहुल कुमार यादव, आनंद कुमार मांझी, मनिक रंजन कुमार, राहुल कुमार, शुभम समीर, अंशु पटेल, सचिन देव, मनचुन कुमार, वैश्णव कुमार, गौरव श्रीवास्तव, अफजाल अमान, अन्वेषा चौधरी, नेहा कुमारी, पंकज कुमार, हेमसागर हेंब्रम और कुंदन कुमार।

## इन पदों पर हुई नियुक्ति

देश भर से चयनित युवाओं को भारत सरकार के तहत जूनियर इंजीनियर, लोको पायलट, तकनीशियन, निरीक्षक, उप निरीक्षक, कांस्टेबल, स्टेनोग्राफर, जूनियर एकाउंटेंट, ग्रामीण डाक सेवक, आयकर निरीक्षक, शिक्षक, नर्स, डॉक्टर, सामाजिक सुरक्षा अधिकारी, पीए, एमटीएस जैसे विभिन्न पदों पर नियुक्त किया गया है।

**स्वरोजगार का क्षेत्र बहुत आगे बढ़ रहा :** मोदी ने कहा कि तेजी से आगे बढ़ते हुए भारत में रोजगार और स्वरोजगार के अवसर लगातार बन रहे हैं। जब विकास तेजी से होने लगता है, तब स्वरोजगार के अवसर अनगिनत मात्रा में बढ़ने लगते है। आज स्वरोजगार का क्षेत्र बहुत आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले 8 वर्षों में व्यापक स्तर पर आधारभूत संरचना के विकास से रोजगार के लाखों अवसर बने हैं। आधारभूत संरचना में 100 लाख करोड़ का निवेश रोजगार की अपार संभावनाओं के द्वार खोल रहा है।

# चाईबासा में नक्सलियों ने कर्फ्यू का किया एलान

### शाम छह से सुबह छह बजे तक बाहर निकलने पर पाबंदी

आजाद सिपाही संवाददाता

**चाईबासा।** झारखंड के कोल्हान प्रमंडल क्षेत्र में नक्सलियों ने कर्फ्यू घोषित किया है। नक्सली नेता कृष्णा की गिरफ्तारी को लेकर पिछले दिनों बंद का आह्वान किया गया था, जिसको लेकर शुक्रवार को कोल्हान में लगभग 30 किलोमीटर के इलाके में नक्सलियों ने शाम छह बजे से सुबह छह बजे तक कर्फ्यू का एलान किया है।

**पर्चा बांट कर लोगों से की अपील :** नक्सलियों ने 30 किमी के दायरे में पड़ने वाले सभी गांवों में मानकी-मुंडा, डाकुवा और ग्रामीणों में पर्चे बांटकर लोगों से अपील की है कि वे इस दौरान घरों से बाहर नहीं निकलें। पर्चे में यह भी लिखा है कि पूरे इलाके में आइइडी बम बिछाये गये हैं। घर से निकलने पर बम की चपेट में आने से उनकी जान जा सकती है। जंगल-पहाड़ की ओर तो भूलकर भी कदम नहीं रखें। गाड़ी लेकर चलें तो हॉर्न बजाते रहें।

### शाम होते ही पसरने लगा है सन्नाटा

माओवादियों के इस फरमान की वजह से चाईबासा के गोइलकेरा, टोंटो, बरकेला, अराहासा, बारालगिया, भरनिया, पोरोंगिर, कुइरा इलाकों में शाम होते ही सन्नाटा पसरा हुआ है। बंदी से पूर्व ही यहां सन्नाटा पसरा है। नक्सलियों के एलान के बाद से इलाके के लोगों में दहशत का माहौल बन गया है। उल्लेखनीय है कि यह वो इलाका है, जहां पुलिस और सुरक्षा बलों के जवान नक्सलियों की घेराबंदी कर इन दिनों बड़ा ऑपरेशन चला रहे हैं। इस दौरान बीते हफ्ते नक्सलियों द्वारा जमीन के नीचे बिछायी गयी बारूदी सुरंगों के विस्फोट की हुई दो घटनाओं में नौ जवान घायल हुए थे।

## तुंबाहाका जंगल में आइइडी विस्फोट, एक जवान घायल

चाईबासा (आजाद सिपाही)। झारखंड के नक्सल प्रभावित चाईबासा जिले के टोंटो थाना क्षेत्र स्थित तुंबाहाका जंगल में नक्सलियों के खिलाफ चल रहे अभियान के दौरान आइइडी विस्फोट में कोबरा बटालियन का एक जवान घायल हो गया। उसे बेहतर इलाज के लिए एयरलिफ्ट कर रांची लाया गया। बीते 11 जनवरी को 6 जवान आइइडी की चपेट में आये थे, वहीं 12 जनवरी को इसी इलाके में तीन जवान आइइडी ब्लास्ट में घायल हो गये थे। गौरतलब है कि इलाके में भ्रमणशील एक करोड़ के इनामी पोलित ब्यूरो सदस्य मिसिर बेसरा उर्फ भास्कर और एक करोड़ रुपये के इनामी केंद्रीय कमेटी सदस्य पतिराम माझी उर्फ अनल, 15 लाख रुपये के इनामी मेहनत उर्फ मोछू समेत अन्य नक्सलियों को पकड़ने के लिए सीआरपीएफ, कोबरा, जगुआर और जिला पुलिस के जवान लगातार नक्सल विरोधी अभियान चला रहे हैं। कोल्हान और पोड़ाहाट इलाके के ट्राईजंक्शन को अपना निशाना बनाते हुए संयुक्त टीम छापामारी अभियान चला रही है। पुलिस को इस इलाके में फंसाने के लिए नक्सलियों ने जगह-जगह सीरिज में लैंड माइन लगा रखे हैं। सुरक्षाबल पूरे एहतियात के साथ आपरेशन चला रही है। इसमें सफलताएं भी मिल रही हैं।

### रांची स्थित जैप-1 पहुंचे सीएम, किया योजनाओं का उद्घाटन

# पुलिस कर्मियों की हर जरूरत पूरा करेंगे : हेमंत सोरेन

- सभी पुलिस कैंप परिसरों को संवारने का किया एलान

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि आज से झारखंड सशस्त्र पुलिस (जैप)-1 परिसर पुलिस बल के लिए आईकॉनिक परिसर के रूप में जाना जायेगा। इस परिसर को नया स्वरूप दिया गया है। इसी खुशी में हम सब यहां एकत्रित हुए हैं। मेरा मानना है कि खूबसूरत परिसर और काम करने का एक सुंदर वातावरण अगर हमारे इर्द-गिर्द अथवा आसपास हो, तो हमें जिस काम के लिए नियुक्त किया गया है, उस काम को हम सभी लोग एक अलग उत्साह, उमंग और विश्वास से कर पाते हैं। मुख्यमंत्री शुक्रवार को जैप-1 परिसर में नवनिर्मित ऑडिटोरियम, गैलरी, फूड कोर्ट एवं अन्य भवनों के उद्घाटन करने के बाद बोल रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जैप-1 परिसर एक नामचीन जगह है। इस परिसर का उपयोग कई अलग-अलग कार्यों के लिए होता है। मैं भी यहां कई बार अलग-अलग कार्यक्रमों में शरीक हुआ हूं। पिछले वर्ष जैप-1 स्थापना दिवस



के मौके पर मैं यहां आया था, तभी मैंने यह तय किया था कि इस परिसर का कायाकल्प कर एक नयी पहचान देनी है, जो आज मूर्त रूप ले चुका है। नये आगंतुक, जो यहां आयेंगे, अब इस परिसर के बदलाव को देखेंगे। जैप-1 परिसर अब एक आधुनिक पुलिस कैंप परिसर के रूप में पहचाना जायेगा।

**पुलिस कैंप परिसरों के आधारभूत संरचनाओं को संवारेंगे :** हेमंत सोरेन ने कहा कि रांची स्थित जैप-1 परिसर ही नहीं, बल्कि राज्य के सभी पुलिस कैंप परिसर, चाहे वे परिसर सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में ही क्यों न हों, उन सभी का जीर्णोद्धार किया जायेगा। सभी पुलिस कैंप परिसरों में आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध करायी जायेंगी। पानी, शौचालय, ठहरने के लिए कमरों की सुविधा सहित अन्य जरूरी व्यवस्थाओं से इन परिसरों को जोड़ा जायेगा, ताकि हमारे पुलिस बल के जवानों को किसी प्रकार की परेशानी ड्यूटी के दौरान न हो।

**बेहतर माहौल देने का प्रयास हो रहा :** मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार की सोच है कि हमारे पुलिस बल के जवानों को भी कर्तव्य निर्वहन के दौरान मानसिक तौर पर एक बेहतर माहौल प्रदान किया जाये। हमारी सरकार राज्य के पुलिसकर्मियों के हर जरूरत को पूरा करने का प्रयास निरंतर कर रही है। राज्य सरकार चाहती है कि पुलिस व्यवस्था में व्याप्त सभी शिकायतों को समाप्त किया जाये। उन्होंने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार ने पुलिसकर्मियों के लंबित मांग क्षतिपूर्ति अवकाश दिया है।

**झारखंड काफी खूबसूरत राज्य :** मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड एक बहुत ही खूबसूरत राज्य है। कुछ कमियों की वजह से यहां के लोग इस राज्य की खूबसूरती का आनंद नही ले पा रहे हैं। इस खूबसूरत राज्य में लोगों को एक बेहतर माहौल मिले, यह हमारी सोच है। झारखंड को बेहतर दिशा देने में हमारे पुलिस बल के जवानों की भी महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। राज्य पुलिस बल के जवानों ने नक्सली गतिविधियों पर लगाम लगाने का काम कर दिखाया है।

**निर्माण का प्रजेंटेशन दिया गया :** अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक झारखंड पुलिस हाउसिंग कॉरपोरेशन रांची-सह-महानिदेशक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो अजय कुमार सिंह ने स्वागत संबोधन में कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। मुख्यमंत्री ने जैप-1 के प्रांगण स्थित शहीद स्मारक पर माल्यार्पण किया। मौके पर वाहिनी की बैंड पार्टी द्वारा आकर्षक बैंड डिस्प्ले प्रस्तुत किया गया। वाहिनी के जवानों के द्वारा खुकुरी ड्रिल प्रस्तुति के पश्चात मुख्यमंत्री के साथ ग्रुप फोटोग्राफी भी की गयी। इस मौके पर गृह विभाग प्रधान सचिव राजीव अरुण एक्का, डीजी रेल अनिल पालटा, एडीजी जैप प्रशांत सिंह उपस्थित थे।

### कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने भाजपा को दी खुली चुनौती, कहा

# हिम्मत है तो रघुवर दास को बनायें रामगढ़ उपचुनाव में प्रत्याशी

- रामगढ़ उपचुनाव को लेकर आहूत बैठक में हुए शामिल

बीरू कुमार

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** रामगढ़ उपचुनाव की घोषणा के बाद राजनीतिक तापमान उफान पर है। शुक्रवार को कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर कार्यकर्ताओं की नब्ज टटोलने रामगढ़ पहुंचे। उन्होंने कार्यकर्ताओं को जीत की घुट्टी पिलायी। वह कांग्रेस की जीत के प्रति बेफिक्र दिखे।

प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कार्यकर्ताओं में नयी ऊर्जा भर कर विरोधियों को धूल चटाने की बात



कही। उन्होंने भाजपा को खुली चुनौती देते हुए कहा कि भाजपा में हिम्मत है, तो रघुवर दास को रामगढ़ उपचुनाव में प्रत्याशी बना कर दिखाये, उसे पता चल जायेगा कौन कितना पानी में है। प्रदेश अध्यक्ष शुक्रवार को विकास नगर स्थित आवास में आयोजित कार्यकर्ताओं की बैठक में शामिल होने रामगढ़ पहुंचे थे। इसी दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए उक्त बातें कहीं।

### एक ही घर में दो दावेदार कैसे होगा बेड़ापार

पत्रकारों के एक सवाल के जबाव में प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि टिकट की दावेदारी हर किसी का अधिकार है। सभी लोग कांग्रेस पार्टी परिवार के सदस्य हैं। सवाल टिकट का है, तो यह तय करना आलाकमान का काम है। आलकमान का जो भी आदेश और जिसे टिकट मिलेगा। उसके साथ कदम से कदम मिला कर पार्टी का हर एक सिपाही चलेगा। रामगढ़ उपचुनाव में कांग्रेस की झोली में सीट डालेंगे।

इस मौके पर जिलाध्यक्ष मुन्ना पासवान, जिला प्रवक्ता मुकेश यादव, पंकज तिवारी, बजरंग महतो और अमित महतो सहित भारी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
188100 Subscribers
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

सर्राफा
| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 53,700 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 74,000 रु./प्रति किलो |



## 2024 में जीत के लिए लंबा सफर तय करना होगा राहुल गांधी और पार्टी को

# 'भारत जोड़ो यात्रा' के बाद शुरू होगी कांग्रेस की असली चुनौती

**कांग्रेस नेता राहुल गांधी अपनी 'भारत जोड़ो यात्रा' के अंतिम दौर में 'अपने घर' जम्मू-कश्मीर पहुंच चुके हैं। साढ़े तीन हजार किलोमीटर की उनकी यह यात्रा 30 जनवरी को श्रीनगर में खत्म होगी, लेकिन कांग्रेसियों के साथ राहुल के समर्थक अभी से यही सोचने लगे हैं कि 30 जनवरी के बाद वे क्या करेंगे। यह सवाल कुछ दिन पहले राहुल गांधी से मीडियाकर्मियों ने पूछा भी था, तो उन्होंने जवाब दिया था कि करने के लिए बहुत सारे काम हैं। लेकिन यह बात हल्के-फुल्के अंदाज में कही गयी थी। अब गंभीरता से यह सवाल उठ रहा है। दरअसल 2014 के बाद से देश की सबसे पुरानी राजनीतिक पार्टी ने जो रवैया अख्तियार कर रखा है, उससे कहीं से ऐसा नहीं लगता कि आक्रामक राजनीति के इस दौर में वह अपने प्रतिद्वंद्वियों के करीब आने की भी कोशिश कर रही है। ऐसे में 2024 का आम चुनाव सामने है, जिसे जीतना कांग्रेस के अस्तित्व के लिए बेहद जरूरी है। इतना ही नहीं, यूपी और गुजरात में हुए विधानसभा चुनावों में पार्टी के प्रदर्शन ने इसी साल होनेवाले छत्तीसगढ़, राजस्थान और मध्यप्रदेश के अलावा छह अन्य राज्यों के चुनाव में उसकी संभावनाओं को बहुत कम कर दिया है। ऐसे में साफ है कि यात्रा के बाद कांग्रेस की असली चुनौती शुरू होगी और 2024 के लिए अभी उसे लंबा सफर तय करना होगा। इसलिए कहा जा सकता है कि 2024 के लोकसभा चुनाव तक कांग्रेस के लिए परिस्थितियां काफी चुनौती भरी रहने वाली हैं। कुछ चुनौतियों को पार करने के बाद ही 2024 का रास्ता कुछ आसान बनेगा। 'भारत जोड़ो यात्रा' कितनी सफल होगी, यह 2024 का लोकसभा चुनाव परिणाम से ही तय हो सकेगा, लेकिन इतना जरूर कहा जा सकता है कि इससे कांग्रेस के वोटरों और कार्यकर्ताओं में एक उम्मीद जगी है। इसलिए यह यात्रा असफल नहीं होगी, बशर्ते यह जोश और उत्साह आगे भी बना रहे। कांग्रेस के सामने पैदा होनेवाली इसी चुनौती के बारे में बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष


राकेश सिंह



राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो यात्रा' 30 जनवरी को श्रीनगर में ध्वजारोहण के साथ खत्म हो जायेगी। तब कश्मीर से वापस दिल्ली आने के बाद राहुल गांधी क्या करेंगे और कांग्रेस की रणनीति क्या रहेगी, यह सवाल इन दिनों राजनीतिक हलकों में खूब उछल रहा है। 2024 को लेकर कांग्रेस का सारा खेल इसी सवाल के जवाब पर निर्भर करता है। इस बात में कोई संदेह नहीं है कि 2024 लोकसभा चुनाव तक कांग्रेस के लिए परिस्थितियां काफी चुनौती भरी रहने वाली हैं। इन चुनौतियों को पार करने के बाद ही 2024 का रास्ता कुछ आसान बनेगा। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि देश की सबसे पुरानी राजनीतिक पार्टी इन चुनौतियों से कैसे पार पाती है।

### क्या हैं चुनौतियां

कांग्रेस के सामने पहली चुनौती राष्ट्रीय और क्षेत्रीय स्तर पर बड़ा फेरबदल कर संगठन को मजबूत बनाने की है, क्योंकि सिर्फ मल्लिकार्जुन खड़गे को कांग्रेस अध्यक्ष बनाने से 2024 की राह आसान नहीं होने वाली। कांग्रेस को भाजपा की तरह बूथ स्तर पर अपने संगठन को मजबूत करना होगा। फिर यह तय करना कांग्रेस के लिए बड़ी चुनौती होगी कि 2024 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मुकाबले किसे आगे किया जाये। वैसे वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए कांग्रेस को किसी व्यक्ति के बदले भाजपा बनाम कांग्रेस पार्टी के बीच मुकाबला कराने वाली रणनीति पर काम करना चाहिए। यह एक हकीकत भी है कि 'भारत जोड़ो यात्रा' से राहुल गांधी की छवि काफी बेहतर हुई है, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी से राहुल का सीधा मुकाबला कांग्रेस के लिए नुकसानदायक हो सकता है। दरअसल भाजपा अभी भी यही चाहती है कि कांग्रेस नरेंद्र मोदी के मुकाबले राहुल गांधी को ही आगे करे, ताकि वह परिवारवाद और 'पप्पू' के अपने पुराने नैरेटिव को केंद्र में रख कर चुनाव के दौरान कांग्रेस के खिलाफ इसका इस्तेमाल कर सके।

### कांग्रेस में चाटुकारिता खत्म करनी होगी

कांग्रेस की अगली चुनौती उस संस्कृति को खत्म करना है, जो चाटुकारिता को प्रश्रय देती है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश का हालिया बयान इस संदर्भ में अच्छा है। उन्होंने कहा कि 'भारत जोड़ो यात्रा' राहुल गांधी को प्रधानमंत्री पद के रूप में प्रोजेक्ट करने के लिए नहीं है। अब गांधी परिवार के कुछ चाटुकार नेताओं को यह बात समझानी होगी, जो चाटुकारिता के चक्कर में बार-बार राहुल गांधी को प्रधानमंत्री उम्मीदवार बताते रहते हैं। इसके बाद कांग्रेस के लिए सबसे चुनौतीपूर्ण काम प्रादेशिक नेताओं के बीच चल रही वर्चस्व की लड़ाई को खत्म कर इकट्ठे होकर चुनाव लड़ना है। यह 2023 में नौ राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनावों के लिहाज से भी बेहद महत्वपूर्ण है। इनमें से छह राज्य छत्तीसगढ़, कर्नाटक, मध्यप्रदेश, राजस्थान, मेघालय और मिजोरम में कांग्रेस मजबूत स्थिति में है। लेकिन यदि इस बार कांग्रेस चूकती है, तो फिर 2024 की संभावनाओं पर विराम लग सकता है।

कांग्रेस को यह भी याद रखना होगा कि उसे उस भाजपा से मुकाबला करना है, जो 2014 के बाद से हमेशा चुनावी मोड में ही रहती है। इसलिए साफ है कि वह लोकसभा का सेमीफाइनल कहे जाने वाले आगामी विधानसभा चुनावों में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमें 2023 और 2024 का एक भी चुनाव नहीं हारना है। कांग्रेस को भाजपा के इस आत्मविश्वास और तैयारी से मुकाबला करने के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगाना होगा।

जहां तक चुनावी राज्यों में कांग्रेस के प्रदर्शन का सवाल है, तो मिजोरम में पिछले चुनाव में कांग्रेस को करीब 30 प्रतिशत वोट मिले थे। वहीं मेघालय में 28.5 प्रतिशत वोट के साथ सबसे वह बड़ी पार्टी बनकर उभरी थी, लेकिन सरकार नहीं बना सकी थी। छत्तीसगढ़ और राजस्थान में तो कांग्रेस की सरकार है, लेकिन दोनों ही राज्यों में आपसी गुटबाजी चरम पर है। छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव के बीच 2018 में सरकार बनने के बाद से ही विवाद चल रहा है। चुनाव के बाद तय हुआ कि दोनों ढाई-ढाई साल बाद सीएम रहेंगे, लेकिन ढाई साल बाद भी आलाकमान ने भूपेश बघेल को ही मौका दे दिया। अब चुनाव के समय अगर वह इधर-उधर होते हैं, तो कांग्रेस को नुकसान उठाना पड़ेगा। राजस्थान में तो पिछले दो साल से लगातार राजनितिक ड्रामा चल रहा है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट के बीच की तनातनी रोज चर्चा में रहती है। चुनाव तक अगर ऐसा ही चलता रहा, तो कांग्रेस की सत्ता हाथ से निकल सकती है।

### कांग्रेस अपनी हालत सुधार सकती है

कर्नाटक में 'भारत जोड़ो यात्रा' के दौरान तो प्रदेश के नेता एक साथ दिखे, लेकिन पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और प्रदेश अध्यक्ष डीके शिवकुमार के बीच आपसी खींचतान काफी लंबे समय से चल रही है। अगर कर्नाटक में कांग्रेस सही ढंग से चुनाव लड़े, तो जीत सकती है, क्योंकि यहां भाजपा में भी आपसी लड़ाई काफी ज्यादा है। बीएस येदुरप्पा मुख्यमंत्री पद से हटाये जाने के बाद से काफी नाराज चल रहे हैं। उनकी नाराजगी भाजपा को भारी पड़ सकती है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे भी कर्नाटक से ही आते हैं। इसलिए कर्नाटक कांग्रेस के लिए प्रतिष्ठा का सवाल भी है। मध्यप्रदेश में भाजपा सरकार से लोग काफी नाराज हैं, लेकिन कांग्रेस को इसका फायदा उठाने के लिए ज्योतिरादित्य सिंधिया के समर्थक विधायकों वाली करीब 25 सीटों पर अपनी स्थिति मजबूत करनी होगी, जो 2020 में कांग्रेस छोड़कर सिंधिया के साथ भाजपा में चले गये थे। इसके अलावा छत्तीसगढ़, राजस्थान, मध्यप्रदेश और कर्नाटक में लोकसभा की कुल 93 सीटें हैं। कर्नाटक में तीन-चार सीट जेडीएस वाली छोड़कर करीब 90 सीटों पर कांग्रेस का सीधा मुकाबला भाजपा से है। 2019 में भाजपा ने इनमें से 87 सीटों पर जीत हासिल की थी। अगर यहां पर कांग्रेस भाजपा को आधे पर भी रोक देती है, तो भाजपा सांसदों की संख्या 302 से घटकर 258 हो जायेगी, जो पूर्ण बहुमत से 14 कम है। इसके अलावा बिहार, उत्तरप्रदेश, पश्चिम बंगाल, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड जैसे राज्यों में भी भाजपा की सीट कम हो सकती है।

इन तमाम परिस्थितियों में साफ है कि कांग्रेस के पास करने को बहुत कुछ है, लेकिन सवाल यही है कि वह करे, तब ना। यात्रा खत्म करने के बाद राहुल और कांग्रेस के दूसरे नेता इन तथ्यों को अवसरों में कितना बदल पाते हैं, इसका जवाब पाने के लिए अभी इंतजार करना होगा।

---

## ट्वीट :

### हेमंत सोरेन



पुलिस के रूप में एक बहुत बड़ा समूह आज राज्य की जनता को सुरक्षा प्रदान कर रहा है। यह सरकार की जिम्मेदारी है कि उन्हें बेहतर व्यवस्था मिले। आज उसी क्रम में जैप-1 के नवनिर्मित भवनों का उद्घाटन किया। आगामी दो वर्ष के अंदर सभी पुलिस केंद्रों का जीर्णोद्धार करने का कार्य किया जायेगा।

### बाबूलाल मरांडी



राज्य पुलिस प्रशासन को ठेंगा दिखा रहे हैं। पुलिस हर बार कड़ी कार्रवाई वाला रटा-रटाया बयान देती है। फिर ढाक के तीन पात। विगत तीन सालों में कितनी बच्चियां दुष्कर्म की शिकार हो चुकी हैं, इन आंकड़ों से हर झारखंडवासी का सिर शर्म से झुक जायेगा। ना जाने कब नींद खुलेगी सरकार की?

### बन्ना गुप्ता



राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन और नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ अर्बन अफेयर्स द्वारा गठित रिवर सिटीज एलायंस अब गंगा की सहायक नदियों के रूप में स्वर्णरिखा और खरकई के जीर्णोद्धार हेतु उपायुक्त पूर्वी सिंहभूम के नेतृत्व में स्वर्णरिखा आरती घाट समेत अन्य जनहित के विकास कार्यों को पूर्ण करेगा!

### सरयू राय



विधानसभा समिति बैठक के लिए रांची पहुंचते ही सूचना मिली कि हेमंत सोरेन के दबंग मंत्री बन्ना गुप्ता जेएनएसी के विशेष पदाधिकारी से जबरन पोकलेन छिनवा कर स्वर्णरिखा नदी का पेट फाड़ रहे हैं। जमशेदपुर के आधा दर्जन धनवान उनकी मदद में वहां जमे हैं। काम निजी धन का है, सरकारी योजना का नहीं!

## अधीक्षण अभियंता उमेश कुमार को मिला चीफ इंजीनियर का काम

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड स्टेट रूरल रोड डेवलपमेंट अथॉरिटी के चीफ इंजीनियर के रिक्त पद होने के कारणअ स्थायी रूप से अधीक्षण अभियंता जेएस आरआरडीए उमेश कुमार को जेएसआरआरडीए की सभी संचिकाओ का निष्पादन करने के लिए अधिकृत किया गया। यह आदेश नये चीफ इंजीनियर की पोस्टिंग तक लागू रहेगा। इस संबंध में ग्रामीण कार्य विभाग के सचिव अजय कुमार सिंह के हस्ताक्षर से आदेश जारी किया गया है। बता दें के चीफ इंजीनियर जेपी सिंह को हटाये जाने के बाद से ही है यह पद विगत कई दिनों से रिक्त है। चीफ इंजीनियर के नहीं होने से टेंडर इत्यादि फाइनल नहीं हो पा रहे हैं। काम रुके पड़े हैं।

---

### झरिया में हुए गैंगवार पर राजनीति तेज

## राज्यपाल से मिलीं भाजपा नेता रागिनी सिंह, झरिया कांड पर की शिकायत

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद के झरिया में दो गुटों में हुए गैंगवार को लेकर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह ने राज्यपाल रमेश बैस से धनबाद स्थित सर्किट हाउस में मुलाकात की है। उन्होंने कहा, झरिया में कांग्रेस के समर्थकों के द्वारा गोलीबारी बमबाजी की घटना को अंजाम दिया है। रागिनी सिंह ने कहा, 15 दिन पूर्व झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह के देवर एकलव्य सिंह के द्वारा भाजपा समर्थक अविनाश सिंह पर गोली चलाने का मामला सामने आया था। भाजपा ने आरोप लगाया कि एफआइआर दर्ज होने के बावजूद भी पुलिस द्वारा गिरफ्तारी नहीं हुई।



**सिंदरी डीएसपी के तबादले की रखी मांग**

उन्होंने कहा, सिंदरी डीएसपी के संरक्षण में बढ़ते हुए अपराध को लेकर उनके तबादले की मांग की है। राजपाल से मुलाकात के बाद इन सभी बातों का जिक्र किया गया और एक ज्ञापन सौंपा गया है। राज्यपाल द्वारा धनबाद जिला प्रशासन को जल्द से जल्द मामले में उच्च स्तरीय कार्यवाही करते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी का निर्देश दिया। इस दौरान धनबाद सांसद पशुपतिनाथ सिंह, धनबाद उपायुक्त संदीप सिंह, धनबाद के वरीय पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार उपस्थित थे।

---

## मनी लॉड्रिंग केस: एनोस एक्का को हाइकोर्ट से बड़ा झटका

**रांची।** मनी लॉड्रिंग के केस में दोषी पूर्व मंत्री एनोस एक्का और उनकी पत्नी मेनन एक्का को झारखंड हाइकोर्ट से बड़ा झटका लगा है। हाइकोर्ट ने उनकी अपील याचिका खारिज करते हुए इडी कोर्ट के आदेश को बरकरार रखा है। हाइकोर्ट ने एनोस एक्का की अपील पर सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित रखा था। झारखंड हाइकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस गौतम चौधरी की अदालत ने शुक्रवार को एनोस की याचिका पर अपना फैसला सुनाया है। इडी कोर्ट और सीबीआइ कोर्ट द्वारा अलग-अलग मामलों में दोषी करार दिये जाने के बाद पूर्व मंत्री एनोस एक्का ने झारखंड हाइकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। लेकिन अदालत ने सभी पक्षों को सुनने के बाद उनकी और उनकी पत्नी की याचिका खारिज कर दी है। लगभग 20 करोड़ 31 लाख 77 हजार रुपये के मनी लॉड्रिंग के जुर्म में एनोस एक्का सजायाफ्ता हैं।

---

## बाल कल्याण समिति के सदस्य बच्ची को देखने पहुंचे अस्पताल

**दुमका में 6 दरिंदों ने बिगाड़ी बच्ची की हालत**

**अस्पताल में 10 दिन तक होगा इलाज**

आजाद सिपाही संवाददाता

**दुमका।** झारखंड में दुमका जिले के रामगढ़ प्रखंड में 14 जनवरी की रात छह दरिंदों ने मिलकर 14 साल की एक आदिवासी किशोरी के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना की घटना को अंजाम दिया। हैरान करने वाली बात यह है कि इनमें से दो आरोपित नाबालिग हैं, जिन्हें पुलिस ने बाल सुधार गृह भेजा है। जबकि बाकी के तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। इनकी पहचान राष्ट्रपति किस्कू, जरमन किस्कू, विनोद हेंब्रम के रूप में हुई है। एक आरोपी रफाएल टुडू अभी भी फरार है उसकी तलाश जारी है।

### क्या था मामला

पीड़िता के मुताबिक, सोहराय के अंतिम दिन 14 जनवरी को गांव में तीर-धनुष का प्रोग्राम था। वह शाम के सात बजे अपने दादा-दादी के साथ वहां गयी थी। विजेताओं को पुआ और दर्शकों को खाने के लिए मूढ़ी दिया गया था। वह वहां पीढ़ा पर बैठकर मूढ़ी खा रही थी और नाच देख रही थी। दादा-दादी ने घर चलने को बोला तो उसने कहा कि वह नाच देखकर बाद में आयेगी। इसी बीच उसी गांव के चार लड़के और जामा गांव का एक लड़का वहां आये और उसे जबरन मैदान की ओर ले गये। वह विरोध करती रही पर किसी ने उसकी बात नहीं सुनी। छहों ने उसके साथ रात भर दुष्कर्म किया। उसके साथ मारपीट भी की। घटना के बारे में बताने पर जान से मार देने की धमकी दी। अंत में 15 जनवरी की सुबह उसे उसके घर के पिछवाड़े में लाकर छोड़ दिया। जब उसकी तबीयत ज्यादा खराब होने लगी तो 17 जनवरी के दोपहर एक बजे आटो से लेकर दुमका अस्पताल पहुंची जहां उसका इलाज शुरू हुआ।

इधर, बाल कल्याण समिति ने रामगढ़ के गैंगरेप की पीड़िता और उसके परिवार से पीजेएमसीएच में जाकर मुलाकात की। इस दौरान उन्हें हर तरह की मदद का भी भरोसा दिया। चेयरपर्सन डा.अमरेंद्र कुमार, सदस्य डा.राजकुमार उपाध्याय और सदस्य कुमारी विजया लक्ष्मी ने पीड़िता व उसके स्वजनों से मिलने के बाद चिकित्सक से मुलाकात कर उसके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली।

### दुष्कर्म की घटना से बिगड़ी पीड़िता की हालत, बह चुका है काफी खून

स्त्री एवं प्रसूती विभाग के चिकित्सक डा.रवि रंजन ने कहा कि गैंगरेप के कारण 14 जनवरी की रात में ही पीड़िता को काफी रक्तस्राव के कारण उसकी स्थिति ठीक नहीं थी। देरी के कारण उसके जख्म में इंफेक्शन हो गया था जिसका आपरेशन कर स्टीच किया गया है। उसका हीमोग्लोबिन घटकर 5.2 हो गया था जिसके कारण उसे दो यूनिट ब्लड चढ़ाया गया। इसके बाद उसके हीमोग्लोबिन का स्तर बढ़कर 8.7 हो गया। डॉक्टर ने कहा कि उसकी स्थिति में बहुत सुधार है। उसे 72 घंटे के आब्जर्वेशन में रखा गया है। जैसी उसकी स्थिति है उसके मुताबिक 10 दिनों तक उसे अस्पताल में भर्ती रखना पड़ सकता है।

---

### गिरिडीह पहुंचे झारखंड सरकार के उच्च शिक्षा एवं तकनीकी विभाग के सचिव

## गिरिडीह कॉलेज और महिला कॉलेज का किया निरीक्षण

सुधीर सिन्हा

**कहा- उच्च स्तरीय शिक्षा के उद्देश्य को लेकर जायजा लिया**

**गिरिडीह।** झारखंड सरकार के उच्च शिक्षा एवं तकनीकी विभाग के सचिव राहुल पुरवार शुक्रवार गिरिडीह पहुंचे और सर जेसी बोस विश्वविद्यालय हेतु जमीनों का औचक निरीक्षण समेत राम कृष्ण महिला कॉलेज और गिरिडीह कॉलेज का औचक निरीक्षण किया। शिक्षा सचिव के साथ सदर विधायक सुदिव्य कुमार सोनू, गांडेय विधायक डॉ सरफराज अहमद, डीसी नमन प्रियेश लकड़ा, एसडीएम विशाल दीप खलको, सीओ रवि भूषण प्रसाद आदि मौजूद थे। सबसे पहले उच्च शिक्षा सचिव के सचिव ने विधायक के साथ सर जेसी बोस विश्वविद्यालय को लेकर बदगुंदा पंचायत में जमीन का निरीक्षण किया। जिसके बाद पचंबा के जरीडीह में 75 एकड़ जमीन का निरीक्षण किया गया। इस दौरान सचिव ने डीसी व अन्य अधिकारियों को कई निर्देश दिये। जिसके बाद शिक्षा विभाग के सचिव आरके महिला कॉलेज व गिरिडीह कॉलेज पहुंचे और कॉलेज भवन, पुस्तकालय, कंप्यूटर लैब आदि का औचक निरीक्षण कर वस्तु स्थिति से अवगत हुए।

इस दौरान शिक्षा सचिव ने गिरिडीह कॉलेज कैंपस स्थित आदिवासी छात्रावास बहुउद्देशीय भवनों का भी निरीक्षण किया। मौके पर शिक्षा सचिव राहुल पुरवार ने बताया कि गिरिडीह में उच्च स्तरीय शिक्षा के उद्देश्य को लेकर यहां के दोनों कॉलेजों का निरीक्षण किया गया है। दोनों कॉलेजों में निरीक्षण के क्रम में शिक्षकों की कमी पायी गयी। जिसे जल्द ही दूर किया जायेगा। मौके पर गिरिडीह कॉलेज के प्राचार्य डॉ अजय मुरारी, आरके महिला कॉलेज की प्रायार्या डॉ मधुश्री सन्याल, प्रोफेसर डॉ अनुज कुमार, डॉ सुशील कुमार, डॉ सुनील कुमार, डॉ केएन शर्मा, डॉक्टर नीलम वर्मा, डॉ मिथिलेश कुमार, डॉ एमएन सिंह, डॉ बलभद्र सिंह, प्रोफेसर बीएस त्रिपाठी समेत अन्य प्रोफेसर कर्मी आदि मौजूद थे।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel


वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 23.4 °c | 9.6 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.28 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.32 बजे |



### आइएमएमए के 100, बीसीसीएल स्थापना के 50 वर्ष पूर्ण होने पर संगोष्ठी

# कोयला राष्ट्रीय संपत्ति, बंद हो लूट : राज्यपाल

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** इंडियन माइन मैनेजर्स एसोसिएशन की स्थापना के 100 वर्ष और बीसीसीएल स्थापना के 50 वर्ष पूर्ण होने पर शुक्रवार को धनबाद कोयला नगर स्थित सामुदायिक भवन में खनन उद्योगः चुनौतियां और अवसर विषय पर संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें झारखंड के राज्यपाल रमेश बैस बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। वहीं उनके साथ धनबाद सांसद पशुपतिनाथ सिंह, बीसीसीएल के सीएमडी समिरन दत्ता, आइएमएमए अध्यक्ष केएन सिंह, सिंफर के निर्देशक एके मिश्रा सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे। संगोष्ठी में राज्यपाल ने कहा कि राज्य में अवैध खनन करने में कोयला माफिया काफी सक्रिय हैं। ऐसा नहीं कि इनकी पहचान नहीं हो रही है, लेकिन इन पर कड़ी कार्रवाई करने की जरूरत है। सरकार व जिला प्रशासन, पुलिस को इस पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है।




### झरिया से लोगों को शिफ्ट करना जरूरी : सांसद

सांसद पीएन सिंह ने कहा कि झरिया की आग को काबू किया जा सकता है, लेकिन बुझाया नहीं जा सकता है। इस लिए वहां के लोगों को शिफ्ट करना ही पड़ेगा, ताकि जानमाल की क्षति न हो। साथ ही कोयला जो जल रहा है उसे रोका जा सके। लोगों को सच्चाई कहने में डर लगता है, लेकिन सच्चाई सबके सामने आना चाहिए। सांसद ने कहा कि देश ही नहीं, दुनिया के वैज्ञानिक भी इस पर अपनी राय दे चुके है। उन्होंने कहा कि कोयले की भूमिका देश की तरक्की में अहम है इसलिए कोयले का उत्पादन कैसे हो इस पर ध्यान देना होगा।

### देश की तरक्की में खनन उद्योग की भूमिका अहम

राज्यपाल ने कहा कि देश की तरक्की में खनन उद्योग की काफी अहम भूमिका है। पर काफी दुख की बात है कि आये दिन यह सुनने व पढ़ने को मिलता है कि अवैध खनन के कारण लोगों की जान गयी है। केवल यह माफिया के कारण हो रहा है। इसमें अधिकारियों की मिली भगत की बात सामने आना ठीक नहीं है। यह काफी चिंताजनक है।

### राष्ट्रीय संपत्ति की लूट नहीं होनी चाहिए

राज्यपाल ने कहा कि कोयला देश की राष्ट्रीय संपत्ति है। इस संपत्ति की इस तरह की लूट नहीं होनी चाहिए। कोयला कंपनियों को भी इस पर काम करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि जिन लोगों को इस मंच से सम्मान मिल रहा है। उन्हें भी इस पर ध्यान देना होगा।

### तरक्की के रास्ते पर बीसीसीएल : सीएमडी

बीसीसीएल सीएमडी समीरन दत्ता ने कहा कि बीसीसीएल लगातार चुनौती का सामना करते हुए तरक्की के पथ पर काम कर रहा है। जिस कारण आज यह मिनी रत्न कंपनी बनी है। बीसीसीएल के 50 साल एवं इंडियन माइन मैनेजर्स एसोसिएशन के सौ साल होने पर कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। मौके पर महासचिव आरके शर्मा, बीसीसीएल के तकनीकी निदेशक संजय सिंह, उदय अनंत कावले, पूर्व सीएमडी एके पाल, अशोक महेता, गोपाल सिंह, ए कलाम, डीजीएमएस के पूर्व डीजी आरएन शर्मा, कोल इंडिया के पूर्व निदेशक तकनीकी विनय दयाल, विजय कुमार सिन्हा, उपायुक्त संदीप सिंह, एसएसपी संजीव कुमार,उप विकास आयुक्त शशि प्रकाश सिंह, ग्रामीण एसपी रेष्मा रमेशन,अपर समाहर्ता नंदकिशोर गुप्ता, अनुमंडल पदाधिकारी प्रेम कुमार तिवारी, डीएसपी मुख्यालय-1अमर कुमार पांडेय, डीसीएलआर सतीश चंद्रा, डीटीओ राजेश कुमार सिंह, ट्रैफिक डीएसपी राजेश कुमार सहित तमाम पुलिस व प्रशासनिक पदाधिकारी मौजूद थे।

### रणनीतिः राज्य सरकार के खिलाफ आंदोलन की तैयारी

# प्रदेश भाजपा की देवघर बैठक में तय होगी आंदोलन की रूपरेखा : दीपक प्रकाश

**देवघर में 23-24 जनवरी को आयोजित है दो दिवसीय बैठक**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश ने कहा कि राष्ट्रीय कार्यसमिति की बातों और संकल्पों को जमीन पर उतारने के लिए 23-24 जनवरी को दो दिवसीय बैठक देवघर में आयोजित है। दीपक प्रकाश शुक्रवार को प्रदेश कार्यालय में प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 23 जनवरी को 10 बजे से प्रदेश पदाधिकारी, जिलाध्यक्ष, जिला प्रभारी एवं प्रमुख नेताओं की बैठक होगी। अपराह्न तीन बजे कार्यसमिति बैठक का विधिवत उद्घाटन होगा। सात सत्रों में आयोजित बैठक में राजनीतिक प्रस्ताव के साथ वरिष्ठ नेताओं का मार्गदर्शन होगा। राज्य के वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य पर चर्चा के साथ सांगठनिक मजबूती एवं राज्य सरकार के खिलाफ जोरदार आंदोलन की रूपरेखा भी तय होगी।




### रामगढ़ उपचुनाव में एनडीए उम्मीदवार की होगी जीत

दीपक प्रकाश ने कहा कि रामगढ़ उपचुनाव में एनडीए उम्मीदवार की जीत होगी। उम्मीदवार की अधिकृत घोषणा पर प्रकाश ने कहा कि भाजपा आजसू का पुराना और नैसर्गिक गठबंधन है। झारखंड आंदोलन में दोनों पार्टियों ने साथ-साथ संघर्ष किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा राष्ट्रीय पार्टी है। इसलिए उम्मीदवार की विधिवत घोषणा सही समय पर केंद्रीय नेतृत्व करेगा। वहीं श्री प्रकाश ने दिल्ली में हुई राष्ट्रीय कार्यसमिति बैठक में पारित राजनीतिक प्रस्ताव एवं संकल्पों के संबंध में भी बताया। उन्होंने कहा कि विश्व पटल पर भारत की बढ़ती साख लगातार बढ़ रही है।

एक साल में जी 20,संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद और शंघाई सहयोग संगठन की अध्यक्षता मिलना बताता है कि भारत ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में अपनी ताकत का लोहा पूरी दुनिया को मनवा दिया। इसके अलावा इस वर्ष मोटा अनाज वर्ष घोषित किये जाने पर भी चर्चा हुई। कहा कि बैठक सामाजिक आर्थिक संकल्प व्यक्त करते मोदी सरकार के अंतर्गत गरीबों के अधिकार से सशक्तिकरण की ओर बढ़ते कदम की विस्तृत चर्चा हुई। कोविड चुनौती का प्रभावी प्रबंधन,आर्थिक मोर्चे पर वापसी,आजादी का अमृत महोत्सव, सांस्कृतिक पुनरुद्धार, सभी को न्याय, जीएसटी, मुद्रा योजना, किसानों को समर्थन, डिजिटल इंडिया, मेक इन इंडिया, वोकल फॉर लोकल, आत्मनिर्भर भारत, पीएम गति शक्ति योजना की चर्चा हुई। इस मौके पर मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक एवं प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव भी उपस्थित थे।

# रामगढ़ उपचुनाव को स्वस्थ एवं निष्पक्ष बनाने के लिए आपस में समन्वय स्थापित कर कार्य करें: मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा कि सभी विभाग के पदाधिकारी रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव 2023 को स्वस्थ एवं निष्पक्ष बनाने के लिए आपस में समन्वय स्थापित कर कार्य करें।

उन्होंने कहा कि सभी विभाग निर्वाचन से संबंधित रिपोर्ट को ससमय बना लें एवं अपने द्वारा बनायी गयी रिपोर्ट को समर्पित करते समय आपस में समन्वय अवश्य स्थापित करें। शुक्रवार को के रवि कुमार निर्वाचन आयोग के सभाकक्ष में इलेक्शन एक्सपेंडिचर मॉनिटरिंग से संबंधित राज्य स्तरीय समन्वय बैठक को संबोधित कर रहे थे। के रवि कुमार ने कहा कि चुनाव में कोई भी प्रत्याशी अवैध रूप से अपना चुनाव प्रचार ना कर सके, इसके लिए सरकार के सभी विभागों को सक्रिय होकर आपस में समन्वय स्थापित कर कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि प्रत्याशियों को चुनाव में वैध तरीके से चुनाव प्रचार के लिए राशि स्वीकृत की गयी है। इससे अधिक का खर्च ना करें। इसपर भी सभी संबंधित विभाग अपनी नजर बनाये रखें। राज्य स्तरीय समन्वय बैठक में पुलिस विभाग, आयकर विभाग, परिवहन, गृह कार्य एवं आपदा प्रबंधन विभाग, उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग, वाणिज्य कर विभाग, नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो, बिरसा मुंडा विमानपत्तन, एसएलबीसी, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के पदाधिकारी वरीय डाक अधिकारी राज्य एवं हटिया रेल मंडल के पदाधिकारी उपस्थित थे।



### मुख्यमंत्री 23 जनवरी को सिमडेगा में

रांची (आजाद सिपाही)। खातियानी जोहार यात्रा के दूसरे चरण में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 23 जनवरी को सिमडेगा पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर जिला प्रशासन और झामुमो के कार्यकर्ता तैयारियों में जुट गये हैं। खतियानी जोहार यात्रा का मुख्य कार्यक्रम अल्बर्ट एक्का स्टेडियम और पार्वती इंटर कॉलेज परिसर मैदान में आयोजित है। इसे लेकर स्टेडियम में तैयारियां शुरू कर दी गयी हैं। वहीं मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर प्रशासन सजग है। हालांकि, 22 जनवरी को नक्सलियों के झारखंड बंद को देखते हुए पुलिस मुख्यालय से सभी जिला एसपी को अलर्ट रहने के निर्देश दिये गये हैं।


भाकृअनुप-राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान, कटक-753006 (ओडिशा), भारत
ICAR-NATIONAL RICE RESEARCH INSTITUTE
CUTTACK-753006 (ODISHA), INDIA
PHONE : 0671-2367768-783, FAX : 0671-2367663
Advertisement No. 46/YP/2022-23
Walk-in-Interview is to be held on **03.02.2023** for selection of **one (01) Young Professional-II (YP-II)** at the ICAR-National Rice Research Institute, Cuttack in the scheme **"Accounting greenhouse gases (GHGs) emission and carbon flow in temporal shift of tropical mangrove to agriculture" (EAP-248).** The details regarding essential / desirable qualifications, age, amount of emoluments etc. and other terms and conditions are available in ICAR-NRRI website - https://icar-nrri.in.
PRINCIPAL INVESTIGATOR


# एजुकेशन से जुड़ेगा झारखंड का हर बच्चा, हेमंत सरकार कर रही पहल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** हेमंत सोरेन सरकार हर बच्चे को शिक्षा से जोड़ने की पहल कर रही है। इसके लिए आप शिशु पंजी में नाम जरूर दर्ज करायें। झारखंड में अभी भी ऐसे कई बच्चे हैं, जो विद्यालय नहीं जाते या विद्यालय छोड़ चुके हैं। ऐसे बच्चों की पहचान कर उन्हें विद्यालय से जोड़ना सरकार की प्राथमिकता है। सरकार इसके लिए लगातार प्रयास कर रही है। सरकारी विद्यालयों के शिक्षकों, शिक्षा विभाग के विभिन्न पदाधिकारियों एवं चिह्नित स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों द्वारा प्रत्येक परिवार में जाकर इस आयु वर्ग के स्कूल जाने वाले, नहीं जाने वाले एवं ड्रॉप आउट बच्चों की जानकारी ली जा रही है।





### छह जनवरी से हर परिवार से ली जा रही है जानकारी

झारखंड के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के अंतर्गत समग्र शिक्षा के तहत 03-18 साल के बच्चों के विद्यालय में नामांकित होने या नामांकित नहीं होने तथा विद्यालय से ड्रॉप आउट होने से संबंधित जानकारी लेने के लिए शिशु पंजी अद्यतन, 2022-23 संबंधी कार्य पूरे राज्य में छह जनवरी से निःशुल्क किया जा रहा है। सरकार का उद्देश्य है कि इस आयु वर्ग के सभी बच्चों को अच्छी शिक्षा दी जाये।

### सभी अपनी जिम्मेवारी का करें निर्वहन

सरकारी विद्यालयों के शिक्षकों, शिक्षा विभाग के विभिन्न पदाधिकारियों एवं चिह्नित स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों द्वारा प्रत्येक परिवार में जाकर इस आयु वर्ग के स्कूल जाने वाले, नहीं जाने वाले एवं ड्रॉप आउट बच्चों की जानकारी ली जा रही है। इसके आधार पर सरकार को राज्य में शिक्षा संबंधी आवश्यक नीति निर्माण एवं शिक्षा योजना में सहयोग मिलेगा। इस कार्य में सभी का सहयोग अपेक्षित है। सरकार की कोशिश है कि सभी बच्चों को शिक्षा से जोड़ा जाये।

### अवैध खनन मामले में इडी का नया खुलासा

# काले धन के लेन-देन में लाख का कोड था किलो, डीएमओ ने घी बता किया गुमराह

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** संताल के क्षेत्र में 1000 करोड़ के अवैध खनन मामले में मनी लांड्रिंग के तहत जांच कर रही इडी ने एक नया खुलासा किया है। इडी ने बताया है कि अवैध खनन के रुपये के लेन-देन में कोड वर्ड का इस्तेमाल होता था। लाख के लिए किलो शब्द प्रचलित था। पूजा सिंघल के चार्टेड अकाउंटेंट और डीएमओ की गोपनीय चैट से हुआ खुलासा

साहिबगंज के जिला खनन पदाधिकारी (डीएमओ) विभूति कुमार व निलंबित आइएएस अधिकारी पूजा सिंघल के चार्टर्ड अकाउंटेंट सुमन कुमार के बीच एक वाट्सएप चैट में भी इडी ने कई गोपनीय जानकारियां जुटायी हैं। पिछले 11 दिसंबर की एक चैट में विभूति कुमार ने सुमन कुमार को लिखा था कि 20 किलो की डिलीवरी हो चुकी है और बाकी की डिलीवरी इसी हफ्ते हो जायेगी।




### डीएमओ ने की इडी को गुमराह करने की कोशिश

मनी लांड्रिंग के तहत जांच के दौरान इडी ने जब डीएमओ विभूति कुमार से इस चैट के बारे में जानकारी ली और उक्त कोड के बारे में पूछा तो उसने इडी को गुमराह किया कि सुमन कुमार को शुद्ध घी चाहिए था, इसके लिए उसे 20 किलोग्रामी शुद्ध घी की आपूर्ति की गयी थी। पहले भी उसने घी की आपूर्ति की थी।

### इडी ने पूछा क्या आप डेयरी फार्म चलाते हैं

इडी ने इस झूठ को पकड़ा और विभूति कुमार से पूछा कि क्या वे डेयरी फार्म चलाते हैं जो साहिबगंज से रांची तक घी पहुंचाते हैं। फिर इडी के अधिकारी ने उनके लेन-देन का सबूत दिखाया और इडी को गुमराह नहीं करने की चेतावनी दी, तब विभूति ने स्वीकार किया कि उसने दो बार सुमन सिंह के माध्यम से पूजा सिंघल के लिए राशि की भुगतान की है।

### इडी को शक भुगतान की राशि कहीं अधिक

डीएमओ विभूति कुमार ने इडी के सामने स्वीकार किया है कि उसने तत्कालीन खान एवं भूतत्व विभाग की सचिव पूजा सिंघल को उनके सचिव के कार्यकाल में उनके सीए सुमन कुमार के माध्यम से 25 लाख रुपये का भुगतान किया था। हालांकि, इडी को शक है कि उसने इससे अधिक राशि पूजा सिंघल तक पहुंचाया था।

### इडी ने पूजा सिंघल को किया था गिरफ्तार

मनरेगा घोटाले में मनी लांड्रिंग के तहत जांच के दौरान इडी ने पिछले साल छह मई को पूजा सिंघल व उनसे जुड़े दो दर्जन से अधिक ठिकानों पर छापेमारी की थी, तब उनके चार्टर्ड अकाउंटेंट सुमन कुमार के यहां से 19.76 करोड़ रुपये नकद मिले थे। बाद में सुमन कुमार व आइएएस पूजा सिंघल को भी इडी ने गिरफ्तार किया था। पूजा सिंघल फिलहाल जमानत पर हैं। इसी दौरान पूछताछ के दौरान विभूति कुमार ने अवैध धन के लेन-देन पर कई खुलासे किया है।

### सरकार से भी प्राथमिकी दर्ज करने की हो चुकी है अनुशंसा

इडी ने मनरेगा घोटाले और अवैध खनन के मामले में निलंबित आइएएस अधिकारी पूजा सिंघल, डीएमओ विभूति कुमार सहित कई संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध राज्य सरकार से प्राथमिकी दर्ज कराने की अनुशंसा की थी। हालांकि, अब तक राज्य सरकार की ओर से प्राथमिकी दर्ज नहीं की गयी है।

# हेमंत राज में भ्रष्टाचार का शुद्ध घी खाने-पचाने वाले अब पछता रहे : बाबूलाल



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** बालू, पत्थर और कोयले के बाद झारखंड में शुद्ध देसी घी चर्चा में है। भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि सीएम हेमंत सोरेन ने दो साल में भ्रष्टाचार का ऐसा घी निकाला, जिसे खाने वाले अब पछता रहे हैं। बाबूलाल ने ट्विट करते हुए कहा कि अबतक सुना था कि घी सिर्फ दूध से निकलता है। लेकिन हेमंत सोरेन ने दो साल में पत्थर, बालू, कोयला, जमीन, शराब, ट्रांसफर-पोस्टिंग से ऐसी घी निकाला कि इसे खाने-पचाने वाले किरदारों की जेल के नाम से ही तबीयत बिगड़ जा रही है।

### डीएमओ ने किस-किस को खिलाया है घी यह जल्द आयेगा सामने

बाबूलाल ने कहा कि गैंग्स ऑफ साहिबगंज के एक किरदार माइनिंग अफसर विभूति कुमार देसी घी भी सप्लाई करते थे। प्रवर्तन निदेशालय (इडी) की पूछताछ में मोबाइल चैट के बारे में विभूति ने बताया कि वो सीए सुमन को रांची में शुद्ध घी उपलब्ध करा रहे थे। उन्होंने कहा कि डीएमओ विभूति कुमार ने सीए के अलावे और किस-किस को घी खिलाया है, यह तो जांच में पता चल ही जायेगा।

### सीएम के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक सिद्ध होगा यह घी

उन्होंने कहा कि झारखंड में हेमंत सोरेन की सरकार में कुछ बेइमान अफसरों, दलालों, बिचौलियों ने मिलकर घी खाने-खिलाने का ही तो काम किया है। जैसे-जैसे परतें खुलेंगी, यह घी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक ही सिद्ध होगा। बस आगे-आगे देखते जाइये।

### राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

| राशि | फल |
|---|---|
| मेष | समय अनुकूल है, महत्वपूर्ण काम पूरा होगा, आर्थिक समस्याओं का समाधान मिलेगा। |
| वृष | विरोधियों पर विजय, संकल्पित काम पूरे होंगे, भौतिक सुख-सुविधा बढ़ेगी। |
| मिथुन | वाक-पटुता एवं चतुराई से बिगड़े हुए काम पूरे होंगे, आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी। |
| कर्क | निराशा का समापन, नये लोगों से संपर्क, महिला मित्र के माध्यम से लाभ। |
| सिंह | परिश्रम-प्रयत्न से विपरीत स्थितियों में सुधार, सामयिक-सामाजिक विकास, शत्रुओं पर विजय मिलेगा। |
| कन्या | नयी आशाएं उदित होंगी, धनागम के अवसर बढ़ेंगे, अवसरों का फायदा उठावें। |
| तुला | कर्मक्षेत्र में परिश्रम-संघर्ष अधिक करना पड़ेगा, आर्थिक परेशानी, तनाव-विवाद से कष्ट। |
| वृश्चिक | हर क्षेत्र में सफलता, नवीन व्यापारिक योजना सफल, आर्थिक लाभ होगा। |
| धनु | निराशा दूर होगी, विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास, वांछित उन्नति का मार्ग प्रशस्त होगा। |
| मकर | थोड़े परिश्रम से ही अभीष्ट कार्य सिद्ध होंगे, वाहन सुख, व्यापारिक यात्रा लाभप्रद होगी। |
| कुंभ | अव्यवस्थित दिनचर्या, शारीरिक कष्ट, वाहन दुर्घटना भय, खर्च अधिक होगा। |
| मीन | घरेलू आवश्यकताओं पर अधिक व्यय करना पड़ेगा, मानसिक चिंता बढ़ेगी। |

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल

188100 Subscribers

VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+

Watch Time (HR) 11 Lakh+

YouTube Channel

Subscribe NOW

No 1 Channel


# नौ फरवरी को झारखंड आ सकते हैं मल्लिकार्जुन खड़गे



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे संभवतः नौ फरवरी को झारखंड आयेंगे। वे यहां कार्यक्रम हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम की शुरुआत करेंगे। कार्यक्रम को लेकर पार्टी स्तर पर तैयारी शुरू कर दी गयी है। रांची पहुंचने के बाद श्री खड़गे पार्टी के पदाधिकारियों के साथ बैठक भी करेंगे। पार्टी द्वारा किये जा रहे कार्यक्रमों की भी जानकारी लेंगे। बताया गया कि हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत 26 को दिल्ली में होगी।

रामगढ़ चुनाव की भी घोषणा हो चुकी है। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री खड़गे झारखंड की राजनीति पर लगातार नजर बनाये हुए हैं। बैठकों का दौर लगातार जारी है। प्रदेश कांग्रेस ने रामगढ़ उपचुनाव को लेकर जिला स्तरीय चुनाव संचालन समिति का गठन कर दिया है। पार्टी के सारे पदाधिकारियों की जिम्मेवारी भी तय कर दी गयी है। जिला स्तरीय संचालन समिति का गठन प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे की सहमति के बाद बनायी गयी है।

# बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव 12 फरवरी को रांची आयेंगे



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव 12 फरवरी को रांची आयेंगे। पटना में गोड्डा के पूर्व विधायक और प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के प्रधान महासचिव संजय प्रसाद यादव ने शुक्रवार को बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव से मुलाकात की। मुलाकात कर झारखंड में चल रहे संगठन के गतिविधि और वर्तमान राजनीतिक स्थिति पर विचार विमर्श किया। झारखंड प्रदेश के मुख्य प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार ने बताया कि संगठन को सुदृढ़ और मजबूत करने के लिए बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव 12 फरवरी को आयेंगे। रांची में राजद के विधायक, पूर्व सांसद, पूर्व विधायक सहित सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे। इस दौरान यादव संगठन की स्थिति से भी अवगत होंगे। झारखंड में पंचायत से प्रदेश स्तर पर राजद कैसे मजबूत हो। इस पर मजबूती के लिए बात कर टिप्स देंगे। मुलाकात के दौरान गोड्डा के पूर्व विधायक संजय प्रसाद यादव और बेलहर के विधायक मनोज यादव साथ थे। उप मुख्यमंत्री से मिलने के बाद बिहार सरकार के सहकारिता मंत्री डॉ सुरेंद्र यादव और बिहार के शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर यादव से भी की मुलाकात की। साथ ही झारखंड के सांगठनिक एवं राजनीतिक स्थिति से उन्हें भी अवगत कराया।

# टायो मजदूरों के पीएफ का भुगतान नहीं करने के मामले में हुई सुनवाई

## अगली सुनवाई 17 फरवरी को होगी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** शुक्रवार को जुडिशियल सदस्य रोहित कपूर और तकनीकी सदस्य बलराज जोशी की एनसीएलटी बेंच में रिजोल्यूशन प्रोफेशनल और टायो के निलंबित निदेशकों द्वारा मजदूरों के पीएफ का भुगतान नहीं करने के मामले में मजदूरों द्वारा दायर अवमानना पिटीशन पर सुनवाई हुई। ज्ञातव्य है कि एडजुडिकेटिंग अर्थॉरिटी ने फरवरी 2021 और एनसीएलएटी ने अप्रैल 2021 में रिजोल्यूशन प्रोफेशनल और टायो के निलंबित निदेशकों को मजदूरों के पीएफ का अविलंब भुगतान करने को कहा था, लेकिन रिजोल्यूशन प्रोफेशनल और टायो के निलंबित निदेशकों ने मजदूरों के पीएफ का आज तक भुगतान नहीं किया है। रिजोल्यूशन प्रोफेशनल अपनी नियुक्ति के तुरंत बाद टाटा स्टील के एजेंट के तौर पर काम करना शुरू किया और रिजोल्यूशन प्रक्रिया का न केवल सत्यानाश कर दिया बल्कि टायो के निलंबित निदेशकों के साथ मिलकर मजदूरों को धमकाना शुरू किया कि अगर मजदूर अपना पिटीशन वापस ले लें और टाटा स्टील को टायो की 350 एकड़ जमीन पर कब्जा करने दें तो वे मजदूरों के पीएफ का भुगतान करेंगे। सुनवाई के बाद न्यायालय बेंच ने रिजोल्यूशन प्रोफेशनल को अपना हलफनामा दायर करने को कहा और अगली सुनवाई के लिए 17 फरवरी की तारीख मुकर्रर की। सुनवाई के दौरान मजदूरों के अधिवक्ता अखिलेश श्रीवास्तव ने बेंच को बताया कि अब तक 190 कामगारों के आवेदन में से सिर्फ 15 कामगारों का भुगतान किया गया है और बाकी को गैरवाजिब तरीके से टालमटोल की रणनीति द्वारा उनके भविष्य निधि राशि के भुगतान को रोक दिया गया है। बेंच ने अपने आदेश की अवहेलना के मामले को गंभीरता से लेते हुए रिजोल्यूशन प्रोफेशनल को दो हफ्ते में जवाब दाखिल करने का आदेश दिया है। मजदूरों की तरफ से अधिवक्ता अखिलेश श्रीवास्तव और चार्टर्ड अकाउंटेंट रमेश कुशवाहा ने जिरह किया।

## डॉ विष्णु चरण महतो रांची विवि के अंग्रेजी विभागाध्यक्ष बने

# रांची विवि की डॉ सुप्रिया वीमेंस कॉलेज की प्रभारी प्राचार्य बनीं

## प्रोफेसर डॉ आभा का भी हुआ स्थानांतरण



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची विवि प्रशासन ने गुरुवार को रांची वीमेंस कॉलेज की प्राचार्य डॉ शमशुन नेहार को निलंबन पत्र सौंप दिया। डॉ नेहार अब डोरंडा कॉलेज में उपस्थिति बनायेंगी। निलंबन के बाद इनका मुख्यालय डोरंडा कॉलेज रखा गया है। आर्ट्स ब्लॉक में डॉ नेहार को कॉलेज की शिक्षिकाओं व कर्मचारियों ने विदाई भी दी। इसके साथ ही विवि प्रशासन ने रांची विवि स्नातकोत्तर अंग्रेजी विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ सुप्रिया का स्थानांतरण रांची वीमेंस कॉलेज कर दिया। डॉ सुप्रिया ने योगदान भी कर लिया। योगदान करने के बाद विवि प्रशासन ने उन्हें कॉलेज का वित्तीय भार के साथ प्रभारी प्राचार्य (प्रोफेसर इंचार्ज) बनने का अलग से नोटिफिकेशन गुरुवार को जारी कर दिया। डॉ सुप्रिया शुक्रवार को प्रभारी प्राचार्य का पद संभालेंगी।

वहीं, रांची वीमेंस कॉलेज इतिहास विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ आभा खलखो का स्थानांतरण रांची विवि स्नातकोत्तर इतिहास विभाग में कर दिया गया है। 31 जनवरी को डॉ वासुदेव सिंह के सेवानिवृत्त होने पर उन्हें इतिहास विभागाध्यक्ष सह डीन बनाये जाने की संभावना है। विवि प्रशासन ने स्कूल ऑफ मास कॉम के उपनिदेशक रहे व स्नातकोत्तर अंग्रेजी विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ विष्णु चरण महतो को स्नातकोत्तर अंग्रेजी विभाग का अध्यक्ष बनाया है।

रोटेशन के आधार पर इनका कार्यकाल दो वर्ष का होगा। कुलपति के आदेश पर विवि द्वारा अधिसूचना जारी कर दी गयी है। इधर, मास कॉम विभाग में उपनिदेशक के पद का दायित्व डॉ आशा को दिया जा सकता है।

### विजयता, अली व गजाला को हटाने का निर्देश

राज्यपाल सह कुलाधिपति रमेश बैस के आदेश के आलोक में रांची विवि के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा ने रांची वीमेंस कॉलेज की प्रभारी प्राचार्य डॉ सुप्रिया को बीबीए विभाग में अनुबंध पर कार्यरत असिस्टेंट प्रोफेसर विजयता, तृतीय वर्ग कर्मचारी अली आजाद अंसारी व सीएनडी में गेस्ट फेकल्टी के रूप में कार्यरत गजाला मतीन को तत्काल प्रभाव से हटाने का निर्देश दिया है। विवि प्रशासन द्वारा इससे संबंधित आदेश पत्र प्रभारी प्राचार्य को भेज दिया है।

### 14 कॉलेजों में 75 इंच के इंटरेक्टिव पैनल लगेंगे

रांची विवि अंतर्गत सभी 14 अंगीभूत कॉलेज में 75 इंच के इंटरेक्टिव पैनल दिये जायेंगे। यह पैनल कॉलेज में स्मार्ट क्लास के लिए दिये जा रहे हैं। इसके लिए राज्य सरकार द्वारा प्रति कॉलेज लगभग 20-20 लाख रुपये दिये गये हैं। रांची विवि पर्चेज कमेटी ने इसकी खरीद पर अपनी मुहर लगा दी है। इससे पूर्व विवि प्रशासन ने सभी 22 पीजी विभाग को इंटरेक्टिव पैनल उपलब्ध करा दिया है। कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में मोरहाबादी स्थित डिजिटाइलेशन सेंटर के लिए 10 केवी का ऑनलाइन यूपीएस खरीदने की भी स्वीकृति दी गयी। महिला कॉलेज सिमडेगा में लगभग 47 लाख रुपये के फर्नीचर खरीद की घटनोत्तर स्वीकृति दी गयी। बैठक में एफए देवाशीष गोस्वामी, सीसीडीसी डॉ राजेश कुमार, डॉ एएन शाहदेव, डॉ एमसी मेहता, डॉ बीआर झा, अजय लकड़ा आदि उपस्थित थे।

## रांची मेयर के पद को फिर एसटी करने का विरोध

# गुरु रविदास महासभा ने राजभवन के समक्ष दिया धरना



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड प्रदेश गुरु रविदास महासभा रांची के बैनर तले राजभवन के समक्ष एससी समुदाय के लोगों ने अपनी मांगों को लेकर शुक्रवार को एकदिवसीय धरना दिया। धरने में रांची, हेसाग, मौसीबाड़ी, जगरनाथपुर, डोरंडा, कांटाटोली और अपर बाजार के महिला पुरुष शामिल हुए। इस अवसर पर रविदास महासभा के पूर्व अध्यक्ष सुहैल राम ने कहा कि झामुमो सरकार दलितों को ठगने का काम कर रही है। झारखंड में लगातार अनुसूचित जाति के साथ अत्याचार बढ़ रहा है। सरकार चुप्पी साधे बैठी है। उन्होंने मांग की कि स्थानीय नीति में अनुसूचित जाति को जगह मिलनी चाहिए। आरोप लगाया कि झारखंड सरकार दलितों और पिछड़ों को ठगने का काम कर रही है।

**हेमंत सोरेन ने दलितों के साथ धोखा किया :** सचिव प्रदीप रवि ने कहा कि रांची नगर निगम चुनाव में मेयर का पद अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित किया गया था। इसे हटाकर हेमंत सोरेन ने दलितों के साथ धोखा किया। कहा कि टीएसी की बैठक कर झामुमो ने अनुसूचित जाति के बजाय अनुसूचित जनजाति के लिए मेयर सीट आरक्षित कर दी। सचिव ने कहा कि अगर हमारी मांगें नहीं मानी गयीं तो सड़क से लेकर सदन तक उग्र आंदोलन करेंगे। आरोप लगाया कि राज्य सरकार ने सालों से अनुसूचित जाति आयोग को बंद कर दिया है, जिससे राज्य में दलित समाज पर अत्याचार बढ़ रहे हैं। मौके पर दीपक कुमार रवि, संतोष कुमार रवि, विशाल कुमार, रविदास महासभा के पूर्व अध्यक्ष सुहैल राम,संदीप राम, जगदीश दास, गुड्डू राम समेत सैकड़ों लोग मौजूद थे।

# झारखंड में दुष्कर्म की घटनाएं बढ़ रही हैं: मेयर

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा की राष्ट्रीय मंत्री सह रांची की मेयर डा. आशा लकड़ा ने शुक्रवार को कहा कि झारखंड में दुष्कर्म और मतांतरण का खेल तेजी से बढ़ रहा है।

उन्होंने कहा कि गत बुधवार को धनबाद के गोविंदपुर थाना क्षेत्र में 18 वर्षीय युवती को उसके घर से उठाकर जंगल में चार युवकों ने सामूहिक दुष्कर्म किया। फिर भी पुलिस अब तक आरोपितों को गिरफ्तार नहीं कर पायी है। दूसरी ओर कोडरमा के कोठियार पंचायत के गरडीह टोला में पिछले दिनों लालच देकर हिंदुओं का मतांतरण कराया गया। गरडीह टोला के 25 हिंदू परिवारों ने इसाई धर्म स्वीकार कर लिया। पटना से आये इसाई प्रचारकों ने इस कार्य को अंजाम दिया। फिर भी स्थानीय प्रशासन को इसकी भनक तक नहीं लगी। उन्होंने कहा कि फिलहाल मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन खतियानी जोहार यात्रा के माध्यम से स्वार्थ की राजनीति कर रहे हैं। यदि उन्हें इस राज्य की जनता की तनिक भी चिंता होती तो इन घटनाओं को संज्ञान में लेकर त्वरित कार्रवाई करते।

# युवा राजद ने कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष का पुतला फूंका

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह पर महिला पहलवानों द्वारा लगाये गये आरोपों के बाद देशभर में विरोध-प्रदर्शन जारी है। शुक्रवार को रांची के अलबर्ट एक्का चौक पर झारखंड प्रदेश युवा राष्ट्रीय जनता दल के कार्यकर्ताओं ने संघ के अध्यक्ष का पुतला फूंका। मौके पर युवा राजद के अध्यक्ष रंजन कुमार ने कहा कि जो खिलाड़ी देश को गौरवान्वित करते हैं, उनके साथ ऐसी घटना से पूरा देश शर्मसार है। उन्होंने पीएम मोदी से सांसद को निष्कासित करने व उन्हें गिरफ्तार करने की मांग की। मौके पर युवा राजद के राष्ट्रीय महासचिव विशु विशाल यादव, उज्ज्वल सिंह, प्रदेश महासचिव कमलेश यादव, मंतोष यादव, सुबोध पासवान, शौकत अंसारी, इरफान अंसारी, डॉ मनोज, फरहान खान, धीरेंद्र, गायत्री देवी, धर्मेंद्र सिंह, अजय यादव, मनीषा कुमारी, प्रेम लता देवी, नेहा देवी, संध्या देवी, सुलेखा देवी, तारा देवी, किरण देवी, काजल देवी, सुनीता, पूजा, लीलम, सुशीला देवी, सीमा देवी, अंजू, रजनी आदि मौजूद थे।

# अपार्टमेंट के आउट हाउस में आग लगने से जिंदा जला युवक

## दूसरे युवक की हालत गंभीर

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** बरियातू थाना क्षेत्र स्थित कृष्णा अपार्टमेंट के आउट हाउस में गुरुवार देर रात आग लगने से एक युवक जिंदा जला गया। जबकि दूसरे की हालत गंभीर है। इस आगलगी में आउट हाउस में मौजूद दामोदर लोहरा नामक युवक जिंदा जल गया। दामोदर लोहरा सोनाहातू का रहनेवाला था। वहीं रातू का रहनेवाला अमर तिग्गा नामक युवक की स्थिति गंभीर है। आउटहाउस में आग कैसे लगी है, इसका पता अभी नहीं चल पाया है। पुलिस इसकी जांच कर रही है। पुलिस ने बताया कि एफएसएल की टीम ने भी जांच की है।

### क्या है मामला

जानकारी के अनुसार, दामोदर लोहरा अपने फुफेरे भाई मनोज के साथ कृष्णा अपार्टमेंट के आउटहाउस में ही रहता था। गुरुवार रात करीब 10 बजे दामोदर का दोस्त अमर तिग्गा उससे मिलने आया था। आधे घंटे बाद अचानक आउटहाउस से चीखने की आवाज आने लगी। चीख सुनकर जब लो वहां गये तो देखा कि कमरा धुएं से भरा है। जमीन पर दामोदर मृत पड़ा था। जलने की वजह से उसकी मौत हो गयी थी। वहीं अमर गंभीर रूप से झुलसने के कारण तड़प रहा था। लोगों ने घटना की जानकारी बरियातू पुलिस को दी। सूचना पाकर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। आनन-फानन में अमर को एंबुलेंस से रिम्स ले जाया गया। कमरे के निरीक्षण के दौरान पुलिस ने पाया कि बिजली का तार, पंखा और बेड में आग लगी थी।

# आगामी बजट में व्यापक सुधार का दिया सुझाव

## सामाजिक-आर्थिक एवं संसदीय अध्ययन केंद्र ने मुख्यमंत्री/वित्त मंत्री एवं प्रधान सचिव, वित्त को सौंपा ज्ञापन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सामाजिक-आर्थिक एवं संसदीय अध्ययन केंद्र ने राज्य के मुख्यमंत्री, वित्त मंत्री एवं प्रधान सचिव, वित्त को ज्ञापन सौंपकर अगले वित्तीय वर्ष 2023-24 के बजट में व्यापक सुधार लाने की आवश्यकता बतायी है। ज्ञापन में कहा गया है कि 22 साल का हो जाने के बावजूद झारखंड कई मानकों पर राष्ट्रीय औसत से काफी पीछे है। ऐसे बिंदुओं को ध्यान में रखकर बजट तैयार किया जाय तो यह राज्य तेजी से विकास के पथ पर आगे बढ़ सकता है। इसमें संस्था के अध्यक्ष ओपी लाल अध्यक्ष, उपाध्यक्ष संजय खंडेलवाल, सचिव अयोध्यानाथ मिश्र, संपादक एस किड़ो, और संयुक्त सचिव अमरनाथ झा के हस्ताक्षर से जारी सुझावों में संसाधन अभिवृद्धिः बजट का आधार, केंद्र सरकार से, जनजातीय उपयोजना और बजट विषयक कई चुनौतियां जैसे उप शीर्षकों में अनेक बिंदुओं को समाहित किया गया है।

सुझाव पत्र में इस बात पर जोर दिया गया है कि बजट तैयार करने के पहले ही सावधानी बरतने और प्राथमिकताएं तय कर लेने की जरूरत है। मसलन, लंबित योजनाओं की भौतिक और मौलिक समीक्षा कर ली जाय, ताकि उन पर आनेवाले खर्च का सही-सही आकलन किया जा सके।

# विद्यापति स्मारक समिति का गणतंत्र दिवस समारोह स्थगित

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** विद्यापति स्मारक समिति के आजीवन सदस्य संतन मिश्रा के पौत्र अंकन मिश्रा के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। समिति के सदस्यों ने कार्यालय में दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया।

समिति के अध्यक्ष लेखानंद झा ने कहा कि इस घटना से संपूर्ण विद्यापति स्मारक समिति परिवार में शोक की लहर है, समिति के आजीवन सदस्य के परिवार के बच्चे के असमय निधन से मैं मर्माहत हूं, अतः समिति ने सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया है कि समिति के द्वारा गणतंत्र दिवस के अवसर पर होने वाले झंडोतोलन कार्यक्रम को अस्थागित किया जाता है। उल्लेखनीय है कि अंकन मिश्रा डीएवी हेहल के छठी कक्षा का एक होनहार छात्र था, उसके असमय निधन से पूरे स्कूल और परिवार में शोक की लहर है।

इस शोक सभा में मुख्य रूप से महासचिव उदित नारायण ठाकुर, श्रेष्ठ नारायण ठाकुर, बच्चा राम झा, बी के झा, अमरेंद्र मोहन झा, विद्याकांत झा, रंजीत लाल दास, दिलीप झा, भानु कच्छप, रमेश भारती, संजीव कुमार, संजीव मिश्रा, संतोष झा, श्रीराम मिश्र, कृतेश झा, अशोक मिश्रा आदि मौजूद थे।

# संतरागाछी-अजमेर एक्सप्रेस का मार्ग परिवर्तन करने का आग्रह

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** डीआरयूसीसी सदस्य अरुण कुमार जोशी ने संतरागाछी-अजमेर एक्सप्रेस ट्रेन (ट्रेन संख्या 18009) के मार्ग परिवर्तन करने का आग्रह किया है। इस संबंध में उन्होंने दक्षिण-पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक अर्चना जोशी को पत्र लिखा है। साथ है इसकी प्रतिलिपि रांची रेल मंडल के मंडल रेल प्रबंधक प्रदीप गुप्ता को भेजी है। पत्र में उन्होंने कहा है कि रांची रेल मंडल के डीआरयूसीसी की 13 जुलाई 2022 को संपन्न हुई बैठक में यात्री सुविधा के साथ ही रेलवे के राजस्व संग्रह में वृद्धि के दृष्टिकोण से हमने संतरागाछी-अजमेर एक्सप्रेस ट्रेन का मार्ग परिवर्तन करने का अनुरोध किया था। स्मरणीय है कि वर्तमान में यह ट्रेन एलएचबी कोच से शुरू हुई है। इसमें यात्री भार भी काफी कम है। जिस कारण लगभग सभी श्रेणी में पर्याप्त सीटें खाली ही रह जा रही हैं। जबकि कोटा जानेवाले बहुत से विद्यार्थी राजधानी रांची में हैं।

अजमेर जानेवाले यात्रियों की संख्या भी काफी अधिक है। ऐसे में आवश्यक है कि इस ट्रेन का मार्ग परिवर्तन कर टाटानगर के बाद वाया पुरुलिया, मुरी, रांची, लोहरदगा होकर टोरी में मिलाया जाये। इस ट्रेन का मार्ग परिवर्तित होने से झारखंड की राजधानी रांची से सप्ताह में एक दिन कोटा और अजमेर की ट्रेन की उपलब्धता सुनिश्चित हो पायेगी। मेरा एक बार फिर आग्रह है कि इस ट्रेन का परिचालन प्रायोगिक तौर पर आगामी 6 माह तक रांची होकर किया जाये।

## कार्यक्रम : हरमू मैदान में श्रीराम कथा का छठवां दिन

# प्रभु की भक्ति ही मुक्ति का मार्ग : राजन महाराज



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** हरमू मैदान में चल रहे सप्तदिवसीय श्रीराम कथा के छठवें दिन शुक्रवार को कथा का रसपान कराते हुए कथावाचक परमपूज्य राजन महाराज ने कहा कि प्रभु की भक्ति ही मुक्ति का मार्ग है। राम कहने से तर जायेगा। जो बचपन से भगवान का नाम लेना प्रारंभ नहीं करता, उसका 55 के बाद निकलनेवाला नहीं है। भगवान का नाम लेना स्वाभावजन्य है। संपत्ति बांटने के लिए तो बहुत लोग मिल जायेंगे, जीवन में ध्यान रखें कि आपकी विपत्ति कौन बांट रहा है आपसे। जो स्वामी की अनुपस्थिति को उपस्थिति मानकर स्वयं संस्कार में बना हुआ है यही मनुष्य का सर्वश्रेष्ठ संस्कार है।

कथा की शुरुआत अयोध्या का माहौल भगवान श्रीराम के विरह में शोकाकुल माहौल से प्रारंभ हुई। इस बीच महाराज दशरथ अपने प्राण त्याग देते हैं। श्रीराम के वन की सूचना से भरत व्याकुल हो उठते हैं। यहां महाराज श्री सामाजिक बातों का उल्लेख करते हुए कहते हैं श्राद्धकर्म श्रद्धा का विषय है। आजकल विडंबना है जो लोग ज्यादा पढ़ लिख गये हैं वे इन सब बातों को ढकोसला मानते हैं। विचार करें, मनुष्य कहां जा रहा है। आप बच्चों को खूब पढ़ायें लेकिन इस पढ़ाई के साथ अपनी संस्कृति से भी बच्चों को जोड़ने का प्रयास कीजिए। आप यदि श्रद्धा से व्यवहार करेंगे तो आपको देखकर आपकी संतान भी करेगी अन्यथा आनेवाला समय विकराल होनेवाला है। कथा के मुख्य यजमान प्रेमचंद श्रीवास्तव, पत्नी उर्मिला श्रीवास्तव, दैनिक यजवान नेमीचंद अग्रवाल चंद्रकांत रायपत, राम किशोर कुंवर, मदन लखोटिया, ओमकार गुप्ता (बोकारो) राजीव अग्रवाल (रामगढ़) से इन सभी लोगों ने व्यास पूजन, गुरु पूजन किया व अभिनंदन व स्वागत के साथ आरती की। प्रवक्ता प्रमोद सारस्वत ने बताया कि सप्तदिवसीय रामकथा के अंतिम दिन कथा दोपहर 12:30 बजे से 4 बजे तक होगी।

**रक्तदान शिविर का आयोजन**

कथा स्थल में सुबह 11 बजे से रक्तदान शिविरह्णका आयोजन श्री राम कथा आयोजन समिति के सानिध्य में किया गय। रक्तदान शिविर में नागरमल मोदी सेवा सदन एवं सदर हॉस्पिटल के डॉक्टर की टीम ने अपना योगदान दिया। जबकि मारवाड़ी युवा मंच के सदस्यों ने रक्तदान शिविर का संचालन किया। कथा स्थल व्यास पीठ पर रघुनाथ पांडेय, वीरेंद्र विमल, अतुल गेरा, प्रमोद कुमार पांडे, अरुण कुमार छपरिया, दीपक प्रकाश सहित काफी लोगों ने मारा श्री से आशीर्वाद प्राप्त किया। कथा स्थल पर मुख्य संयोजक प्रकाश धेलिया, संयोजक मनीष साहू, प्रवक्ता प्रमोद सारस्वत, बसंत शर्मा, नेमीचंद अग्रवाल, आनंद माणिक, सज्जन पडिया, दीपक पाठक, श्रवण अग्रवाल, राजू यादव सहित काफी संख्या में सदस्य अपनी सेवा दे रहे थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### समय से पहले साहिबगंज पहुंचा गंगा विलास क्रूज, सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम



**रांची (आजाद सिपाही)।** दुनिया की सबसे लंबी नदी यात्रा पर निकले क्रूज एमवी गंगा विलास शुक्रवार की देर शाम 6 बज कर 20 मिनट पर साहिबगंज के समदा में बने बंदरगाह पर पहुंचा, जहां क्रूज को रिसीव करने के लिए साहिबगंज डीसी रामनिवास यादव स्वयं पहुंचे। पिछले दिनों प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी से इसे हरी झंडी दिखा कर रवाना किया था। बता दें कि क्रूज रात भर बंदरगाह के समीप बीच नदी में रुकेगा, जिसके लिए जिला प्रशासन द्वारा सुरक्षा के पूरे इंतजाम किये गये हैं। सुबह सभी यात्रियों का स्वागत कार्यक्रम है। यदि यात्री किसी पर्यटन क्षेत्र घूमने की इच्छा जताएंगे तो जिला प्रशासन द्वारा व्यवस्था की जायेगी। इधर पुरानी साहिबगंज घाट में क्रूज को देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। यह क्रूज 51 दिनों के सफर पर है और डिब्रूगढ़ उसका अंतिम पड़ाव होगा। एमवी गंगा विलास क्रूज 62 मीटर लंबा और 12 मीटर चौड़ा है। इसमें तीन डेक हैं और 36 पर्यटकों की क्षमता वाले 18 सुइट्स हैं। क्रूज में स्विट्जरलैंड के 32 पर्यटक, वाराणसी से डिब्रूगढ़ की यात्रा पर हैं। यह क्रूज 23 जनवरी को पहुंचने वाला था, लेकिन यह समय से पूर्व ही पहुंच चुका है। उपायुक्त ने कहा कि गंगा विलास क्रूज की सुरक्षा के लिए बंदरगाह के पास इंतजाम किया गया है। रात भर पुलिस और पदाधिकारी सुरक्षा में तैनात रहेंगे। लाइट की व्यवस्था की गयी है। आने में शाम हो जाने से उन लोगों का स्वागत कार्यक्रम नहीं हो सका है। सुबह 8:30 बजे कार्यक्रम किया जायेगा। उनकी इच्छा होगी कि जिला के ऐतिहासिक स्थल का भ्रमण करने की तो उसकी पूरी सुरक्षा के साथ व्यवस्था की जायेगी।

### राहुल गांधी के मामले पर रांची सिविल कोर्ट में सुनवाई आज, जारी किया है नोटिस

**रांची (आजाद सिपाही)।** कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और वायनाड सांसद राहुल गांधी के मामले में शनिवार को रांची सिविल कोर्ट में सुनवाई होगी। रांची सिविल कोर्ट ने उन्हें नोटिस जारी किया है। यह जानकारी शिकायतकर्ता नवीन झा के अधिवक्ता विनोद साहू ने दी। रांची सिविल कोर्ट की न्यायिक दंडाधिकारी अनामिका किस्कु की कोर्ट ने उन्हें वर्ष 2018 से जुड़े एक मामले में नोटिस जारी किया है। नवीन झा ने राहुल गांधी के खिलाफ एक शिकायतवाद दर्ज करवाई है, जिसमें उन्होंने कहा है कि राहुल गांधी ने अमित शाह के खिलाफ आपत्तिजनक बयान देने का आरोप लगाया है। नोटिस जारी होने के बाद राहुल गांधी की ओर से झारखंड हाइकोर्ट में आइए (हस्तक्षेप याचिका) दाखिल की गयी है, जिस पर अभी सुनवाई नहीं हुई है।

### अंतर आवासीय एवं बोर्डिंग प्रशिक्षण केंद्र खेल प्रतियोगिता आज से

**रांची (आजाद सिपाही)।** अंतर आवासीय एवं बोर्डिंग प्रशिक्षण केंद्र खेल प्रतियोगिता 21 जनवरी से 25 जनवरी तक होगी। शुक्रवार को खेलकूद एवं युवा कार्य निदेशालय की निदेशक सरोजिनी लकड़ा की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक के बाद उन्होंने प्रेस से बताया कि इस वर्ष छह खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। इसमें हॉकी, फुटबॉल, एथलेटिक्स, वॉलीबॉल, तीरंदाजी एवं बैडमिंटन शामिल हैं। इससे 137 प्रशिक्षण केंद्रों से 2616 प्रतिभागी भाग ले रहे है। बालक वर्ग में 1407 एवं बालिका वर्ग में 1209; प्रतिभागी शामिल है। इस प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले डे बोर्डिंग प्रशिक्षण केंद्रों के खिलाड़ियों को आवासीय क्रीडा प्रशिक्षण के खिलाड़ियों को सेंटर ऑफ एक्सलेस (एकलव्य केंद्र) में प्रवेश देने पर विचार किया गया। बताय कि खेल प्रतियोगिता के उद्घाटन भी अलग- अलग करने की कोशिश की गई है। निर्देशक से बताया हर खेल का अलग अलग उद्घाटन उस खेल से जुड़े खिलाड़ी करेंगे। समापन समारोह में खेल मंत्री हफिजुल हसन शामिल होंगे। सभी खिलाड़ियों के रहने और खाने पीने की व्यवस्था मेगा स्वीट्स कॉम्पलेक्स होटवार और मोरहाबादी स्थित फुटबॉल और हॉकी स्टेडियम में की गयी है।

### बच्चू यादव को हाइकोर्ट से मिली बेल

**रांची (आजाद सिपाही)।** बच्चू यादव की जमानत याचिका पर झारखंड हाइकोर्ट में शुक्रवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने उसे जमानत की सुविधा प्रदान कर दी है। अदालत ने दोनों पक्षों की ओर से बहस सुनने के बाद बेल अर्जी पर अपना फैसला सुनाया है। झारखंड हाइकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस राजेश शंकर की कोर्ट में बच्चू की याचिका पर सुनवाई हुई। यह मामला आर्म्स एक्ट से जुड़ा हुआ है। प्राथमिकी के मुताबिक, साहिबगंज के शुक्र बाजार में बच्चू यादव और दाहू यादव ने गोलीबारी की थी। इसमें साहेबगंज के मुफस्सिल थाना में कांड संख्या 29/2022 दर्ज की गयी है। इससे पहले निचली अदालत ने इस केस में बच्चू को जमानत देने से इनकार कर दिया था। इस केस में दाहू यादव और मुनीम यादव भी आरोपी हैं। बता दें कि बच्चू यादव मनी लॉन्ड्रिंग केस में भी आरोपी है। फिलहाल वह न्यायिक हिरासत में है।

### केंद्रीय ग्रामीण विकास सचिव का खूंटी दौरा आज

**रांची (आजाद सिपाही)।** केंद्रीय ग्रामीण विकास सचिव शैलेश कुमार शनिवार को नई दिल्ली से रांची आयेंगे। केंद्रीय सचिव रांची आने के बाद खूंटी जिले का भ्रमण करेंगे। वहां ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं की स्थिति से अवगत होंगे। मनरेगा, पीएम आवास सहित अन्य योजनाओं की भी जानकारी लेंगे। केंद्रीय सचिव के भ्रमण को देखते हुए खूंटी जिले के अधिकारियों को भी आवश्यक तैयारी रखने का निर्देश दिया गया है।

### कांग्रेस के बढ़ते जनाधार को देखते हुए बौखला गये हैं भाजपाई : ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड प्रदेश कमेटी के उपाध्यक्ष सह झारखंड प्रदेश कांग्रेस अनुशासन समिति के चेयरमैन ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह ने शुक्रवार को कहा कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव सह त्रिपुरा के प्रभारी डॉ अजय कुमार पर जानलेवा हमला निंदनीय एवं शर्मनाक बताया है। श्री सिंह ने कहा कि त्रिपुरा में डॉ अजय कुमार के कुशल नेतृत्व व कांग्रेस के बढ़ते जनाधार को देखते हुए भाजपा गुंडागर्दी पर उतारू हो गयी है। उक्त घटना त्रिपुरा के मंत्री शांतनु चौधरी के इशारे पर की गयी और भाजपा ने इस प्रकार घिनोना कृत्य कर घटिया मानसिकता का परिचय दिया है। उन्होंने कहा कि हमारे नेता राहुल गांधी ने कन्याकुमारी से कश्मीर तक आयोजित भारत जोड़ो यात्रा के माध्यम से देश में प्रेम,सद्भावना और भाईचारा का संदेश देने के साथ-साथ सभी को एकसूत्र में बांधने का ऐतिहासिक पहल किया है। निश्चित रूप से विभिन्न राज्यों में हो रहे चुनाव के साथ-साथ 2024 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी ऐतिहासिक जीत दर्ज करेंगी।

# एचसीजी अब्दुर्रज्जाक अंसारी कैंसर अस्पताल में ऑन्कोलॉजी टीम

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** एचसीजी अब्दुर्र रज्जाक अंसारी कैंसर अस्पताल, रांची, झारखंड राज्य में 14 से अधिक वर्षों से व्यापक और सुलभ कैंसर इलाज प्रदान करते आ रही है। अब अत्याधुनिक तरीकों के साथ एक मजबूत अनुभवी टीम के द्वारा व्यापक कैंसर देखभाल प्रदान करने के लिए तैयार है। इसमें अनुभवी प्रतिष्ठित डॉ अमर प्रेम सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट, डॉ संदीप कुमार सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट, डॉ चंद्रशेखर प्रसाद मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट, डॉ अभिमन्यु कदापथरी सिर-गर्दन ओंकोसर्जन, डॉ सतीश शर्मा मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट, डॉ नीरू ज्योत्सना न्यूक्लियर मेडिसिन विशेषज्ञ, डॉ अभिषेक कुमार पीडियाट्रिक ऑन्कोलॉजिस्ट हैं।




उच्च योग्य और अनुभवी डॉक्टरों की टीम एक छत के नीचे व्यापक उपचार और कैंसर देखभाल सुविधाओं की पेशकश कर रही है। जिसमें नयी तकनीकों और प्रसिद्ध ऑन्कोलॉजिस्ट की मदद से कैंसर रोगियों को उनकी चिकित्सा विशेषज्ञता और बहुआयामी उपचार दृष्टिकोण से लाभान्वित किया जायेगा।

डॉ अफताब आलम अंसारी, जिनको 12 से अधिक वर्षों के अनुभव के साथ बिहार, झारखंड और पूर्वी भारत के क्षेत्रों में प्रतिष्ठित रेडिएशन ऑन्कोलॉजिस्ट में से एक हैं। डॉ अमर प्रेम, एक सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट, जिन्हें एचपीबी दुर्भावनाओं, न्यूनतम इनवेसिव कोलोरेक्टल कैंसर सर्जरी, सीआरएस+एचआइपीइसी सर्जरी में विशेषज्ञता के साथ 6 साल से अधिक का अनुभव है।

डॉ संदीप कुमार एक सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट, जो अपने अनुभव के केवल तीन वर्षों में लगभग 1000 से अधिक मरीजों का उपचार किया हैं।

डॉ अभिमन्यु कदापथरी, एक अनुभवी सिर और गर्दन के ओंकोसर्जन जिन्होंने बड़ी संख्या में ओपन, एंडोस्कोपिक, लेजर, और रोबोटिक प्रक्रिया के द्वारा अनेक मरीजों का सफलतापूर्वक ऑपरेशन किया है।

डॉ चंद्रशेखर प्रसाद सिंह, एक मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट, जिन्हें नौ वर्षों से अधिक के अनुभव के साथ स्तन, थोरैसिक और जीआइ कैंसर से संबंधित मरीजों के उपचार के लिए विशेषज्ञता प्राप्त है। डॉ सतीश शर्मा, आठ से अधिक वर्षों के अनुभव के साथ, कीमोथेरेपी, लक्षित चिकित्सा, इम्यूनोथेरेपी और हार्मोन थेरेपी जैसे प्रमुख प्रणालीगत उपचारों में विशेषज्ञता के साथ एक कंसलटेंट मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट हैं। उनकी रुचि के प्राथमिक क्षेत्रों में स्तन कैंसर, फेफड़ों के कैंसर, गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल कैंसर, स्त्री रोग संबंधी कैंसर, ल्यूकेमिया और लिम्फोमा का प्रबंधन शामिल है।

डॉ नीरू ज्योत्सना, एक परमाणु चिकित्सा विशेषज्ञ, साथ ही ऑन्कोलॉजिकल और गैर-ऑन्कोलॉजिकल संकेतों के लिए पीइटी/सीटी इमेजिंग करने में विशेषज्ञ। डॉ अभिषेक कुमार बाल चिकित्सा ऑन्कोलॉजिस्ट हैं, जो ठोस और हेमेटोलॉजिकल विकृतियों के इलाज में विशेषज्ञता रखते हैं, उनके विशेषज्ञ डोमेन बचपन के ल्यूकेमिया, लिम्फोमा, ब्रेन ट्यूमर, विल्म्स ट्यूमर, न्यूरोब्लास्टोमा, सारकोमा, हड्डी ट्यूमर और अन्य ठोस ट्यूमर में निहित हैं। सईद अहमद अंसारी (कार्यकारी निर्देशक) ने कहा कि एचसीजी अब्दुर्र रज्जाक अंसारी कैंसर अस्पताल ने इस क्षेत्र में अंतिम सीमा तक पहुंचने वाली सभी प्रकार के कैंसर की देखभाल को प्रदान करने की दृष्टि के साथ अपनी अनुभवी टीम और अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों को मजबूत किया है।

प्रतीक जैन (रीजनल बिजनेस हेड - पूर्व व आ.प्र.) ने कहा कि इस क्षेत्र में एचसीजी हमेशा नयी तकनीक और अनुभवी प्रतिभा लाने में सबसे आगे है। हमारी दृष्टि मजबूत कैंसर रोकथाम और उपचार सेवाएं प्रदान करना है। ऑन्कोलॉजिस्ट की एक विशेषज्ञ टीम की शुरुआत के साथ, सभी आयु, समूह और सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि के रोगी, रांची और आसपास के क्षेत्रों में सर्वोत्तम परामर्श और उपचार का लाभ उठा सकते हैं। एचसीजी अब्दुर्र रज्जाक अंसारी कैंसर अस्पताल, रांची के मुख्य परिचालन अधिकारीमहेर खत्री ने कहा कि हम अनुभवी चिकित्सकों की टीम का स्वागत करते हुए प्रसन्न हैं, और हमें यकीन है कि कैंसर रोगियों को उनकी विशेषज्ञता से लाभ होगा और वे उपचार परिणाम प्राप्त करेंगे।

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति और क्रियान्वयन विषय पर बैठक का आयोजन

# हमें बेहतर समाज निर्माण के लिए अपने कर्तव्यों का बखूबी पालन करना होगा : डॉ कृष्ण गोपाल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** विद्या भारती उच्च शिक्षा संस्थान द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति और क्रियान्वयन विषय पर आयोजित बैठक, आदित्य प्रकाश जलान टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, कृष्ण चंद्र गांधी शैक्षिक नगर, कुदलुम रांची के सभागार में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह सरकार्यवाह डॉ कृष्ण गोपाल की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। बैठक में राज्य के सभी सरकारी निजी विश्वविद्यालयों सहित सभी शिक्षण संस्थानों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन के लिए विचार विमर्श किये गये। सह सरकारवाह डॉ कृष्ण गोपाल ने राज्य के सभी विश्वविद्यालय के कुलपतियों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समाज कर्तव्य केंद्रित न होकर अधिकार केंद्रित हो गया है। हमें बेहतर समाज निर्माण के लिए अपने कर्तव्यों का बखूबी पालन करना होगा। कर्तव्यों के बखूबी पालन से ही अधिकारों की प्राप्ति संभव हो सकती है। नयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति का मुख्य उद्देश्य भारतीय ज्ञान परंपरा के साथ-साथ भारतीय जीवन मूल्यों को अपनाते हुए राष्ट्र के लिए उपयोगी कर्तव्यनिष्ठ नागरिक निर्माण करना है। भारतीय शिक्षा दर्शन आध्यात्म आधारित एवं ऋषि आधारित है। शिक्षा का



वास्तविक उद्देश्य ज्ञान, शील, प्रेमभाव से युक्त व्यक्ति के व्यक्तित्व व चरित्र का निर्माण करना है। उन्होंने कहा कि ज्ञान के विविध क्षेत्रों में भारतीय ज्ञान की अपनी विशेष विशेषता रही है, जिससे हमारे शिक्षकों और छात्रों को अभी तक अनभिज्ञ रखा गया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के सफल क्रियान्वयन के लिए सभी शैक्षिक संस्थानों की आपसी समुचित सहभागिता आवश्यक है।

बैठक में झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर क्षिति भूषण दास ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन के संदर्भ में अपनी राय रखते हुए कहा कि इंडिया सेंट्रिक एजुकेशन के लिए अंडरस्टैंडिंग इंडिया यानी भारत को जाने विषय को सभी विश्वविद्यालयों के पाठ्यक्रम में आवश्यक रूप से शामिल करते हुए लागू किया जाना चाहिए। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के कई महत्वपूर्ण बिंदुओं की विशेषताओं की चर्चा करते हुए कहा कि शिक्षकों को प्रेम, लगाव, आत्मीयता के भाव के साथ अपने छात्रों के समक्ष ज्ञान का प्रस्तुतीकरण करना चाहिए।

सरला बिरला विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर गोपाल पाठक ने अपने विश्वविद्यालय में एनइपी के क्रियान्वयन से संबंधित कार्यों की जानकारी देते हुए अकादमिक क्रेडिट ट्रांसफर के बारे में अपने महत्वपूर्ण सुझाव दिये। शिक्षकों और छात्रों के बीच बढ़ती दूरी को चिंताजनक बताते हुए उन्होंने छात्रों में ज्ञानार्जन के लिए शत प्रतिशत कक्षाएं संचालित किये जाने की बात कही।

डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय रांची के कुलपति प्रोफेसर तपन कुमार शांडिल्य ने भारतीय अर्थशास्त्र की चर्चा करते हुए कहा कि भारतीय अर्थशास्त्र खूब कमाओ, कम से कम खर्च करो के सिद्धांत को अपनाते हुए मितव्ययी होने की प्रेरणा देती है, जबकि पाश्चात अर्थशास्त्र ऋणम कृत्वा घृतम पिवेत के सिद्धांत को अपनाने की पक्षधर है।

बैठक में सरला बिरला विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर गोपाल पाठक, झारखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो विजय कुमार पांडेय, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर तपन कुमार शांडिल्य, सरला बिरला विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो विजय कुमार सिंह, जेयूटी के कुलसचिव डॉ अमर कुमार चौधरी, पूर्व कुलपति प्रो अंजनी श्रीवास्तव, विद्या भारती के संगठन मंत्री ख्यालीराम, आदित्य प्रकाश जालान बीएड कॉलेज के अध्यक्ष रामअवतार नरसरिया, आदित्य प्रकाश जालान बीएड कॉलेज के सचिव भानु प्रकाश जालान, उषा मार्टिन विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ अनिल कुमार मिश्रा, आदित्य प्रकाश जालान टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ रामकेश पांडेय, सरला बिरला विश्वविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ भारद्वाज शुक्ल आदि उपस्थित थे।

# आज ऊर्जा मेला में उपभोक्ताओं की सभी समस्याओं का समाधान करेगा जेबीवीएनएल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के रांची विद्युत आपूर्ति क्षेत्र की ओर से ऊर्जा मेला का आयोजन किया जा रहा है। ऊर्जा मेला का आयोजन 21 जनवरी को किया जायेगा, जहां उपभोक्ताओं को बिजली कनेक्शन से लेकर बिल जमा करने तक की सारी जानकारियां दी जायेगी। वहीं, उपभोक्ताओं के समस्याओं को समाधान भी किया जायेगा। मेला का आयोजन रांची विद्युत आपूर्ति क्षेत्र के पांच जिलों में किया जायेगा, जिसमें रांची, खूंटी, गुमला, सिमडेगा और लोहरदगा शामिल है।

**इन इन इलाकों में लगेगा मेला :** निगम ने इसके लिये अलग अलग इलाके चिन्हित किये है, जिसमें डोरंडा डिवीजन में भवानीपुर मैदान, झंडा चैक डोरंडा, सतरंजी पेट्रोल पंप के निकट मेला लगाया जायेगा. कोकर डिवीजन में कोकर बिजली ऑफिस, हरिओम टॉवर, विद्युत सबस्टेशन, मोरहाबादी। न्यू कैपिटल डिवीजन में मारवाड़ी स्कूल, शहीद चैक, पिठोरिया हाईस्कूल में मेला लगेगा। रांची सेंट्रल डिवीजन में गुरुनानाक स्कूल के निकट, विद्युत सबस्टेशन पुंदाग, विद्युत सबस्टेशन हरमू। रांची पूर्वी सब डिवीजन में विद्युत सबस्टेशन, सिकिदरी, अनगड़ा बाजार, तमाड़ चैक, रांची पश्चिमी में पंचायत सचिवालय सुंडिल, नगड़ी बाजार, मुड़मा बाजार मांडर, खूंटी सर्किल के पास खूंटी ब्लॉक कैंपस, तोरपा कैंपस में मेला आयोजित किया जायेगा। गुमला में पटेल चैक गुमला, विशुनपुर ब्लॉक चैक कैंपस, एनएचपीसी मैदान कोनबिर बसिया. लोहरदगा में कुडू बिजली ऑफिस, विद्युत सबस्टेशन लोहरदगा मेला आयोजित किया जायेगा।

**इन समस्याओं का समाधान किया जायेगा :** सरकार द्वारा दिये जा रहे 100 यूनिट मुफ्त बिजली की सुविधा का लाभ लेने के लिये मीटर लगाने के संबध मे जानकारी, नया विद्युत संबंध लेने से संबंधित मामला, लोड बढ़ने से संबधित मामला, कृषि कार्य के लिये नया विद्युत संबंध, बिजली बिल सुधार से संबंधित मामला। बिजली बिल नहीं मिलने की शिकायत। खराब या जले मीटर को बदलने के संबंधित मामला। ट्रांसफार्मर जलने या खराब होने की शिकायत, लो मोल्टेज की शिकायत। पोलया तार की आवश्यकता से संबंधित आवेदन। संबधित अन्य समस्याओं का समाधान किया जायेगा।

# सरला बिरला पब्लिक स्कूल में वार्षिक खेल-दिवस उड़ान-2023

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल में 20 दिसंबर को 14वें स्थापना दिवस के अवसर पर वार्षिक खेल-दिवस उड़ान-2023 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कर्नल प्रियदर्षिनी अमित, एसएम डेप्युटी कमांडर, गेस्ट ऑफ ऑनर सतबीर सिंह सहोता, असिस्टेंट एरिया डाईरेक्टर, स्पेशल ओलंपिक्स, झारखण्ड और मुकेश कंचन, दिव्यांग क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ऑफ इंडिया के प्रेसीडेंट तथा अन्य गणमान्य अतिथि इस अवसर पर उपस्थित थे। आकर्षक मार्च पास्ट के पूर्व स्वागत गीत गाया गया। प्रधानाचार्या ने अतिथियों का अभिनंदन किया। विद्यालय ध्वज फहराने के पश्चात खिलाड़ियों को खेल भावना की शपथ दिलायी गयी और मशाल जला कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। तालियों की गड़गड़ाहट से कार्यक्रम का जोरदार शुभारंभ किया गया। 100 मीटर रेस, पिरामिड रेस, बैलून रेस, और बास्केट रेस में छात्र-छात्राओं ने बराबरी से भाग लिया। विभिन्न




प्रतिभागियों ने जब दौड़ प्रतियोगिता आरंभ की तो वातावरण हर्षध्वनि एवं तालियों से गूंज उठा। खेल प्रतियोगिताओं के अतिरिक्त सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। छात्रों ने शाइनिंग स्टार, लक्ष्य, जुंबा नृत्य और ज्वॉय डी विवेर डांस प्रस्तुति दी। अभिभावकों ने बड़े जोश एवं उत्साह के साथ बास्केट रेस में भाग लिया और आकर्षक पुरस्कार जीते। शिक्षकों ने 100 मीटर रेस और म्यूजिकल चेयर में हर्षोल्लास से भाग लिया। इसके बाद पुरस्कार वितरण समारोह में विजयी प्रतिभागियों को मेडल और ट्रॉफियां प्रदान की गयीं। धन्यवाद ज्ञापन एवं राष्ट्रगान के पश्चात कार्यक्रम समापन की उद्घोषणा की गयी। खेलकूद में सामवेद हाउस को बेस्ट हाउस घोषित किया गया। कक्षा तृतीय से पंचम कक्षा में कक्षा पांच के आरव कुमार एवं स्नेहिल उपाध्याय को बेस्ट एथलीट, छठवीं से आठवीं कक्षा से आठवीं कक्षा तक में सातवी कक्षा के आयुष लोहरा एवं भव्या सिंह को बेस्ट एथलीट, नवम से 12वीं कक्षा में 12वीं कक्षा के आदित्यवीर एवं ग्यारहवी कक्षा की सरिष्ठा श्रेया को बेस्ट एथलीट चुना गया। इस अवसर पर नेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप में सेकेंड रनरअप ऋषिता चैधरी को विद्यालय ने ट्रॉफी और नगद राशि देकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि कर्नल प्रियदर्शनी अमित ने कहा कि विद्यालय के प्रत्येक कार्यक्रम से प्रभावित हुआ। इतने कम समय में ही इसने अपना सर्वांगीण विकास किया है। हम सब इस बात से आश्वस्त हैं कि बच्चों का भविष्य सुरक्षित हाथों में है। सतबीर सिंह सहोता ने विद्यालय के कार्यक्रम की प्रशंसा की। विद्यालय के कार्मिक एवं प्रशासनिक प्रमुख डॉ प्रदीप वर्मा ने शानदार प्रस्तुति के लिए विद्यालय प्रबंधन शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की सराहना की। प्राचार्या परमजीत कौर ने कहा कि हम छात्रों का समग्र विकास चाहते हैं अतः उनके सर्वांगीण विकास के लिए उन्हें अनुभव एवं कला पर आधारित शिक्षा प्रदान करते हैं।

# शारदा ग्लोबल स्कूल के 23 बच्चों को जीके ओलंपियाड में स्वर्ण पदक



**रांची (आजाद सिपाही)।** शारदा ग्लोबल स्कूल में (2022-23) एसओएफ के अंतर्गत सामान्य ज्ञान ओलंपियाड में 23 बच्चों ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। आठवीं कक्षा के लक्ष्य सक्सेना ने जोनल में टॉप कर स्वर्ण पदक प्राप्त किया। वहीं तीसरी कक्षा के आयुष्मान वर्मन तथा कवीश कुमार ने डिस्टिंक्शन के लिए स्वर्ण पदक प्राप्त किया। विद्यालय की डायरेक्टर एकेडमिक डॉ रंजना स्वरूप ने बच्चों की इस सफलता के लिए बहुत-बहुत बधाई दी है। प्राचार्या जसमीत कौर ने बच्चों की सफलता का श्रेय उनकी लगन तथा मेहनत को देते हुए विद्यालय के अन्य बच्चों को भी प्रोत्साहित किया।

G20
उत्तर रेलवे
आज़ादी का अमृत महोत्सव
**निविदा सूचना**
**इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई–प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**
भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली–110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिये ई–निविदा आमंत्रित की जाती है:–

| क्र0 सं0 | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 04220084 | आयल सर्वो सिस्टम - 68 | 28646 लीटर | 17.02.23 |
| 02 | 16220115A | लेवलिंग वाल्व | 511 नग | 17.02.23 |
| 03 | 77235048 | मैन्युफैक्चरिंग एंड सप्लाई ऑफ बलों एल्युमीनियम पाउडर | 597.24 एमटी | 20.02.23 |
| 04 | 07223463A | बॉडी टू बोगी कनेक्टिंग स्विंगिंग लिंक फॉर एल एच बी कोचेस | 10495 नग | 17.03.23 |

निविदा शर्तें: 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।
टेंडर नोटिस सं0 80/2022–2023 दिनांक: 20.01.2023
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ
227/23

# घेरे में कुश्ती महासंघ

अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में मेडल जीत कर देश का नाम ऊंचा करने वाले पहलवान जिस तरह से राजधानी के जंतर-मंतर में धरने पर बैठे हैं, वह हमारे देश में खेल प्रबंधन पर बेहद कड़वी टिप्पणी है। वर्ल्ड चैंपियनशिप, कॉमनवेल्थ गेम्स और एशियन गेम्स में मेडल जीत चुकी पहलवान विनेश फोगाट और उनके साथ खड़े साथी पहलवानों का यह आरोप बहुत गंभीर है कि रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (डब्ल्यूएफआइ) के अध्यक्ष समेत कई कोच महिला खिलाड़ियों का यौन शोषण करते हैं। ध्यान रहे, भारतीय खेल जगत में ऐसे आरोप पहली बार नहीं लगाये जा रहे। बास्केटबॉल, टेनिस, हॉकी, एथलेटिक्स में करियर बनाने की कोशिश कर रही कई महिला खिलाड़ियों ने समय-समय पर ऐसी शिकायतें की हैं। ऐसे में कुश्ती संघ के ताजा मामले को हलके में नहीं लिया जा सकता। वैसे, डब्ल्यूएफआइ के अध्यक्ष ने इन आरोपों को गलत बताया है। सच यह भी है कि मामले की जांच होने तक किसी को भी दोषी नहीं ठहराया जा सकता, लेकिन यह कैसे और क्यों हुआ कि इन तमाम खिलाड़ियों को फेडरेशन के अंदर या खेल मंत्रालय के बनाये ढांचे में कहीं भी अपनी बात पर सुनवाई का भरोसा नहीं हुआ और वे अपनी मांगों के साथ जंतर-मंतर पर धरना देने को मजबूर हो गये? खेल मंत्रालय से गुरुवार को इन खिलाड़ियों की बातचीत का पहला दौर बेनतीजा रहा है। ये खिलाड़ी फेडरेशन को पूरी तरह भंग करने की मांग कर रहे हैं, लेकिन अभी तक सरकार की तरफ से इसे लेकर कोई ठोस आश्वासन नहीं मिला है। जहां तक इन विक्टिम को आगे करके पुलिस में मामला दर्ज कराने और कानूनी प्रक्रिया से मुजरिम को सजा दिलाने की बात है, तो ये खिलाड़ी कह रहे हैं कि जरूरत पड़ी तो यह रास्ता भी अख्तियार किया जायेगा। हालांकि, वह रास्ता काफी लंबा और पेचीदा है। इस दौरान कई खिलाड़ियों का करियर भी खत्म हो जाने का खतरा है, लेकिन आरोपों के दबाव में कुछ लोगों को पद से हटा देने या उनसे इस्तीफा दिलवा देने से यह साफ नहीं होगा कि आरोपों में सचमुच सच्चाई थी या नहीं। उस स्थिति में दोनों पक्ष खुद के सही होने का दावा करते रहेंगे। चूंकि देश और दुनिया के तमाम लोगों की नजर इस मामले पर लगी है, इसलिए थोड़ा वक्त भले लगे, लेकिन दूध का दूध और पानी का पानी होना ही चाहिए। इसके साथ ही यह देखना भी जरूरी है कि समय-समय पर खेल जगत से ऐसे आरोप क्यों लगते रहते हैं। ऐसा न हो और देश की बेटियां सुरक्षित महसूस करते हुए खेल में करियर बनायें यह सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न फेडरेशनों के अंदर विभिन्न स्तरों पर शिकायत निवारण का एक स्थायी और कारगर तंत्र बनाने पर भी गंभीरता से विचार होना चाहिए।

**आरोपों के दबाव में कुछ लोगों को पद से हटा देने या उनसे इस्तीफा दिलवा देने से यह साफ नहीं होगा कि आरोपों में सचमुच सच्चाई थी या नहीं। उस स्थिति में दोनों पक्ष खुद के सही होने का दावा करते रहेंगे।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अभिनव पहल, परीक्षा पर चर्चा, देश के करोड़ों विद्यार्थियों को परीक्षाओं के प्रति भयमुक्त करने की दिशा में एक ठोस कदम है। वर्ष 2018 से जारी परीक्षा पर चर्चा एक सालाना कार्यक्रम है, जिसमें प्रधानमंत्री न सिर्फ छात्रों, बल्कि देश के शिक्षकों और अभिभावकों से गहन चर्चा करते हैं, उनकी समस्याएं सुनते हैं और परस्पर चर्चा के माध्यम से उन्हें उनकी कठिनाइयों को दूर करने के समाधान भी सुझाते हैं।**

# परीक्षा न तो आसान होती है, न कठिन

**प्रो संजय द्विवेदी**




परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम 2018 में आरंभ हुआ था। इसके बाद दूसरा, तीसरा, चौथा और पांचवां संस्करण 2019, 2020, 2021 व 2022 में आयोजित हुआ था। यह एक ऑफलाइन कार्यक्रम है, लेकिन 2021 में कोरोना संक्रमण के चलते इसे ऑनलाइन आयोजित किया गया।

परीक्षाओं को लेकर अक्सर कहा जाता है कि परीक्षा न तो आसान होती है, न कठिन होती है। जो विद्यार्थी ईमानदारी और मेहनत से पढ़ाई करते हैं, उनके लिए परीक्षा आसान होती है और जो विद्यार्थी नहीं पढ़ते हैं उनके लिए परीक्षा कठिन होती है। लेकिन, हमारी वर्तमान शिक्षा व्यवस्था ने परीक्षाओं को हमारे जीवन के एक ऐसे भयावह दौर में बदल दिया है, जो सभी को डर से भरे रखता है।

**एक अभिनव पहल :** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अभिनव पहल, परीक्षा पर चर्चा, देश के करोड़ों विद्यार्थियों को परीक्षाओं के प्रति भयमुक्त करने की दिशा में एक ठोस कदम है। वर्ष 2018 से जारी परीक्षा पर चर्चा एक सालाना कार्यक्रम है, जिसमें प्रधानमंत्री न सिर्फ छात्रों, बल्कि देश के शिक्षकों और अभिभावकों से गहन चर्चा करते हैं, उनकी समस्याएं सुनते हैं और परस्पर चर्चा के माध्यम से उन्हें उनकी कठिनाइयों को दूर करने के समाधान भी सुझाते हैं।

संभवतः यह विश्व में अपने ढंग का एकमात्र कार्यक्रम है, जिसमें कोई राष्ट्राध्यक्ष जनता से परीक्षा जैसे विषय पर सीधे संवाद करता है। इस संवाद के अनेक सार्थक नतीजे भी सामने आये हैं। अब बच्चे परीक्षाओं को लेकर पहले की तुलना में कहीं ज्यादा आत्मविश्वास से भरे नजर आते हैं और उनके अभिभावक निश्चिंत, तो इसका श्रेय परीक्षा पर चर्चा जैसे कार्यक्रम को दिया जाना चाहिए, जिसने एक एग्जामिनोफोबिया अर्थात परीक्षा के भय को एक उत्सव के विषय में बदल दिया है, जो परिणाम की चिंता से ज्यादा कर्म के पीछे की लगन, मेहनत और विश्वास को प्राथमिकता देना सिखाता है।

**परीक्षा पर चर्चा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कक्षा नौ से 12 के बच्चों को इसी तनाव और डर से निकालने के लिए उनके मन की बात सुनते हैं।**

**काल्पनिक नहीं, वास्तविक है एग्जामिनोफोबिया :** परीक्षाओं से पहले की बेचैनी और घबराहट को एग्जामिनोफोबिया कहते हैं। यह वह डर है, जो किसी की कल्पना की उपज नहीं है, बल्कि एक ऐसी वास्तविकता है, जिसका साक्षात हर उस व्यक्ति को होता है, जो कोई परीक्षा देने जा रहा है। ऐसे लोगों में सबसे बड़ी संख्या स्कूली छात्रों की होती है, तो इससे सर्वाधिक प्रभावित होने वालों में भी इन्हीं की संख्या ज्यादा होती है।

यह एक ऐसी स्थिति है, जो हमें मनोवैज्ञानिक रूप से ही प्रभावित नहीं करती, बल्कि भावनात्मक और शारीरिक रूप से भी हम पर काफी नकारात्मक असर डालती है। एक सर्वेक्षण में लगभग 66 प्रतिशत छात्रों ने स्वीकार किया था कि वे बेहतर अकादमिक प्रदर्शन के दबाव में रहते हैं और परीक्षा में असफल होने का डर, उन्हें ज्यादातर समय तनाव में रखता है।

**सुनी जाती है छात्रों के मन की बात :** परीक्षा पर चर्चा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कक्षा 9 से 12 के बच्चों को इसी तनाव और डर से निकालने के लिए उनके मन की बात सुनते हैं। यह किसी से छिपा नहीं है कि एक छात्र के जीवन में बोर्ड की परीक्षाओं का क्या महत्व होता है। इन्हें उत्तीर्ण करने के लिए उन्हें बहुत मेहनत करनी पड़ती है। लेकिन, व्यर्थ का तनाव और भय, उनके आत्मविश्वास को डगमगा देता है, जिससे उनकी पूरी मेहनत पर पानी फिर जाता है।

**परीक्षा पर चर्चा का उद्देश्य :** शिक्षा हर व्यक्ति के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। यह उसे जीवन की यात्रा में सभ्य, सफल और समृद्ध बनने का मार्ग दिखाती है। परीक्षाएं इस यात्रा का वे पड़ाव होती हैं, जहां आपको पता चलता है कि आप अगले पड़ाव तक जाने के लिए कितना तैयार हैं। लेकिन, अपेक्षाओं का दबाव, परीक्षाओं को जीवन-मरण का प्रश्न बना देता है। परीक्षा पर चर्चा में प्रधानमंत्री छात्रों को इन्हें सहज भाव से लेने के लिए प्रेरित करते हैं और इसे उत्सव के रूप में मनाने का संदेश देते हैं।

**शिक्षकों, अभिभावकों और बच्चों के बीच पुल का काम :** एक बच्चे के जीवन में अभिभावक और शिक्षक, दोनों का महत्वपूर्ण स्थान होता है। यही दोनों, उसके भावी जीवन की दिशा तय करते हैं। परीक्षा पर चर्चा एक ऐसा कार्यक्रम है, जिसके जरिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सीधे संवाद के माध्यम से शिक्षकों, अभिभावकों और बच्चों के बीच पुल उपलब्ध कराते हैं। इससे वे एक-दूसरे की परिस्थितियों, भावनाओं, समस्याओं को भली-भांति समझने में सक्षम बनते हैं और इसी के अनुसार अपनी आगे की दिशा तय करते हैं।

**पांच साल से जारी है सिलसिला :** परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम 2018 में आरंभ हुआ था। इसके बाद दूसरा, तीसरा, चौथा और पांचवां संस्करण 2019, 2020, 2021 व 2022 में आयोजित हुआ था। यह एक ऑफलाइन कार्यक्रम है, लेकिन 2021 में कोरोना संक्रमण के चलते इसे ऑनलाइन आयोजित किया गया। इसमें देशभर से बच्चे, माता-पिता और शिक्षक हिस्सा लेते हैं। पिछले साल अप्रैल में यह ऑफलाइन और ऑनलाइन, दोनों मोड में आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम बच्चों और बड़ों, दोनों में ही काफी लोकप्रिय है। इन दिनों इसके छठवें संस्करण के लिए रजिस्ट्रेशन चल रहा है, इसके लिए उन्हें एक चयन प्रतियोगिता में हिस्सा लेना होगा, जो विजयी होंगे, उन्हें प्रधानमंत्री से बात करने का अवसर मिलेगा।

## जमशेदपुर की खबरें

# कदमा एलाइट दुर्गा पूजा मैदान में श्रद्धांजलि सभा आयोजित

**कश्मीरी पंडितों पर अत्याचार के खिलाफ पुनर्वास की मांग**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** कदमा एलाइट दुर्गा पूजा मैदान में भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष द्विपल विश्वास के नेतृत में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। शुक्रवार को आयोजित श्रद्धांजलि सभा में कश्मीरी पंडितों पर हुई अत्याचार के खिलाफ चर्चा की गई। इस दौरान कश्मीर में पंडितों की पुनर्वास के लिए मांग किया गया। मौके पर मुख्य वक्ता अभय सिंह,भाजयुमो जिला अध्यक्ष अमित अग्रवाल उपस्थित हुए। अतिथियों के द्वारा संयुक्त रूप से जम्मू कश्मीर में आतंकवाद और जिहाद का शिकार हुए कश्मीरी पंडितों को श्रद्धांजलि दी गई। मौके पर भाजपा नेता अभय सिंह ने कहा कश्मीर में 19 जनवरी 1990 को हुए कश्मीरी पंडितों के ऊपर अत्याचार एवं नरसंहार को भारत सरकार संज्ञान में लेते हुए कश्मीरी पंडितों को न्याय देने का काम करे। साथ ही उनका पुनर्वास कश्मीर में करवाएं। ताकि कश्मीरी पंडितों को प्रशिक्षण देकर सेना का रूप में उन्हें पुनर्वास करें। आतंकवादियों एवं जिहादियो से समय आने पर मुकाबला भी कर करे। अमित अग्रवाल ने कहा कश्मीरी पंडितों पर अत्याचार कभी भी भुलाया नही जा सकता।

उन्होंने कहा वह एक काला अध्याय है। देश में नरेंद्र मोदी की सरकार बनी तब वहां पर धारा 370 हटा। सरकार कश्मीरी पंडितों को कश्मीर में पुनर्वास कराएं। उन्होंने आयोजन कर्ता चिंटू सिंह और अमित यादव को तहे दिल से बधाई दी।

कार्यक्रम के अंत में भारत माता की आरती का कार्यक्रम को संपन्न किया गया। कार्यक्रम का संचालन सशांक शेखर, धन्यवाद ज्ञापन द्विपल विश्वास ने किया। मौके पर विश्व हिंदू परिषद झारखंड प्रांत के धमार्चार्य प्रमुख अवतार सिंह गांधी, कोल्हान बजरंग दल के संयोजक जनार्दन पांडे, सेवा भारती से प्रसेनजित तिवारी, भारतीय जनता पार्टी धनबाद के प्रभारी अभय सिंह, युवा मोर्चा के अध्यक्ष अमित अग्रवाल, पूर्व जिला अध्यक्ष नंदजी प्रसाद, ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष धर्मेंद्र प्रसाद, मंगल सिंह अखाड़ा से मुन्ना सिंह, शंकर रेड्डी, अमित सिंह,अजित सिंह, राहुल दुबे, संजय सिंह, मुन्ना दुबे, कन्हैया पांडे, सौरव कुमार, अमित यादव चिंटू सिंह,आयोजक चिंटू सिंह अनुज चौधरी, अमित जाधव, गजेंद्र सिंह, सपा दास,धर्म सिंह, भाजयुमो कदमा मंडल महामंत्री अजीत सिंह राहुल दुबे संजीव बाबई दास, विश्वजीत, आनंद राव,अमित सिंह, गजेंद्र सिंह, रोहित जगदल्ला, चंदना बनर्जी, उपासना दत्ता सहित सैकड़ों लोग उपस्थित हुए।

# स्वर्णरेखा-खरकाई नदी तट का विकास कार्य देखने पहुंचे मंत्री बन्ना गुप्ता, चर्चा कर दिये आवश्यक दिशा-निर्देश

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** स्वर्णरेखा और खरकाई नदी तट के विकास के लिए राज्य के मंत्री व स्थानीय कांग्रेस विधायक बन्ना गुप्ता ने समाजसेवियों के साथ नदी तट का अवलोकन किया। शुक्रवार को मंत्री बन्ना गुप्ता ने नदी के किनारे समतलीकरण, वृक्षारोपण, सौंदर्यीकरण, आरती, घाट की सफाई योजना पर चर्चा की। साथ ही गंगा की तर्ज पर स्वर्णरेखा आरती मंडप के निर्माण, प्रतिदिन संध्या आरती की शुरूआत एवं स्वर्णरखा पर्यटन के विकास पर चर्चा की। सोनारी दोमुहानी को विकसित करने के लिए उन्होंने यहां पर जेसीबी की मदद से काम शुरू करा दिया। मौके पर डीसी विजया जाधव समेत अन्य तमाम पदाधिकारी मौजुत रहे। इस अवसर पर मंत्री बन्ना गुप्ता खुद मेहनत करते गये। उन्होंने काम मे तेजी लाने का निर्देश दिया। मौके पर मंत्री बन्ना गुप्ता के द्वारा पूरे स्थल के विकास को लेकर परामर्श व योजना तैयार किया गया। नदी तट के विकास को लेकर पर कई तरह के नये कार्य की शुरूआत करायी गई। गंगा की तरह निर्मल करते हुए आरती की व्यवस्था शुरू की जा रही है। इसको लेकर सभी समाज के लोगों व सामाजिक संगठनों से भी मदद ली जा रही है। शुक्रवार को मंत्री बन्ना गुप्ता ने मारवाड़ी समाज के कई समाजसेवियों से इन मुद्दों पर वार्ता की। सभी ने विश्वास दिलाया मंत्री बन्ना गुप्ता की स्वर्णरेखा समग्र योजना पर मारवाड़ी समाज उनके साथ है।इस अवसर पर अशोक चौधरी, संजय ठाकुर, बिलाल गुफरानी, संजय तिवारी, कैलाश रजक, अमित प्रसाद, सुनील सिंह, रवि दुबे ,बबन शुक्ला, प्रभात ठाकुर, झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के उपाध्यक्ष ओमप्रकाश रिंगसिया, संयुक्त महामंत्री दीपक पारीक, अजय चेतानी, सांवरमल अग्रवाल, कमल किशोर अग्रवाल, पूर्वी सिंहभूम जिला अग्रवाल सम्मेलन के पूर्व अध्यक्ष संतोष अग्रवाल, पूर्वी सिंहभूम जिला अग्रवाल सम्मेलन के उपाध्यक्ष सन्नी संघी, महासचिव अभिषेक अग्रवाल गोल्डी, सयुंक्त मंत्री बलराम अग्रवाल, अग्रवाल युवा मंच के अध्यक्ष रोहित अग्रवाल, सिंहभूम चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के उपाध्यक्ष महेश सोंथालिया, जुगसलाई संयोजक लोचन मेंगोतिया, पूर्वी सिंहभूम जिला मारवाड़ी सम्मेलन के जिलाध्यक्ष अशोक मोदी उपस्थित रहे।

# मंझारी से जोहार यात्रा में हजारों की संख्या में शामिल होंगे झामुमो कार्यकर्ता : निरल पूर्ति

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**चाईबासा।** झारखंड मुक्ति मोर्चा मंझारी प्रखंड समिति की बैठक प्रखंड अध्यक्ष जितेंद्र पूर्ति की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मुख्य रूप से मझगांव के विधायक निरल पूर्ति मौजूद थे। बैठक को संबोधित करते हुए विधायक निरल पूर्ति ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का खतियानी जोहार यात्रा चाईबासा में आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में मंझारी प्रखंड से अधिक से अधिक कार्यकर्ता शामिल होंगे। बैठक के बाद निर्णय लिया गया कि मंझारी प्रखंड से हजारों की संख्या में झामुमो कार्यकर्ता मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए चाईबासा जायेंगे। इसको लेकर प्रखंड के सभी पंचायत में प्रभारी नियुक्त कर दिया गया है। उनकी जिम्मेदारी है कि अपने अपने पंचायत से कार्यकर्ताओं को लेकर चाईबासा पहुंचेंगे। विधायक ने कहा कि झारखंड के इतिहास में स्थानीय नीति के ऊपर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 1932 खतियान को लागू कर बड़ा कदम उठाया है। इसको लेकर पूरे राज्य में मुख्यमंत्री का स्वागत जोरदार तरीके से आम जनता कर रही है। इसी के तहत खतियानी जोहार यात्रा निकाली जा रही है। पूरे राज्य में इस यात्रा को लेकर जनसमर्थन उमड़ पड़ा है। पश्चिम सिंहभूम जिला मुख्यालय चाईबासा में भी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का जोरदार स्वागत किया जायेगा। इस बैठक को यात्रा को ऐतिहासिक बनाना है। इस मौके पर योगेंद्र नाथ बिरूआ, चंद्र मोहन बिरूआ, अजय दास, कैरा सोय, रमेश बिरूआ, हेमंत बारी, विजय बारी, सनातन बिरूआ, लंका सवैया, सुभाष तामसोय, जांबिरा बोयपाई समेत अन्य मौजूद थे।

# कांग्रेसियों ने त्रिपुरा के सीएम माणिक साहा का पुतला फूंका

**चाकुलिया (आजाद सिपाही)।** त्रिपुरा में कांग्रेस नेता सह पूर्व सांसद डॉ अजय कुमार पर हुए हमले के विरोध में शुक्रवार को चाकुलिया के कांग्रेसियों ने जिला महामंत्री रविंद्र नाथ मिश्रा के नेतृत्व में बिरसा चौक पर त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा का पुतला दहन किया। कांग्रेसियों ने भाजपा के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस अवसर पर प्रखंड अध्यक्ष समीर दास, शेख नसीम, अभय महंती, अंशु मिश्रा, मोहम्मद लालू, मोहम्मद तोहिद, प्रकाश रुहिदास, उज्जवल सूत्रधर, मोहम्मद सोहेल, मोहम्मद राजा, शिव शंकर पात्र, सेहबाज अंसारी, अनुरूद्ध राय समेत अन्य उपस्थित थे।

# बच्चों की बेहतर पढ़ाई का खाका करें तैयार : विधायक

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**पटमदा।** पटमदा प्रखंड के एसएस प्लस टू उच्च विद्यालय में बच्चो की बेहतर पढ़ाई को लेकर समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। शुक्रवार को आयोजित बैठक में जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी शामिल हुए। इस अवसर धालभूम एसडीओ पीयूष कुमार सिन्हा एवं स्कूल प्रबंधन के उपस्थिति में विधायक मंगल कालिंदी को स्वागत किया गया। मौके पर विद्यालय में बिजली का बिल भुगतान की राशि बढ़ाने की मांग की गयी। विद्यालय की शिक्षिका द्वारा स्कूल में संचालित स्मार्ट क्लास, आइटीएस, वोकेशनल कोर्स, आइटीसी लेब, ब्यूटी एंड वेलनेस, स्मार्ट क्लास में पीपीटी के माध्यम से पढ़ाई होने की जानकारी दी गयी।

विद्यालय से विज्ञान में स्कूल के बच्चे कोल्हान टॉपर होने,लेब रूम प्रयाप्त नहीं होने,विज्ञान विषयों के लिए प्रयोगशाला का प्रस्ताव विद्यालय के द्वारा विधायक मंगल कालिंदी और एसडीओ के समक्ष रखा गया। प्रबंधन ने जानकारी देते हुए कहा विद्यालय को डीसी मैडम के द्वारा गोद लिया गया हैं। मौके पर चौरा उत्क्रमित उच्चविद्यालय, उत्क्रमित उच्च विद्यालय गोबरघुसी, उत्क्रमित उच्च विद्यालय जोडसा का कमिटी गठन नहीं होने की जानकारी दी गई। जिसके कारण सभी विद्यालयों का रजिस्टर पर प्रस्ताव नहीं लिखा गया। मौके पर विधायक मंगल कालिंदी ने जल्द कमिटी गठित करने का निर्देश दिया। इनके द्वारा विद्यालय विकास शुल्क कमिटी बनाकर संग्रह करने का आदेश दिया गया। बैठक का संचालन प्राचार्य डॉ मिथिलेश कुमार ने किया। उन्होंने उपस्थित सम्मानित सदस्यों को विद्यालयों के वास्तविक स्थिति के अवगत करवाया।

बैठक में विधायक मंगल कालिंदी, धालभूम एसडीओ पीयूष कुमार सिन्हा, बीइओ प्रभात कुमार, प्राचार्य डॉ मिथिलेश कुमार, सांसद प्रतिनिधि महावीर महतो, मुखिया परमेश्वर सिंह, कनीय अभियंता मुजाहिद खान, अजय कुमार मंडल, विधायक प्रतिनिधि चंद्र शेखर टुडू, प्राचार्य डॉ समीर कुमार, राजेश राज, निखिल कच्छप, प्रियंका झा सहित अभिभावक, अन्य सरकारी शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित थीं।

## बैडमिंटन टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में जितेंद्र और अरविंद ने तीन सेट से सील्ड पर किया कब्जा



**मंझिआंव (आजाद सिपाही)।** नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत बस स्टैंड के पीछे गढ़ प्रांगण में नया सवेरा नया उजाला के तत्वधान में बैडमिंटन टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला खेला गया। फाइनल मुकाबला का उद्घाटन कर्ता, मुख्य अतिथि भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव, नगर पंचायत मंझिआंव कार्यपालक पदाधिकारी निकिता बाला, प्रखंड विकास पदाधिकारी नीतीश भास्कर, राधा कृष्ण मंदिर के महंत बाबा केशव नारायण दास के कर कमलों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर एवम फीता काटकर मैच का शुभारंभ किया गया। वही आये हुए सभी मुख्य अतिथियों को मारुतनंदन सोनी के द्वारा बुके देकर सम्मानित किया गया। बताते चलें कि बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन मारुतनंदन सोनी ने किया। वहीं मारुतनंदन सोनी एवम कार्यपालक पदाधिकारी निकिता बाला एक तरफ तो दूसरी तरफ चंदन जयसवाल एवम प्रखंड विकास पदाधिकारी नितीश भास्कर के बीच शो मैच खेला गया। जिसमें 45 मिनट तक दोनों टीमों के बीच काफी गहमागहमी रोमांच मैच देखने को मिला हालांकि दोनों तरफ से कशमकश मैच में कार्यपालक पदाधिकारी ने प्रखंड विकास पदाधिकारी को पराजित किया। नया सवेरा नया उजाला के तत्वधान में बैडमिंटन टूनामेंट का फाइनल मुकाबले में दोनों टीम डाल्टनगंज के ही जगह बनायी थी जिसमे अरविंद कुमार एवं जितेंद्र कुमार ने 5 सैट के मुकाबले में अजय ठाकुर एवं गुरमीत सिंह को काफी रोमांचक मैचों में तीन सैट से शिकस्त देकर सील्ड अपने नाम किया। मंच पर उपस्थित सेवानिवृत्त शिक्षक शिवप्रसाद गुरुजी, अशोक कमलापुरी, मंचासीन बलराम मेहता, अनिल कमलापुरी, प्रदीप सिंह, मनोज कमलापुरी तथा सैकड़ों की संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित थे।

## पुलिस पिकेट में पदस्थापित जैप के जवान की मौत

**भंडरिया (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के संगाली पुलिस पिकेट में पदस्थापित जैप के जवान शिव कुमार साह उम्र 43 वर्ष की गुरुवार की रात अचानक तबीयत खराब होने से मौत हो गई। जानकारी देते हुए सब इंस्पेक्टर दीपक राणा ने बताया कि शुक्रवार की रात संगाली पिकेट में पदस्थापित एक जवान का सिरियस तबियत खराब होने की सुचना प्राप्त हुआ। तत्काल उपचार के लिए जवान को अन्य जवानों की मदद से सामुदायिक सवास्थ केंद्र भंडरिया लाया गया। जहां चिकित्सकों के द्वारा गंभीर स्थिति को देखते जवान को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल डालटेनगंज रेफर कर दिया गया। डालटेनगंज सदर अस्पताल के चिकित्सकों के द्वारा उन्हें मृत घोषित कर दी गई। मृतक जवान शिव कुमार शाह मुख्य रुप से गढ़वा जिला के कांडी थाना क्षेत्र के चौका गांव के रहने वाले थे। वे 2005 में झारखंड सशस्त्र पुलिस 8 लेस्लीगंज पलामू में बहाल हुए थे। मृतक जवान पिछले 2 वर्षों से मदगडी (च) एवं संगाली पिकेट मे पदस्थापित थे।

## चार दिवसीय भारत स्काउट एवं गाइड प्रशिक्षण शिविर का समापन किया



**सगमा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत बीरबल गांव में चल रहे ब्राइट स्टार पब्लिक स्कूल मे संचालित चार दिवसीय भारत स्काउट एवं गाइड प्रशिक्षण शिविर का शुक्रवार को समापन किया गया। इस शिविर के दौरान विद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षक के रूप प्रियांशू कुमार चौबे व सहयोगी के रूप में शामिल पूनम कुमारी, पंकज कुमार के द्वारा स्काउट एंड गाईड से संबंधितगांठ, स्काउट गाइड नियम, प्रतिज्ञा, बायां हाथ मिलाना, आत्मरक्षा से जुड़ी जानकारी, बच्चों में अनुशासन की भावना, स्काउट गाइड का इतिहास, पिरामिड निर्माण, प्राथमिक उपचार एवं अन्य कई विषयों का प्रशिक्षण दिया। समापन के दौरान छात्र छात्राओं को स्कार्फ पहनाकर स्काउट गाइड की दीक्षा देते हुए जन हित एवं देश हित में कार्यों को करने की शपथ भी प्रशिक्षकों के द्वारा दिलाई गई। बताते चले की 17 से 20 जनवरी तक चले उक्त प्रशिक्षण के दौरान स्काउट एंड गाईड के द्वारा देश व विदेश में किए जा रहे सेवा भावना से भी अवगत कराया गया । प्रशिक्षण में ब्राइट स्टार पब्लिक स्कूल के छात्र छत्राओं ने बढ़ चढ़ कर प्रति भाग लिया जिसके लिए प्रशिक्षक प्रियांशू कुमार चौबे ने विद्यालय परिवार को प्रसंसा करते हुए आभार व्यक्त किया। शुक्रवार को मार्च पास्ट के बाद सभी छात्र-छात्राओं को सपथ ग्रहण कराया गया। सपथ ग्रहण के बाद धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय के प्रधानाचार्य बेबी खातून के द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रशिक्षण में सामिल छत्रों के साथ मुख्यरूप से विद्यालय के प्रबंधक महताब आलम, शिक्षक योगेंद्र कुमार यादव, सुनील कुमार, रामविनय यादव, विकास कुमार, महेश्वर विश्कर्मा, अजय यादव उपस्थित थे।

# पुलिस ने डेढ़ एकड़ में लगी अफीम की खेती को किया नष्ट

## गुप्त सूचना के आधार पर की गयी कार्रवाई

आजाद सिपाही संवाददाता



**धुरकी।** थाना क्षेत्र के खाला पंचायत स्थित झरवा पहाड़ के निकट खुटिथा रक्सी पंचायत के सीमा स्थित डेढ़ एकड़ खेत मे अफीम की खेती को अनुमंडल पुलिस अधिकारी प्रमोद कुमार केसरी, सीओ अरूण कुमार सिंह एवं थाना प्रभारी सदानंद कुमार सदलबल के साथ उक्त स्थल पर पहुंचकर शुक्रवार को विधिवत रूप की गई प्रतिबंधित अफीम की खेती को नष्ट कर दिया। इस संबंध मे अनुमंडल पुलिस अधिकारी सीओ एवं थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के दिशा-निर्देश पर गुप्त सूचना मिली थी की खाला गांव के झरवा पहाड़ स्थित जैनूल अंसारी के घर के समीप डेढ़ एकड़ उपजाउ भूमि मे अफीम की विधिवत तरिके से खेती की गई है। वहीं इसके बाद अनुमंडल पुलिस अधिकारी प्रमोद कुमार केसरी एवं सीओ अरूण कुमार सिंह के नेतृत्व में थाना प्रभारी सदानंद कुमार एवं राजस्व उपनिरीक्षक अंचल के अमीन बीएओ अंबुज कुमार पुलिसबल के साथ खाला गांव के झरवा पहाड़ स्थित जैनुल अंसारी के घर के निकट पहुंचे तब पुलिस प्रशासन को जैसी गुप्त सूचना मिली थी ठीक उसी के अनुरूप डेढ़ एकड़ उपजाउ भूमि में बहुत ही विधिवत तरीके से अफीम का खेती लहलहा रही थी, वहीं उसी अफीम के लहलहाते हुए खेत को सिंचाई करने के लिए बगल मे मनरेगा से कुआं का निर्माण भी किया गया है, और उसी कुआं के पानी से अफीम की खेती का सिंचाई करने के लिए विद्युत से चलने वाला मोटर और डीजल से चलने वाले सिंचाई पंप भी लगाया गया था। इधर डेढ़ एकड़ उपजाउ भूमि में अफीम का हरा भरा खेती देखकर धुरकी पुलिस-प्रशासन भी आश्चर्यचकित थे। वहीं डेढ़ एकड़ में लगे अफीम के फसल मे कली निकल चुके थे और अधिकांश पौधों में फूल भी खिल रहे थे।

### भू स्वामी कौन है ? इसकी छानबीन चल रही

इधर अनुमंडल पुलिस अधिकारी जिस जगह इसकी खेती की गई थी, मकान के मालिक का नाम पूछा गया तो बताया गया की जैनूल अंसारी का मकान है और घर के परिजनों ने बताया की अभी वह घर पर नहीं हैं। अनुमंडल पुलिस अधिकारी ने बताया की अफीम को नष्ट किया जा रहा है और उक्त भूमि का भू स्वामी कौन है। इसकी छानबीन चल रही है। अधिकारी के द्वारा दिशा-निर्देश दिया गया वह उसपर त्वरित कार्रवाई कर रहे हैं। अफीम की विधिवत खेती कौन कर रहा है इसकी भी छानबीन की जा रही है।

## चिकित्सा कर्मियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल आज

**भंडरिया (आजाद सिपाही)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पारा चिकित्सा कर्मियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल आज चौथे दिन भी जारी।उक्त सभी पारा चिकित्साकर्मी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बाहर धरने पर बैठे रहे। तथा सरकार के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की। झारखंड राज्य एनएचएम एएनएम जीएएनएम अनुबंध कर्मचारी संघ के आह्वान पर प्रखंड के अनुबंधित पारा चिकित्सा कर्मियों अपनी मांगों के समर्थन में सामुदायिक स्वास्थ केंद्र परिसर में धरना प्रदर्शन किया। चिकित्सा कर्मियों ने कहा कि जब तक उनकी मांग पूरी नहीं होगी तब तक वे लोग अनिश्चितकालीन हड़ताल को जारी रखेंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि विगत 15 वर्षों से अनुबंध पर कार्यरत एएनएम जीएनएम एवं चिकित्सा कर्मी स्वास्थ्य विभाग की रीढ़ माने जाते हैं और वर्तमान में कोविड-19 जैसी गंभीर महामारी में फ्रंटलाइन वर्कर के रूप में कार्य करते आ रहे हैं। बेहद अल्प मानदेय में कार्य करने के बावजूद नियमितीकरण नहीं किया जा रहा है। जिसके कारण हम सभी स्वास्थ्य कर्मियों में काफी निराशा उत्पन्न हो रही है। जिससे आक्रोशित होकर हम अनुबंध कर्मियों ने आंदोलन की ओर मुखर होने का रास्ता मजबूरन अपनाया है। इनके हड़ताल पर चले जाने के कारण बंध्याकरण टीकाकरण सहित अन्य काम प्रभावित हो रहे हैं जिससे मरीजों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

## गोशाला की जमीन अतिक्रमण मुक्त कराने को लेकर बंद रहा गढ़वा



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** जिला मुख्यालय में दशकों पूर्व स्थापित श्री कृष्ण गौशाला जो आज सरकार और सरकारी उदासीनता के कारण विलुप्त होने के कगार पर आ पहुंचा है। उसे विलुप्त होने से बचाने के साथ साथ फिर से पुनर्जीवित करने के उद्देश्य से जहां एक ओर गौशाला निर्माण समिति वहीं दूसरी ओर हिंदू संगठन के लोग सदैव तत्पर हैं। उसी तत्परता का आलम है की सरकार और सरकारी महकमे की तंद्रा को जागृत करने को ले कर बीते शाम को शहर मुख्यालय में मशाल जुलूस निकाल कर सभी से सुबह शहर बंद रखने का आह्वान किया गया। एवम समर्थन में अपनी दुकान प्रतिष्ठान बंद करने की अपील की गई। उस आह्वान का असर रहा कि शहर की सभी दुकान बंद नजर आए। छोटे और बड़े व्यवसाइयों ने अपने अपने दुकानों को बंद कर दिया और समर्थन में आगे आये। क्योंकि हर किसी की चाहत है कि श्री कृष्ण गौशाला के रूप में अवस्थित एक धरोहर विलुप्त न हो सके और फिर से नए स्वरूप में पुनर्जीवित हो। बंद का असर सुबह से 11बजे तक नजर आया मौके पर गौशाला समिति के अध्यक्ष बजरंग दल हिंदू परिषद के साथ काफी संख्या में लोग सड़क पर उतरे और दुकानें बंद कराया।

## परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम आयोजित किया





**बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** स्थानीय टेन प्लस टू सीनियर सेकंडरी मिलेनियम पब्लिक स्कूल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवाह्न पर परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त अवसर पर विद्यालय के बच्चों के द्वारा विभिन्न विषयो पर मोडल बना कर प्रसूत किया गया। उक्त अवसर पर विद्यालय के निर्देशक मुमताज राही ने कहा कि विद्यार्थियों को परीक्षा को एक उत्सव की तरह मनाना चाहिये।छात्र जितना तनाव मुक्त होकर परीक्षा में शामिल होंगे उन्हें अच्छी सफलता अवश्य मिलेंगी। उन्होंने कहां की विद्यार्थियों को शांत एवं सकारात्मक चैलेंज लेकर परीक्षा में शामिल होने से परीक्षा का परिणाम ऊंची से ऊंची आती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी हमेशा से सभी विद्यार्थियों को परीक्षा को तनाव मुक्त होकर देने की बात करते हैं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को परीक्षा को एक अवसर की की तरह लेना चाहिए। विद्यार्थी जीवन में परीक्षा एक ऐसा अवसर है जिसमें अच्छी सफलता पाने के बाद विद्यार्थियों के जीवन में एक नई मुकाम हासिल करने का जमीन तैयार होता है। उन्होंने कहा कि मिलेनियम पब्लिक स्कूल समय-समय पर ऐसी कार्यक्रम पहले भी चलाती आई है। आज प्रधानमंत्री विद्यार्थियों को परीक्षा के तनाव को लेकर बहुत गंभीर नजर आते हैं। जिसको लेकल समय-समय पर वह विद्यार्थियों से बात करते हैं। परीक्षा से पहले विद्यार्थियों के अंदर भय की स्थिति नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मिलेनियम पब्लिक स्कूल में सीबीएसई माध्यम के द्वारा पढ़ाई बड़े ही अनुभवी शिक्षकों के द्वारा कराई जाती है। जिससे यहां के छात्र-छात्राएं परीक्षा में उच्च नंबर लाकर पूरे जिले में अपना नाम रोशन करते हैं। उन्होंने कहा कि 10+2 मिलेनियम पब्लिक में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ साथ खेलो पर भी विशेष ध्यान दिया जाता है। जिससे विद्यालय के छात्र पूरे जिले सहित राज्य एवं देश मे अपने विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन करते आये है। मौके पर चेयर पर्सन नूरजहां बेगम, मंसूर आलम, नागेंद्र प्रसाद देव, मनोज कुमार, अनेश देव, सूरज तमांग, रवि शंकर चौबे सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## विद्यालय का अभी तक नहीं किया गया रंगरोहन



**कांडी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के खरौंधा पंचायत अंतर्गत मध्य विद्यालय जयनगरा के भवन का रंगरोगन अभी तक नहीं किया गया है। जबकि विभाग का निर्देश था 15 नवंबर तक पूरे प्रदेश के विद्यालय का रंगरोगन पूरा करने का सख्त निर्देश था। विद्यालय विकास मद में 75 हजार रुपये विद्यालय के बैंक खाते में महीनों से आकर पड़ा हुआ है। उम्मीद किया जाता है कि प्रखंड का मध्य विद्यालय जयनगरा एकलौता विद्यालय है जिसका अभी तक रंगरोगन नही किया गया है। प्रदेश की सरकार ने राज्य के सभी कोटि के विद्यालय का पूर्व में किये गए रंग को बदलते हुए क्रीम और हरा रंग में रंगने का आदेश दिया गया था। लेकिन आदेश का अवहेलना कर अभी तक उक्त विद्यालय का रंगरोगन लंबित रखा गया। यह विद्यालय प्रबंधन समिति की मनमानी को दशार्ता है। इस विषय में विद्यालय के हेडमास्टर वीरेंद्र कुमार पांडेय ने बताया कि विद्यालय के रंगरोगन करने की जिम्मेवारी एसएमसी अध्यक्ष को दिया गया है।कार्य मे विलम्ब क्यों हो रहा है इसकी जानकारी मुझे नही है। एसएमसी अध्यक्ष गुप्तेश्वर नाथ मेहता ने बताया कि शनिवार से विद्यालय के रंग रोगन का कार्य शुरू हो जायेगा। जिसे तीन दिनों के अंदर पूरा कर लिया जायेगा।

## नगवां विकास समिति के युवाओं ने किडनी ऑपरेशन के लिए आर्थिक सहायता की

# प्रिया को भेजा लखनऊ पीजीआइ

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** शहर के वार्ड नंबर 8 नगवां मुंहल्ला निवासी रामप्रवेश ठाकुर की पुत्री प्रिया कुमारी विगत 6 महीने से किडनी रोग से ग्रसित थी। उसके लखनऊ में इलाज के लिए पिछले महीने गढ़वा के सम्मानित समाजसेवी साथ ही विधायक प्रतिनिधि स्वास्थ्य विभाग के द्वारा आयुष्मान कार्ड में आ रही समस्या का निदान करते हुए प्रिया के ऑपरेशन की राह आसान करने का प्रयास किया गया। लेकिन वहां के डॉक्टर ने ऑपरेशन में होने वाले वाला और खर्च को नगद राशि के रूप में स्वीकार करने की बात कही। लेकिन वह नगद राशि काफी ज्यादा होने के चलते बेटी प्रिया का ऑपरेशन नहीं हो पाया था। प्रिया के परिजन अगला ऑपरेशन का डेट लेकर गढ़वा आ गये। प्रिया की मदद में नगवां विकास समिति के युवा सहयोगी एवं समिति के पदाधिकारियों ने नगवां समेत शहर के प्रबुद्ध जनों एवं सम्मानित व्यवसायियों के पास जाकर बेटी के ऑपरेशन के लिए आर्थिक मदद की गुहार लगायी। विधायक सह सूबे के मंत्री साथ ही गढ़वा नगवां के समाज सेवा के क्षेत्र में अग्रिम पंक्ति में रहने वाले समाजसेवियों ने सहयोग करते हुए बिटिया प्रिया के लिए आवश्यक रकम का प्रबंध कर दिया। उसके बाद समित के लोगों ने प्रिया कुमारी को एस-पीपीजीआइ- लखनऊ में ऑपरेशन के लिए गढ़वा रेलवे स्टेशन से परिजनों के साथ रवाना किया एवं ऑपरेशन सफल होने की कामना की। कदम से कदम मिला कर चलने वाली समिति के सभी युवा साथी एवं नगवां विकास समिति के पदाधिकारियों का अथक प्रयास रंग लाया। समिति के लोगों ने समाज में एक बहुत अच्छी मिसाल पेश की है।

## सांस्कृतिक कार्यकम का पूर्वाभ्यास कराया



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** गणतंत्र दिवस के पूर्व संध्या यानी 25 जनवरी को संध्या 6 बजे से होने वाले सांस्कृतिक कार्यकम का पूर्वाभ्यास 18 से 21 जनवरी तक ज्ञान निकेतन कॉन्वेंट स्कूल में संगीत कला महाविद्यालय के निदेशक प्रमोद सोनी के निर्देशन में कराया जा रहा है। 23 जनवरी को चयन कमिटी द्वारा उत्कृष्ट कार्यक्रम का चयन किया जायेगा। चयनित स्कूल का गीत एवम नृत्य चयन करके 25 जनवरी को गणतंत्र दिवश के पूर्व संध्या पर कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे।

## धान अधिप्राप्ति केंद्र का उद्घाटन किया



**धुरकी (आजाद सिपाही)।** खुटिया पैक्स में धान अधिप्राती केंद्र का उदघाटन विस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष एवम कांग्रेस के जिला अध्यक्ष ई. ओबुदुल्ला हक अंसारी प्रमुख शांति देवी जिला परिषद सदस्य सुनीता कुमारी उप प्रमुख धर्मेंद्र प्रसाद यादव मुखिया प्रतिनिधि इस्लाम खान बीडीसी प्रतिनिधि कमलेश गोंड बीडीसी अशोक राम इस बीएओ अंबुज कुमार के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस उद्घाटन में उपस्थिति पूर्व प्रतिनिधि एवम ग्रामीण जनता का नाम निम्नाकित है। लक्ष्मण यादव, बालेश्वर यादव, विचार कोरवा, अख्तर अंसारी, संजय यादव, संदेश यादव, नागेंद्र गोंड, त्रिवेणी कोरवा, अदुद खान, अनिरुद्ध गुप्ता, रामकि शुन कोरवा, शालिग्राम गुप्ता, संतोष यादव, इस अवसर पर पैक्स अध्यक्ष इसराईल खां अन्य ग्रामीण उपस्थिति थे।


Annexture 1

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**MINOR IRRIGATION DIVISION KODERMA**

Short Tender e-Procurement Notice
2nd Call

Tender Reference No- WRD/MID/KODERMA/F2-28/2022-23
Date-20-01-2023

| Sl. No. | Name of Work | Renovation of Totaram Aahar, Village- Panchgawan, Block- Domchanch. |
|---|---|---|
| 1 | Estimated Cost (BOQ) (Rs) | 24.918 Lakh |
| 2 | Cost of Tender fee | 5000. 00 (Five Thousand) Only. |
| 3 | EMD | 50,000.00 (Fifty Thousand) Only. |
| 4 | Tender Reference No | WRD/MID/KODERMA/F2-28/2022-23 |
| 5 | Completion Period for Construction | 06 Months |
| 6 | Mode of submission of Tender | Online through |
| 7 | Publishing on website | Date-24-01-2023 - 2.00. P.M |
| 8 | Period of Downloading of Bidding Documents | Start Date:- 24-01-2023 Time: 2.00 PM<br>End Date:- 01-02-2023 Time: 5.00 PM |
| 9 | Bids online submission | Start Date:- 24-01-2023 Time: 2.00 PM<br>End Date:- 01-02-2023 Time: 5.00 PM |
| 10 | Submission of BID Security & Hard Copy | Date:- 02-02-2023 up to 3.00 PM |
| 11 | Opening Date | Date:- 03-02-2023 at 2.00 PM |
| 12 | Officer inviting Bids | Executive Engineer Minor Irrigation Division, Koderma. |
| 13 | Office received Hard Copy and Bid Security | 1. E.E M.I Division Koderma.<br>2. S.E M.I Circle Hazaribagh.<br>3. E.E M.I Design Division, Ranchi. |

NOTE: -The Tender fee, Earnest Money Deposit (EMD) and Affidavit (Attached Performa) and Bank Certificate for Credit Facility **(Attached Performa)** must be submitted up to 02-02-2023 by 3.00 PM. If Tender fee, EMD, Affidavit and Bank certificate for Credit Facility are not received before mention date and time tender shall not be accepted.

**Place to receiving Tender fee, EMD, Affidavit and Bank certificate for Credit Facility**

Executive Engineer Office, M.I. Division, Koderma / S.E. Office M.I. Circle Hazaribagh /Executive Engineer Office, M.I. Design Division, Ranchi.

Executive Engineer,
Minor Irrigation Division,Koderma.

PR 288077 Minor Irrigation(22-23).D


## परमेश्वरी मेडिकल सेंटर में दो बेड का मिनी आइसीयू रूम का निदेशक डॉ ज्वाला प्रसाद सिंह ने किया शुभारंभ

# बड़े शहरों की तरह मिलेगी गढ़वा के मरीजों को राहत

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढवा।** जिला मुख्यालय के ख्याति प्राप्त अस्पताल परमेश्वरी मेडिकल सेंटर में अस्पताल एवं सीपाका कंपनी के संयुक्त तत्वावधान में ( एचडीयू हाइ डिपेंडेंसी यूनिट) मिनी आइसीयू का शुभारंभ अस्पताल के संस्थापक डॉ. ज्वाला प्रसाद सिंह ने फीता काटकर किया। मौके पर अस्पताल के प्रसिद्ध लेप्रोस्कोपी सर्जन सह अस्पताल के एमडी डॉ कुमार निशांत सिंह ने एच डी यू से मरीजों को होने वाले लाभ के बारे में विस्तार से पत्रकारों को बताया। उद्घाटन के पश्चात अस्पताल के सस्थापक डॉ ज्वाला प्रसाद सिंह ने बताया कि पिछले आठ अगसत से अस्पताल में आठ बेड का आइसीयू चल रहा है। अब दो बेड का हाइ डिपेंडेंसी यूनिट (मिनी आइसीयू) का उदघाटन किया गया है। इससे मरीजों को आइसीयू के खर्च से आधे रेट में सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी। उन्होंने कहा कि इसका लाभ वैसे मरीजों को मिलेगा जो आइसीयू से रिकवर कर जायेंगे, लेकिन उन्हें अस्पताल में रहने तथा उन्हें विशेष देखभाल की जरूररत पड़ेगी उन्हें इसमें रखा जायेगा।

### गढ़वा में सुपर स्पेशलिटी सुविधा देने का प्रयास : डॉ निशांत

अस्पताल के एमडी सह प्रसिद्ध सर्जन डॉ कुमार निशांत ने कहा कि परमेश्वरी मेडिकल सेंटर गढ़वा जिला वासियों को चिकित्साा के क्षेत्र में सुपर स्पेशलिटी सुविधा उपलब्ध कराने के प्रति संकल्पित है। उन्होंने कहा कि गढ़वा का यह पहला अस्पताल है जहां लेप्रोस्कोपी विधि से मरीजों का ऑपरेशन किया जाता है। पहले गढ़वा में यह सुविधा उपलब्ध नहीं थी। इसके लिये पहले मरीजों को बड़े शहरों में जाना पड़ता था। उन्होंने कहा कि आगे भी अस्पताल के द्वारा सुपर स्पेशलिटी से जुड़ी सुविधायें उपलब्ध करायी जायेगी।

### हाइ डिपेंडेंसी यूनिट से मरीजों को मिलेगा लाभ

अस्पताल के आइसीयू के प्रमुख समन्वयक मो. आशु ने बताया कि हाई डिपेंडेंसी यूनिट में भी आइसीयू की तरह इलाज का तरीका एक है। उन्होंने कहा कि कम पैसे में आइसीयू सेवा उपलब्ध कराने का यह प्रयास अस्पताल प्रबंधन के द्वारा किया गया है। यह सिपाका की पहल है। इससे पहले 22 अगस्त 2022 को अस्पताल में आइसीयू की शुरूआत की गयी थी। उन्होंने कहा कि अस्पताल में हाइडी डिपेंट मोनिटर, वेंटीलेटर, वाइपेप, एपजी मशीन उपलब्ध है जो गढ़वा में अन्यत्र इसकी सुविधा उपलब्ध नहीं है। यह सारी सुविधायें अब परमेश्वरी अस्पताल में उपलब्ध होंगी।

### मौके पर ये थे उपस्थित

उद्घाटन के मौके पर डॉ हेमंत कुमार, डॉ किंग्सी टेक्नीशियन मो मंजर, मुकेश यादव, रूक्साना परवीन, शाहीन परवीन, आरजू श्रीवास्तव, शिमला कुमारी, अंजू कुमारी, यूनिट समन्वयक दीपशिखा एवं राजन श्रीवास्तव सहित कई लोग उपस्थित थे।

**सलाह : तोरपा में परीक्षा पे चर्चा के तहत श्री हरि उच्च विद्यालय में आयोजित हुई पेंटिंग प्रतियोगिता**

# परीक्षा से घबराना नहीं चाहिए : कड़िया मुंडा



पद्मभूषण कड़िया मुंडा का स्वागत करतीं छात्राएं।

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**खूंटी।** पद्मभूषण कड़िया मुंडा ने कहा कि विद्यार्थियों को परीक्षा से घबराना नहीं चाहिए, क्योंकि परीक्षा से ही उनके जीवन का मूल्यांकन नहीं होता। यह तो जीवन का मात्र एक अंग है। उन्होंने कहा कि अब तो खेलकूद में भी बच्चों का उज्जवल भविष्य बनने लगा है। कड़िया मुंडा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम के तहत केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा के सौजन्य से खूंटी डीएवी पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को आयोजित आर्ट एवं पेंटिंग प्रतियोगिता को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। आर्ट एवं पेंटिंग प्रतियोगिता में स्कूल के 700 बच्चों ने भाग लिया। निर्णायक मंडली में शामिल राजकुमार गुप्ता, गिरीश चंद्र जायसवाल, मदन मोहन मिश्रा, शिक्षक राकेश कुमार, जीसी घोष और डेजी झा के संयुक्त निर्णय के आधार पर प्रतियोगिता का परिणाम घोषित किया गया। इसमें प्रथम स्थान कक्षा 12वीं की छात्रा वर्षा रानी, द्वितीय स्थान कक्षा 10वीं की छात्रा आयुषी कुमारी और तृतीय स्थान कक्षा नौवीं ए की छात्रा पंखुड़ी मिश्रा और पायलरानी को मिला। प्रथम तीन स्थान पर आनेवाली इन छात्राओं को प्रशस्ति पत्र के साथ ही अन्य पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में भाजपा के जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार, जगन्नाथ मुंडा, वयोवृद्ध कार्यकर्ता मुनिनाथ मिश्रा, पूर्व जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश कश्यप, मदन मोहन मिश्रा, भीम सिंह मुंडा, संजय साहू, राजकुमार गुप्ता, प्रियांक भगत, रंदाय नाग, सुदामा मिश्रा आदि उपस्थित थे।

## धैर्य व प्रयास से निश्चित सफलता मिलती है : कोचे मुंडा

**तोरपा (आजाद सिपाही)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को श्री हरि प्लस टू विद्यालय में आर्ट एवं पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें महात्मा एनडी ग्रोवर डीएवी हाई स्कूल और श्री हरि विद्यालय के 10वीं से लेकर 12वीं कक्षा के 341 बच्चों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक कोचे मुंडा ने किया। प्रतियोगिता के लिए छात्र-छात्राओं को कई थीम दिये गये थे, जिन्हें चित्रांकन के माध्यम से उन्हें दर्शाना था। प्रतियोगिता में सफल 38 छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में पहले स्थान पर श्री हरि प्लस टू स्कूल की 12वीं कक्षा के छात्र सोमा मुंडा, दूसरे स्थान पर 12वीं की छात्रा सलीमा परवीन



और तीसरे स्थान पर उसी स्कूल की 10वी की छात्रा चांदनी कुमारी रही। 25 विद्यार्थी को सुपर आर्ट वारियर्स और 10 बच्चों को एक्सेलेंट आर्ट वारियर्स के रूप में सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले सभी छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र दिया गया। विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए विधायक कोचे मुंडा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने 2018 में भी परीक्षा से पूर्व इस तरह की प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया था, ताकि बच्चों में परीक्षा के दौरान तनाव कम हो सके। बच्चों में परीक्षा के भय को दूर करने के लिए प्रधानमंत्री द्वारा 27 जनवरी को भी सुबह 11 बजे परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के तहत कई स्कूलों के छात्र-छात्राओं को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि मोदी ने सकारात्मक सोच के तहत इस कार्यक्रम के आयोजन का निर्देश दिया है। इससे विद्यार्थियों में आत्मविश्वास बढ़ेगा और वह अपने आप को प्रतियोगिता परीक्षा के लिए तैयार कर पाएंगे। उन्होंने कहा कि धैर्य के साथ प्रयास करने से निश्चित सफलता मिलती है। मौके पर डीएवी स्कूल के प्रधानाध्यापक ज्ञान हंस ओझा, लक्ष्मीकांत नारायण बड़ाईक, संजय यादव, भाजपा के मंडल अध्यक्ष पुरेंद्र मांझी, नीरज जायसवाल, उमेश नाग, मनोज नाग, वीणा रोज बाखला, नीलम तिर्की, सुनीता लकड़ा, ज्योति कंडुलना, सारिका पूर्ति, जेसिका खेस, उर्सेला आईंद, सुशीला डोडराय, नॉवेल धान, इंद्रनील भटाचार्य, विनोद भगत, कृष्णा भगत, महावीर साहू, नीरज जायसवाल, श्याम साहू, प्रतिभा कुमारी, दीपक केशरी आदि थे।

## विधायक कोचे मुंडा का दिखा मानवीय रूप, रास्ते में पड़े मोतियाबिंद पीड़ितों को पहुंचाया अस्पताल

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** तोरपा विधायक कोचे मुंडा का मानवीय रूप देखने को मिला। उन्होंने सड़क पर लाचार पड़े तीन वृद्ध मरीजों को अपनी गाड़ी से अस्पताल पहुंचाया, जहां शुक्रवार को तीनों के मोतियाबिंद का आपरेशन किया गया। जानकारी के अनुसार कोचे मुंडा गुरुवार को तोरपा से खूंटी की ओर जा रहे थे। जापुद गांव के पास सड़क किनारे पड़े तीन मरीजों पर उनकी नजर पड़ी। उनकी आंखों का मोतियाबिंद एडवांस स्टेज तक पहुंच चुका था। गाड़ी रोककर विधायक उनके पास पहुंचे, तो उन्हें पता चला कि तोरपा प्रखंड के उयुर गुड़िया गांव के रहने वाले है विनसेंट भेंगरा और उसकी पत्नी उसेर्ला भेंगरा की कोई संतान नहीं है, जबकि बोसया आईंद रनिया का रहने वाला है और उसका बेटा पुलिस विभाग में काम करता है, पर पिता का कभी सुधि नहीं लेता। मरीजों ने बताया कि रांची के एक नामी अस्पताल का दलाल उन्हें मोतियाबिंद का मुफ्त आपरेशन कराने के लिए रांची ले जा रहा था। इसके लिए उनसे 1250 रुपये की मांग की गई थी। पर रास्ते में दलाल को जब पता चला कि तीनों मरीजों के पास आयुष्मान कार्ड नहीं है, तो जापुद गांव के पास गाड़ी से उन्हें उतारकर भाग गया। इसी बीच विधायक कोचे मुंडा वहां पहुंचे और तीनों मरीजों को अनिगड़ा स्थित एसजीवीएस अस्पताल में भर्ती कराया, जहां शुक्रवार को आखों का आपरेशन हुआ।

## सोनाहातू में आयोजित टुसू मेले में मुर्गा लड़ाई और क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**सोनाहातू (आजाद सिपाही)।** शिक्षित बेरोजगार संघ के तत्वावधान में शुक्रवार को स्थानीय क्रिकेट मैदान झारखंड टुसू मेला में मुर्गा लड़ाई एवं क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें झारखंड की संस्कृति देखने को मिली। मेले में विभिन्न गांवों से बडे-बड़े चौड़ल टुसू लाए गए थे। मेले में जिप सदस्य मंजू सिंह, पूर्व जिप उपाध्यक्ष चितरंजन महतो, समाजसेवी तारणी सिंह मुंडा, छात्र नेता देवेंद्र नाथ महतो, मुखिया सविता देवी, उपमुखिया वीणापानी देवी, पंसस रायमनी देवी, शिक्षित बेरोजगार संघ के अध्यक्ष भीष्मदेव महतो आदि पहुंचे। टुसू में प्रथम पुरस्कार आरराडीह, द्वितीय पुरस्कार बुढ़ाडीह, तृतीय पुरस्कार गितिलडीह बुंडू को दिया गया। इसके अलावे मेले में लाए गए सभी चौड़ल दलों को सांत्वना पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। वहीं, क्रिकेट में दानाडीह टीम विजेता व बाजार टांड़ टीम उपविजेता बना। मौके पर धर्मेंद्र महली, वीरेंद्र लोहरा, खगेंद्र राजवंश, विपिन पाल, लखी मांझी, बिसनाथ महतो, जयप्रकाश महतो, सुषेण प्रमाणिक आदि का सराहनीय योगदान रहा।

## राहे सर्वोदय स्कूल को मिला 2023 का शिक्षा रत्न पुरस्कार



**राहे (आजाद सिपाही)।** यूनिवर्सल मेंटर्स एसोसिएशन की ओर से आयोजित पांचवी एडु लीडर्स सम्मान समारोह 2023 होटल लीला एबियंस नई दिल्ली में आयोजित किया गया। जिसमें राहे के सर्वोदय स्कूल को शिक्षा रत्न पुरस्कार से नवाजा गया। स्कूल के निदेशक सुनील महतो को शिक्षा रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में 250 स्कूल के प्रिंसिपल, डायरेक्टर और 40 स्कूल के उएड ने हिस्सा लिया। सम्मान समारोह का संचालन यूनिवर्सल मेंटर्स एसोसिएशन के फाउंडर संदीप गुलाटी ने किया। कार्यक्रम का उद्घाटन मनीष नायडू, सुषमा शेरावत, गौतम राजगरिया ने दीप प्रज्वलित कर किया।

## मुंडारी भाषा की शिक्षिका का हिंदी में तबादले से विवाद

**अड़की (आजाद सिपाही)।** खूंटी जिला शिक्षा पदाधिकारी ने अड़की के कृष्ण बल्लभ उच्च विद्यालय के मुडारी विषय की सहायक शिक्षिका पालवती ओरेया को माडल उच्च विद्यालय में हिंदी विषय में परतिनियोजित कर दिया है। इसे रद्द करने के लिए छात्राओं ने डीएससी को पत्र लिखा है। कहा गया है कि लगभग 150 मुडारी विषय रखे है उनकी पढाई ठप हो गयी है। डीएससी के पत्रांक 1482 दिनांक 7 दिसम्बर 2022 को आदेश दिया गया है। यह जांच का विषय है कि मुडारी शिक्षक को हिंदी में कैसे भेजा गया।

## परीक्षा के परिणाम की चिंता न कर अच्छा नागरिक बनें : नीलकंठ मुंडा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**खूंटी।** परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम के तहत स्प्रिंगडेल्स पब्लिक स्कूल परिसर में भी शुक्रवार को आर्ट एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न स्कूलों से आए 250 बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम में खूंटी के विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए थे। उन्होंने बच्चों का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि यह परीक्षा जीवन की परीक्षा नहीं है। इसलिए परिणाम की चिंता किए बगैर बेहतर नागरिक बनने के लिए काम करें। प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र एवं पारितोषिक देकर सम्मानित किया



गया। कार्यक्रम का संचालन भाजपा के जिला महामंत्री विनोद नाग ने किया। स्कूल के प्राधानाध्यापिका संगीता मांझी ने अतिथियों का स्वागत किया। धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम प्रभारी रूपेश जायसवाल ने किया। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि काशीनाथ महतो, नगर पंचायत अध्यक्ष अर्जुन पहान, बिरसा कॉलेज के पूर्व प्राचार्य नरोत्तम मांझी, भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर गुप्ता, उपाध्यक्ष कैलाश राम और संजय साहू, जनजाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष योगेंद्र नायक, वरिष्ठ अधिवक्ता आशुतोष भगत, महेंद्र भगत, परिमल घोष, राजेश महतो सहित अन्य कार्यकर्ता और अभिभावकगण उपस्थित थे।

## खलारी में रोजगार मेला 25 जनवरी को




**खलारी (आजाद सिपाही)।** झारखंड सरकार के कल्याण विभाग की ओर से 25 जनवरी को खलारी प्रखंड कार्यालय परिसर में रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। जिसमें केवल झारखंड के युवक-युवतियों द्वारा मैन्युफैक्चरिंग ट्रेड, कंट्रक्शन ट्रेड, सिलाई मशीन ऑपरेटर ट्रेड में नौकरी पाने के इच्छुक लोग निःशुल्क प्रशिक्षण प्राप्त कर सकेंगे। इसके लिए 18 वर्ष से लेकर 32 वर्ष के युवक और युवती प्रशिक्षण में शामिल हो सकते हैं।

## महिला समूह के बीच तीन मिनी ट्रैक्टर का वितरण

**सोनाहातू (आजाद सिपाही)।** जेएसएलपीएस व भूमि संरक्षण विभाग की ओर से शुक्रवार को प्रखंड के जेएसएलपीएस कार्यलय में तीन महिला समूह के बीच 90 प्रतिशत अनुदान पर तीन मिनी ट्रैक्टर और रटावेटर का वितरण किया गया। मिनी ट्रैक्टर का वितरण जिप सदस्य मंजू सिंह मुंडा, विधायक प्रतिनिधि चितरंजन महतो, सीओ प्यारेलाल और बीपीएम अभिलाषा कुमारी ने संयुक्त रूप में किया। प्रखंड के जय मां दुर्गा महिला समिति महकमसीला, मां दुर्गा महिला समिति बारुहातू और झारखंड महिला समिति माचार्डीह के बीच मिनी ट्रैक्टर का वितरण किया



गया। इस दौरान तीनों महिला समूह के सदस्यों को ट्रैक्टर की चाबी सौंपी गई। इस मौके पर तारणी सिंह मुंडा, मुखिया सावना महली, बीपीएम अभिलाषा कुमारी, एफटीसी हीरालाल महतो, ललित कुमार धनेश्वर अहीर, शीला देवी, मैक्सिमा कुजूर अजित महतो, शंकर प्रामाणिक, मनोहर महली, डॉ विश्वनाथ महतो, सुषेण प्रमाणिक, बसंत महतो, विपिन महतो और मुकेश महतो उपस्थित थे।

## कहीं पुलिस, तो कहीं ग्रामीणों ने नष्ट की अफीम की फसल

**तमाड/ अड़की/ बुंडू (आजाद सिपाही)।** प्रशासन की अपील व सख्ती का असर दिखने लगा है। कहीं पुलिस तो कहीं ग्रामीणों ने खुद से अफीम की फलट नष्ट कर दी। जानकारी के मुताबिक तमाड़ थाना के चुटियाबेरा गांव के जंगल क्षेत्र में पुलिस ने एसएसबी बासूकोचा के सहयोग से अभियान चलाकर करीब 16 एकड़ में लगे अफीम की खेती को नष्ट कर दिया। वहीं, बुंडू थाना क्षेत्र के हेट काची में शुक्रवार को पांच एकड़ में लगी अफीम की फसल को पुलिस ने नष्ट कर दिया। जानकारी के अनुसार हेड कांची क्षेत्र में इन दिनों अफीम की खेती की जा रही थी जिसकी जानकारी मिलते ही पुलिस ने छापामारी कर अफीम की फसल को नष्ट कर दिया। दूसरी ओर, अड़की थाना क्षेत्र के बडानी गांव में गामीणों ने शुक्रवार को डीसी, एसपी, थाना प्रभारी और बीडीओ के कहने पर खुद ही अपने अवैध पोस्ता के फसलों को नष्ट कर दिया। कदलहातु स्कूल के नीचे खेत में व बढ़ानी नदी के किनारे जितनी भी अफीम की खेती की गई थी उसे नष्ट किया गया। ग्रामीणों ने प्रशासन से अपील की कि जगह-जगह बोरिंग किया जाए। उसके बाद सब्जी मंडी खोला जाए। प्रधानमंत्री आवास दिया जाए, रोजगार उपलब्ध कराया जाए ताकि लोग अफीम की खेती ना करें।

**अखिल भारतीय दुसाध (पासवान) कल्याण समिति एनके पिपरवार का वनभोज सह मिलन समारोह**

## शिक्षित होंगे, तभी समाज का होगा विकास : जवाहर पासवान

**खलारी (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय दुसाध (पासवान) कल्याण समिति एनके पिपरवार क्षेत्र के तत्वाधान में शुक्रवार को वनभोज सह मिलन समारोह का आयोजन सपही नदी तट पर किया गया। इसमें लातेहार के पूर्व विधायक बलजीत पासवान के अलावा जवाहर पासवान, कन्हाई पासवान, बृजकिशोर पासवान, जयप्रकाश पासवान, अर्जुन मांझी, महेश पासवान, सुभाष पासवान, विनोद बिहारी



पासवान, गोपाल पासवान आदि उपस्थित थे। अपने संबोधन में बलजीत पासवान ने कहा कि आज भी समाज दूसरों की अपेक्षा शिक्षा, राजनीति व आर्थिक रूप से काफी पीछे है। इन सारी समस्याओं को दूर करने और अपना हक लेने के लिए एकजुट होकर संघर्ष करना होगा। वहीं जवाहर पासवान ने अपने वक्तव्यों में कहा कि आज से ही प्रण ले कि संगठन व समाज के सभी लोग एकजुट और निष्ठा के साथ काम करेंगे। कहा कि समाज का विकास तभी होगा, जब शिक्षा व रोजगार दोनों में समाज के लोग आगे बढ़ेंगे। वहीं दूरदराज से आये हुए अतिथियों को बुके व अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन मिथिलेश पासवान व धन्यवाद ज्ञापन दिलीप पासवान ने किया।

**महत्वपूर्ण न्यूज**

## ड्यूटी के दौरान जैप-8 के जवान का निधन, पिपरवार में शोक की लहर



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के सीसीएल कर्मचारी स्व. राम प्रसाद के पुत्र 45 वर्षीय शिव कुमार साह का शुक्रवार की सुबह निधन हो गया। उनका पूरा परिवार पिपरवार क्षेत्र के बचरा बसंत विहार कालोनी में रहता था। शुक्रवार की सुबह अचानक उनके निधन की सूचना आते ही पूरे पिपरवार कोयलांचल में शोक की लहर दौड़ गई। बताया जा रहा कि वह जैप-8 में ड्यूटी पर तैनात था। इसी दौरान तबीयत बिगड़ गया और अचानक निधन हो गया। वह मूलरूप से गढ़वा जिले के चौका गांव का रहने वाले थे। उनका बड़ा पुत्र डीएवी कपिल और छोटा पुत्र डीएवी बचरा में पढ़ता है। उनके निधन से उनके परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। उनके परिजनों ने बताया कि जैप-8 मुख्यालय मे उन्हें श्रद्धांजलि देने के बाद उनके पैतृक गांव में उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। उनके निधन पर पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के कई लोगों ने दुख प्रकट किया है। दुख प्रकट करने वालों में प्रदीप साव,अब्दुल कुदूस, राजीव रंजन प्रसाद,रविन्द्र सिंह,प्रमोद कुमार,कुदूस खान,महावीर साव,रौशन गुप्ता,महेन्द्र साव,मन्जुर आलम सहित कई लोगों का नाम शामिल है।

## बुंडू में जंगली हाथियों का उपद्रव, कई मकानों को किया ध्वस्त, किसानों के अनाज खाये, नष्ट किया



**बुंडू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड स्थित खुदी मधुकम गांव के मुड़हू टोला में गुरुवार की रात 40-45 की संख्या में हाथियों का दल राज किशोर महतो नंद किशोर महतो बुधन लाल मुंडा के अलावा कई लोगों के खलिहान में रखे धान को खा गए। गांव के ही चार पांच अन्य लोगों की आलू, बैंगन की फसल को नष्ट कर दिया। ग्रामीणों ने बताया कि जंगली हाथियों का दल रात 11 बजे गांव के किनारे पहुंचकर उत्पात मचाना शुरू कर दिए। जंगली हाथियों के गरजने के कारण डर से ग्रामीण छिपे रहे। करीब दो घंटे तक जंगली हाथियों ने खलिहान में उपद्रव मचाया और धान को खा गए। गांव के किनारे लगे जल मीनार के पाइप को भी तोड़ दिया। ग्रामीणों ने वन विभाग के अधिकारियों से क्षति का उचित मुआवजा देने की मांग की है। दूसरी ओर, घटना की जानकारी मिलते ही मुखिया सिद्धार्थ मुंडा ने गांव का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि वन विभाग की उदासीनता के कारण ग्रामीणों को भारी क्षति हुई है। इसलिए उचित मुआवजा मिलना चाहिए जंगली हाथियों को भगाने की दिशा में कोई पहल नहीं की जा रही है। इससे ग्रामीण भयभीत हैं

## विधायक सुदेश महतो के नाना का निधन, शोक



**सिल्ली (आजाद सिपाही)।** विधायक सुदेश महतो के 89 वर्षीय नाना छोटा मुरी निवासी रामेश्वर महतो की शुक्रवार को उनके आवास पर निधन हो गयी। इस सूचना के बाद क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। विधायक समेत अन्य आजसू कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग शोकाकुल परिजनों से मिलने पहुंचे। रामेश्वर महतो पहले फौज में थे। उसके बाद रेलवे से रिटायर हुए थे। रिटायर के बाद से उनकी रुचि सामाजिक व धार्मिक कार्यों में थी। उनका अंतिम संस्कार देलबेड़ा घाट पर किया।

## सिल्ली के कोंकालगाम गांव में साधू मेला संपन्न



**सिल्ली (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के बंता हजाम दक्षिणी पंचायत के कोंकालगाम गांव टुंगरी परिसर में शुक्रवार को हर्षोल्लास के साथ साधु मेला संपन्न हुआ। मेले में बतौर मुख्य अतिथि गूंज के संयोजक जयपाल सिंह, अध्यक्ष सुनील सिंह, बंता हजाम दक्षिणी पंचायत के मुखिया गंगानारायण सिंह मुंडा, पंसस सबीता महतो, सुचांद महतो आदि शामिल हुए। मेले में आए चौड़ल प्रदर्शनी के प्रतीभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। मेले में आसपास के कई गांव के लोग शामिल हुए। मेले में आए लोगों ने पहाड़ पर स्थापित शिव पार्वती पूजा अर्चना की। मेले में मुर्गा लड़ाई, पांता नाच एवं झुमर गीत सांस्कृतिक कार्यक्रमो का भी आयोजन किया गया। मेले के सफल आयोजन में वंशीधर महतो, उमेश कुमार महतो, रामकुमार महतो, बासुदेव महतो, बोधन महतो, रघुनाथ महतो, लक्ष्मीनारायण महतो, गोविंद महली, रामबृक्ष मसली, परमेश्वर मुंडा, प्रदीप महतो समेत ग्रामीणों का सराहनीय योगदान रहा।

## सोनाहातू में पीसीसी सड़क का शिलान्यास



**सोनाहातू (आजाद सिपाही)।** विधायक निधि से शुक्रवार को प्रखंड के दिड़सीर गांव में 300 फिट पीसीसी और सोनाहातू हरिजन कलोनी में 450 फीट पेवर ब्लॉक सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास जिला परिषद् सदस्य मंजू सिंह और विधायक प्रतिनिधि चितरंजन महतो ने संयुक्त रूप में किया। ग्रामीणों की ओर से इस सड़क का निर्माण काफी दिनों से करने के लिए सिल्ली विधायक सुदेश महतो से मांग किया था। इस मौके पर समाजसेवी तारणी सिंह मुंडा, मुखिया सावना महली, डॉ विश्वनाथ महतो, सुषेण प्रमाणिक, मिहिर महतो, बसंत महतो, विपिन महतो और मुकेश महतो आदि उपस्थित थे।

## अफीम की खेती करने के आरोप में गिरफ्तार आरोपित को भेजा गया जेल

**अड़की (आजाद सिपाही)।** अड़की पुलिस ने शुक्रवार को कांड संख्या 10/21 एनडीपीएस एक्ट के वारंटी माइलपिडी गांव निवासी विश्वास मुडू को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थाना प्रभारी मो इकबाल हुसैन ने बताया कि अफीम की खेती करने से रोकने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। दूसरी ओर, कांड संख्या 2/2023 एनडीपीएस एक्ट के अवैध तरीके से अफीम की खेती करने के आरोप में गुरूदयाल मुंडा नामक व्यक्ति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। वह बडानी गांव का रहने वाला था।

## वाइबीएन में हैप्पीनेस एक्सप्रेस की एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** वाइबीएन विश्वविद्यालय में दिल्ली की संस्था मैनिफाई फाउंडेशन के हैप्पीनेस एक्सप्रेस का एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में ह्यूमैनिफाई के फाउंडर चेयरमैन नीरज गेरा ने विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं को मासिक धर्म जैसे संवेदनशील और महत्वपूर्ण विषय से संबधित कुछ अति आवश्यक जानकारी दी और पीरियड्स से जुड़ी हुई कुरीतियों एवं भ्रांतियों के बारे में एक अनूठे अंदाज में कार्यशाला आयोजित की। साथ ही कार्यशाला में मेडिटेशन प्रोग्राम के साथ-साथ बच्चों को अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिये प्रोत्साहित एवं केंद्रित करने पर फोकस किया गया। इस कार्यक्रम में न केवल छात्रायें उपस्थित थी, बल्कि छात्रों ने भी इस कार्यशाला में भाग लिया। इस दौरान नीरज गेरा ने मौजूद छात्र-छात्राओं को अपने लक्ष्यों के प्रति सजग रहने और उन तक पहुंचने के तरीकों के बारे में भी जानकारी दी। कार्यक्रम से अभिभूत छात्र छात्राओं ने कार्यक्रम के बाद एक नयी ऊर्जा से परिपूर्ण होने की बात कही। साथ ही छात्र छात्राओं ने मासिक धर्म से संबंधित विषय को इस अनूठे अंदाज में स्पष्टता से समझाने के लिये आयोजको का धन्यवाद किया। कार्यक्रम में वाइबीएन विश्वविद्यालय के मुख्य कार्यकारी अधिकारी इंजीनियर दीपक कुमार, कुलपति प्रोफेसर डॉ.एसपी यादव, कुलसचिव प्रोफेसर डॉ. श्रीरमन दुबे, उप कुलसचिव संजय तिवारी, डीएसडब्लू डॉ अर्पणा शर्मा एवं विश्वविद्यालय के डीएन, प्रिंसिपल एचओडी सहित तमाम टीचिंग एवं नॉन टीचिंग स्टाफ मौजूद थे। कुलपति प्रोफेसर डॉ एसपी यादव ने छात्र-छात्राओं को मासिक धर्म के विषय पर प्रभावशाली कार्यशाला लेने के लिये नीरज गेरा की हृदय से प्रशंसा की।

## केंद्रीय टीम ने योजनाओं का किया स्थल निरीक्षण



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** केंद्रीय ग्रामीण विकास विभाग की एक टीम शुक्रवार को प्रखंड मुख्यालय पहुंची। टीम ने नामकुम प्रखंड के बड़ाम, हहाप तथा सिलवे में चल रही विकास योजनाओं स्थल का निरीक्षण किया। जिसमें एनएलएम टीम से अमरनाथ पटेल तथा सुखविंदर सिंह ने प्रखंड में चल रही विकास योजनाओं की गहन समीक्षा की। जिसमे मुख्य रूप से सांसद आदर्श ग्राम योजना, मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना, 15वे वित्त, पेंशन तथा जेएसएलपीएस तथा अन्य योजनाओं के बारे में आवश्यक कागजात जांच किये तथा सभी संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। भ्रमण में प्रखंड विकास पदाधिकारी, महिला प्रसार पदाधिकारी, प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी, प्रखंड कृषि पदाधिकारी, सहायक अभियंता, कनीय अभियंता, मुखिया, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक तथा सभी जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। भ्रमण के दौरान मनरेगा लाभुक सुषमा कुमारी, सोनी देवी, विनोद मुंडा, रामटहल महतो तथा मुन्नी देवी एवं प्रधानमंत्री आवास योजना में महावीर गोप, बालमुनी देवी, सुरजी देवी, मुन्नी देवी तथा पुष्पा देवी के योजनाओं की जांच की गई।

## सड़क दुर्घटना में दो की मौत, एक घायल, रेफर

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** खरसीदाग ओपी क्षेत्र के भुसूर चौक के नजदीक शुक्रवार दोपहर सड़क दुर्घटना में दो व्यक्ति की मौत हो गयी जबकि एक युवक घायल है। घायल युवक को उपचार के लिये स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां गंभीर स्थिति होने के कारण प्राथमिक उपचार के बाद रांची रिम्स अस्पताल ले जाया गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच घटना की जानकारी ली तथा शव का पोस्टमार्टम के लिये रांची रिम्स भेज दिया। जानकारी के अनुसार भुसुर चौक के नजदीक एक बाइक पर सवार होकर तीनों युवक आ रहे थे। इसी दौरान बाइक सहित तीनों कंटेनर की चपेट में आ गये। जिसमें दो युवक की मौके पर ही मौत हो गयी एवं अन्य एक युवक घायल हो गया। पुलिस मौके पर पहुंचकर छत्तीसगढ़ नंबर की कंटेनर को जब्त कर लिया है। मृतक युवकों की पहचान पोखरटोली निवासी रोहित कुमार और तुलसी कुमार के रुप में की है।

## भू माफिया से जान का खतरा, डीजीपी से सुरक्षा की लगायी गुहार

**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के चिलदाग ग्राम निवासी पकलु चैधरी पिता स्व. सुरेश चौधरी ने पुलिस महानिदेशक झारखंड सहित अन्य वरीय पुलिस प्रशासनिक अधिकारियों को एक आवेदन देकर भू माफियाओं से अपने और परिवार की सुरक्षा की गुहार लगायी है। प्रेषित आवेदन में आरोप लगाया है कि सदर थाना क्षेत्र के मौजा बुटी मे करीब 8 एकड़ 76 डिसमील जमीन पर उन्हें उतराधिकारी प्राप्त हुआ है। यह जमीन उनके दादा जी को बंटवारा वाद संख्या 119/1940 के तहत प्राप्त हुआ है। तब से उक्त जमीन पर उनके परिवार का दखल-कब्जा है। पिछले दिनों जब इस जमीन का घेराबंदी कार्य कराया जा रहा था तो इस दौरान सदर थाना प्रभारी कार्यस्थल पर पहुंचे तथा किसी अन्य व्यक्ति का इस जमीन पर दावे का कागजात दिखाते हुए काम को रोक दिया। पुनः विगत 13 जनवरी को शाम में उन्हें सदर थाना बुलवाया गया तथा एक पुलिस अवर निरीक्षक द्वारा डरा-धमका कर एक सादे कागज में जबरन किसी अन्य व्यक्ति के पक्ष में अपना दखल-कब्जा छोड़ने की बात लिखवायी गयी। पकलु चौधरी ने आवेदन में यह आरोप लगाया है कि सदर थाना प्रभारी एवं पुलिस अवर निरीक्षक द्वारा भू माफिया के साथ साठगांठ कर उनका भयादोहन किया जा रहा है। इससे उन्हें और उनके पुत्र को जान का खतरा है। उन्होंने जान-माल की रक्षा की गुहार लगाते हुए आवेदन की प्रति सीएम, मुख्य सचिव, भू-राजस्व सचिव, एसएसपी, आईजी समेत अन्य पुलिस प्रशासनिक अधिकारियों को प्रेषित की है।

## सड़क दुर्घटना में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल, रिम्स रेफर

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र में लापुंग सड़क पर गडरी गांव के समीप शुक्रवार की शाम लागभग छह बजे नगड़ी टोली गांव निवासी बाइक सवार मंगरु उरांव पिता स्व. बिरसा उरांव उम्र लगभग 45 वर्ष सड़क दुर्घटना में गंभीररूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही नेहालु के मुखिया बिरेंद्र भगत ने ग्रामीणों के सहयोग से सड़क पर पड़े घायल को 108 की मदद से बेड़ो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजवाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद डा कुसुम लता ने बेहतर उपचार के लिए रिम्स रेफर कर दिया। इधर घटना की जानकारी मिलने पर समाजसेवी जुगेश उरांव अस्पताल पहुंचे और घटना की जानकारी लेते हुए घायल को स्वजनों के साथ रिम्स भेजा। स्वजनों ने बताया की मंगरु उरांव लापुंग के दोलैचा गांव भाई भीख में शामिल होकर लौट रहे थे, तभी यह घटना हुई।

### प्रधानमंत्री प्रतियोगिता परीक्षा पर चर्चा का आयोजन किया गया

# भय और तनावमुक्त होकर परीक्षा का करें सामना : प्रो आदित्य प्रसाद साहू

आजाद सिपाही संवाददाता

**ओरमांझी।** एसएस हाइ स्कूल ओरमांझी में प्रधान मंत्री आर्ट एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह विशेष आयोजन राज्य सभा सांसद प्रो. आदित्य प्रसाद साहू के द्वारा किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा देश के तमाम वैसे विद्यार्थियों को योद्धा की तरह परीक्षा के सामना के लिए इस तरह का कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस प्रतियोगिता में रामगढ़, खिजरी, कांके से 22 शिक्षण संस्थानों के लगभग 4000 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में भाग लेने आए हुए विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए पद्मश्री मुकंद नायक ने कहा कि जीवन में मनुष्य को प्रत्येक दिन परीक्षा देना होता है। बलबीर दत ने कहा कि परीक्षा एक होम वर्क की तरह है। पूर्व सांसद रामटहल चौधरी ने कहा कि परीक्षा अपने आकलन का एक पैमाना है। कार्यक्रम के आयोजक सह राज्य सभा सांसद प्रो. आदित्य प्रसाद साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा यह आयोजन देश के सभी विद्याथीर्यों के लिए परीक्षा रुपी भय के इलाज के लिए राम वाण साबित होगा। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितिय, तृतीय और चतुर्थ स्थान में आने वाले प्रतिभागियों को मोमेंटो से पुरस्कृत किया गया। साथ ही अपने ग्रुप में सर्व श्रेष्ठ आने वाले प्रतिभागी को भी मोमेंटो से पुरस्कृत किया गया।

### परीक्षा में पास-फेल के लिए नहीं, जानकारियों के लिए लिखें : रामटहल चौधरी



### कार्यक्रम में इनका रहा योगदान

इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से पद्मश्री मुकंद नायक, पूर्व सांसद रामटहल चौधरी, राज्य सभा सांसद प्रो. आदित्य प्रसाद साहू, संपादक बलबीर दत्त, पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, भाजपा प्रदेश किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष अमरनाथ चौधरी, प्रमुख अनुपमा देवी, भाजयूमो अध्यक्ष किसलय तिवारी, अनिल टाइगर, राजकिशोर साहू, अलखनाथ महतो, राजेश गुप्ता, बालक पाहन, अमाल अंसारी, प्रो शैलेंद्र मिश्र, मानकी राजेंद्र शाही, दिलिप मेहता, शशि मेहता, आनंद महतो, गणेश महतो, लललिता देवी, आशीष कुमार साहू, भूपेश कुमार महतो, आफताब आलम, सन्तोष कुशवाहा, सत्यनारायण तिवारी, उमाशंकर साहू, पूर्व उप प्रमुख लालु उर्फ जयगोविंद साहू, विजय कुमार, विनोद सिंह संग प्रो अनिल कुमार, प्रो राम कुमार महतो, प्रो इकबाल अंसारी, प्रो रेणू कुमारी, प्रो योगेंद्र ठाकुर, प्रो अलका तिर्की,हार्णी कुमारी, प्रो रीना भारती ,पुष्पा टोप्पो,प्रो अनिता कुमारी आदि को विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन भाजपा प्रदेश कार्य समिति के सदस्य नरेंद्र सिंह के द्वारा किया गया।

# अधिकारियों से मिलीभगत कर ब्रोकरों ने कांके अंचल के गेतलातू मौजा की 4 .44 एकड़ जमीन की आनलाइन पंजी 2 में की छेड़छाड़

आजाद सिपाही संवाददाता



**कांके।** कांके अंचल अंतर्गत हल्का-9 मौजा गेतलातू के खाता संख्या- 86 रकबा--4.44 एकड़ जमीन में एनआइसी से जमीन की ऑनलाइन पंजी दो में छेड़छाड़ कर गलत ढंग से जमाबंदी कायम करने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में उपायुक्त रांची और अपर समाहर्ता रांची को सीओ दिवाकर सी द्विवेदी ने पत्र भेजकर आगे कार्रवाई के लिए दिशा निर्देश मांगा है। बताते चलें कि इस जमीन के ऑनलाइन पंजी 2 से छेड़छाड़ कर हेरा फेरी कर अवैध ढंग से जमाबंदी कायम करने का मामला अंचल कार्यालय कांके अंतर्गत का--9 मौजा- गेतलातू का है। गेतलातू मौजा की खाता संख्या 86, प्लॉट संख्या 591, 592, 593, 594, 634, 640, 641, 642, 653, 641/673, 651/674,652/675 की 4.44 एकड़ जमीन से प्लॉट संख्या 592 की क्रेता शिवाजी नगर,डुमरदगा की आशा देवी ने दाखिल खारिज के लिए आवेदन दिया। तब अंचलाधिकारी दिवाकर सी द्विवेदी ने पाया कि उक्त भूमि गेतलातू मौजा की 4.44 एकड़ जमीन का बंगाल कोलकोता से नकली डीड तैयार कराया गया है। उसके बाद एनआइसी के अधिकारियों के साथ मिलीभगत कर इसके ऑनलाइन पंजी--2 में छेड़छाड़, हेराफेरी कराकर उक्त जमीन की जमाबंदी भी खोला गया है। जो विक्रेता राज कुमार यादव के नाम से पंजी 2 के भाग संख्या 01,पृष्ट संख्या 204 पर दर्ज है। सीओ ने कर्मचारी एवं सीआइ की जांच रिपोर्ट के आधार पर पाया कि उक्त जमीन की कांके अंचल से कभी भी जमाबंदी नहीं खोला गया है। इसके बाद कांके सीओ ने इस जमाबंदी को उपायुक्त रांची एवं अपर समाहर्ता कार्यालय को सूचना देकर रद्द कराया। इस मामले मे सीओ ने जमीन मालिक बांका बिहार निवासी राज कुमार यादव, पिता-बंगाली यादव एवं जमीन का पावर होल्डर गेतलातू निवासी शिव दयाल महतो को अपना पक्ष रखने के लिए अंचल अधिकारी ने 01 नवंबर 2022, 18 नवंबर 2022, 24 दिसंबर 2022, 07 जनवरी 2023 को नोटिस भी भेजा। विक्रेता राज कुमार यादव एवं पावर होल्डर शिव दयाल महतो ने आखिरी दो तिथि में अपने वकील को अपना पक्ष रखने के लिए भेजा। लेकिन शिव दयाल महतो के वकील जमाबंदी को लेकर कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। उसके बाद भी दोबारा जमीन विक्रेता एवं पावर होल्डर अपर समाहर्ता द्वारा रद्द किये गये जमाबंदी को फिर से आंनलाइन छेड़छाड़ कर जमाबंदी खोलवा लिया है। अभी उक्त 86 खाता की प्लॉट संख्या 591 की 1.92 रकबा जमीन की मौजा- गेतलातु के भाग संख्या 01 पृष्ट संख्या 44 पर बिना डर भय के फिर से जमाबंदी खोलवाई है। सीओ ने कहा ऑनलाइन छेड़छाड़ मामले को लेकर जमीन मालिक राजकुमार यादव एवं पावरहोल्डर शिवदयाल महतो एवं उसके पीछे छिपे कुछ सफेदपोश जमीन ब्रोकर के खिलाफ कार्रवाई करने हके लिए वरीय अधिकारियों से निर्देश मांगा गया है। निर्देश मिलते ही आगे की कार्रवाई की जायेगी।

## 15वां स्थापना दिवस मनाया गया

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के जरिया गांव स्थित बाबा जय गुरुदेव आश्रम में शुक्रवार को 15वां स्थापना दिवस मनाया गया। जहां निःशुल्क चिकित्सा शिविर एवं दवा निशुल्क वितरण किया गया है। होम्योपैथिक के डा मनोज कुमार के द्वारा भाई-बहन आकर के किसी भी बीमारी का जांच करा सकते हैं समय 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक है। इस दौरान लोगों के बीच भंडारे का वितरण किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में जन्मेजय महतो, पवन महतो, प्रकाश गोप, संजय उरांव, सोमरा उरांव, प्रतिमा उराइन, शोहरी देवी, उर्मिला देवी, एनिमा देवी, कुंती देवी, यूपी देवी, सिंधु उरांव, दिनेश गोप, वीरचंद बैठा, नंद किशोर ठाकुर, हरक पूरीनाथ, बैजनाथ प्रसाद, बबलू महतो एवं सभी सत्संगी प्रेमियों ने सहयोग किया।

### विधायक ने आम जनता की समस्या को सुना और समाधान करने का भरोसा दिलाया

# मांडर विधायक ने किया चार तालाब और एक पुलिया और गार्डवाल का शिलान्यास

रामप्रसाद साहू



**लापुंग।** विधायक शिल्पी नेहा तिर्की द्वारा लाखो रुपया की लागत से चार तालाब भूमि संरक्षण विभाग से एवं एक गार्डवाल और पुलिया के शिलान्यास किया गया। ककरिया पंचायत के सेमला गांव में सहकारिता पशुपालन एवं कृषि विभाग के अंतर्गत भूमि संरक्षण विभाग से सेमला गांव में तालाब का गहरीकरण का शिलान्यास विधायक शिल्पा नेहा तिर्की एवं मुखिया बिरसमुन्नी देवी ने संयुक्त रूप से नारियल फोड़ कर किया। यह तालाब के गहरीकरण हो जाने से इस गांव के आसपास करें 20 से 25 एकड़ में रवि एवं गर्मा की खेती हो सकेगी। जिससे किसानों का आय में वृद्धि होंगी। मृदा एवं जल संवर्धन राइस फेलो विकास योजना, विशेष सिंचाई योजना अंतर्गत बंजर भूमि विकास योजना के तहत सरकरी एवं निजी तालाब का जीणोर्धार कराया जा रहा है। विधायक के द्वारा लापुग प्रखंड के सापुकेरा, दाढ़ी रामटोली, लोहागड़ा एवं सेमला तालाब का निर्माण और बड़काकुरा के देवीमंडप रोड से बरटोली जाने वाले रास्ता में गार्डवाल एवं पुलिया के शिलान्यास किया गया। विधायक ने गांव की आम जनता की समश्या को सुनजी एवं समाधान करने का भरोसा दिलायी। सेमला तालाब का लाभुक समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र उरांव, सचिव सुमन साहू, मुखिया बिरसमुनी देवी, रूपेश पाठक, शिवकुमार सिंह, सोनू मिंज, नकुल सिंह, नीलकमल साहू, दाड़ी तालाब जीर्णोद्धार में जयंत बरला, विधायक प्रतिनिधि सुदामा महली, उप प्रमुख विश्वनाथ मुंडा, जिप सदस्य हिंदिया टोप्पो, प्रमुख कंचन उरांव, भूतपूर्व सैनिक नारायण साहू, गंगाधर साहू, मंगल साहू, पूर्व प्रमुख सुशीला बरला के अलावे अन्य कार्यकर्ता एवं ग्रामीण मौजूद थे। वही दूसरी ओर शिला पट में स्थानीय जन प्रतिनिधि मुखिया, जिप सदस्य, प्रमुख का नाम नहीं होने से वे नाराज दिखे।

## बेड़ो में बाल संरक्षण पर एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में छोटानागपुर सांस्कृतिक संघ द्वारा प्रखंड एवं ग्राम बाल संरक्षण समिति के कार्य एवं भूमिका के प्रति समझ बढ़ाने लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया। कार्यक्रम में प्रमुख विनीता कच्छप बीडीओ डा. प्रवीण कुमार, सांसद प्रतिनिधि धनंजय कुमार राय, एसआइ शिवनाथ रंजन बाल विकास पदाधिकारी नायब जेबा मुखिया सुशांति भगत उपस्थित थे। जहां अतिथियों ने संयुक्त रूप से प्रशिक्षण का उद्घाटन किया। इस दौरान प्रशिक्षक के रूप में डा स्मिता गुप्ता एवं डा. सचि कुमारी ने प्रतिभागियों को जेजे एक्ट 2015 के तहत निर्दिष्ट समितियों एवं पोकसो एक्ट 2012 के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई। वही पदाधिकारियों ने कहा कि बच्चों के संरक्षण एवं विकास के लिए प्रखंड एवं ग्राम बाल संरक्षण समिति को मजबूत व सशक्त बनाना आवश्यक है। इसके अभाव में बच्चों के मुद्दे विधिवत रूप से जिला स्तरीय व्यवस्था तक नहीं पहुंचते। इसके लिए प्रशासनिक ढांचे को मजबूत करने के लिए ग्राम स्तर के समितियों को सक्रिय बनाया जाना चाहिए ताकि समस्याओं की शिघ्र पहचान कर समाधान किया जा सके। वही उपस्थित पदाधिकारियों ने करांजी, पुरना पानी, टेरो, बेड़ो, बारीडिह, जरिया, कटरमाली, मुड़ामु, खत्री खटंगा के समितियों को आदर्श समिति के रूप में स्थापित करने का संकल्प लिया गया। प्रशिक्षण मे आंगनबाड़ी सेविका, सहिया, महिला समूह की लीडर, सामाजिक संस्थाएं, ग्राम प्रधान प्रतीक, तारा देवी, अर्चना आईंद, रामप्रकाश, अनु मुंडा, उर्मिला देवी, बसंती देवी, नुरेशा खातून, बिरसा उरांव मौजूद थे।

## झामुमो का कार्यकर्ता मिलन सह वनभोज कार्यक्रम 23 जनवरी को

**कांके (आजाद सिपाही)।** झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रखंड समिति द्वारा कार्यकर्ता मिलन समारोह सह वनभोज कार्यक्रम 23 जनवरी को रेण्डो पतरातू स्थित महाराजा मदरा मुंडा स्टेडियम समीप रखा गया है। प्रखंड अध्यक्ष जावेद अख्तर अंसारी ने बताया कि इस मौके पर मुख्य अतिथि मंत्री झारखंड सरकार मिथिलेश ठाकुर, राज्यसभा सदस्य महुआ मांझी, पूर्व मंत्री मथुरा महतो, केंद्रीय महासचिव विनोद पांडेय, विधायक बसंत सोरेन, विधायक दीपक विरूवा, विधायक सविता महतो, केंद्रीय प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य, रांची जिला अध्यक्ष मुस्ताक आलम, पूर्व विधायक निजामुद्दीन अंसारी, हेमलाल मेहता, समनूर मंसूरी सहित गणमान्य नेतागण शामिल होंगे।

## आदिवासी जमीन की अवैध खरीद-फरोख्त के खिलाफ रैयतों ने दिया धरना




**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के हेसल मौजा में सीएनटी एक्ट का घोर उलंघन कर जमीन का अवैध हस्तानांतरण किये जाने के खिलाफ शुक्रवार को आदिवासी रैयतों ने प्रखंड मुख्यालय के समक्ष एक दिवसीय धरना दिया। धरना में हेसल के पंचायत समिति सदस्य मदरा मुंडा भी शामिल हुए। मौके पर उन्होंने कहा कि हेसल मौजा में भू कारोबारी काफी सक्रिय हैं तथा फर्जी भू दस्तावेज एवं वंशावली तैयार कर रैयतों की जमीन की धड़ल्ले से खरीद-फरोख्त की जा रही है। उन्होंने ग्रामीणों को ऐसे दलाल प्रवृति के लोगों के खिलाफ एकजुट होने का आहवान किया। धरना के पश्चात मुख्यमंत्री के नाम सीओ पुष्पक रजक, प्रमुख दीपा उरांव एवं उपप्रमुख जयपाल हजाम को एक ज्ञापन सौंपकर मामले की उच्चस्तरीय जांच कराने तथा वास्तविक रैयतों को उनका हक अधिकार दिलाने की मांग की गई। धरना कार्यक्रम में अजय पहान, धनेश्वर पहान, बबलु पहान, टिंकु पहान, नरेश पहान, दिपक पहान, सावना पहान, झामा पहान, चंचला पहान, संदीप पहान, सुरेश पहान, बुधूवा पहान, नितेश पहान, अंकित पहान, सुनीता देवी, मेतरी देवी, मुर्ति देवी, रासो देवी, जटल कुमारी, रितू देवी आदि शामिल थे।

# पलामू पुलिस लाइन में हुई फायरिंग, बाल-बाल बचे जवान

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**पलामू।** पलामू पुलिस लाइन में शुक्रवार को फायरिंग हो गई. गोली एक जवान को छूते हुए निकल गई और पास के पेड़ में लगी। गोली चलाने वाला जवान शराब के नशे में बताया गया है। सूचना के तुरंत बाद शहर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी जवान को हिरासत में ले लिया। एमआरएमसीएच में उसकी मेडिकल जांच करायी गई है। जिले के एसपी चंदन कुमार सिन्हा ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि दो जवानों के विवाद के बाद गोली चली है। जवान को निलंबित किया जाएगा। विभागीय कार्रवाई होगी. हालांकि विवाद के कारण के बारे में उन्होंने स्पष्ट नहीं किया। गोली चलाने वाले जवान की पहचान शशि रंजन और जिस पर गोली चली उसकी पहचान विरेन्द्र पासवान के रूप में हुई है। बताया जाता है कि शुक्रवार की सुबह करीब 9.30 बजे दो जवान पुलिस लाइन की सुरक्षा डयूटी में तैनात थे। चर्चा है कि एक जवान नशे में था। दूसरे जवान से विवाद कर रहा था। इसी बीच उसने दूसरे जवान को टारगेट कर कई बार बंदूक तान दी। बार बार गोली मार देने की बात कह रहा था। इसी बीच गोली चल गयी। दूसरे जवान ने गोली चलते ही बंदूक की दिशा ऊपर की ओर मोड़ दी, जिससे गोली ऊपर पेड़ में जा लगी। गोली चलने की आवाज सुनकर पुलिस लाइन के पदाधिकारी और जवान मौके पर पहुंचे। बाद में सूचना पर टाउन थाना की पुलिस भी पहुंच गई। गोली चलाने वाले जवान को पकड़ कर शहर थाना लाया गयाा। यहां उसे रखा गया। बाद में उसे मेडिकल जांच के लिए एमआरएमसीएच में भेजा गया। सूचना मिलने पर दोपहर के समय सहायक पुलिस अधीक्षक सह सदर एसडीपीओ ऋषभ गर्ग शहर थाना पहुंचे। उन्होंने शहर थाना प्रभारी अजय कुमार सिन्हा और सार्जेंट मेजर अनिश मोमित कुजूर से पूरे मामले की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि पूरे मामले की जांच की जा रही है. जवान पर निश्चित कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि विवाद को समझने की कोशिश की जा रही है, ताकि आगे किसी तरह की बड़ी घटना न हो।

## टुनटुनवा मंदिर में शिवलिंग की स्थापना 23 को



सतबरवा/पलामू (आजाद सिपाही)। सतबरवा टुनटुनवा मंदिर शिवलिंग का स्थापना को लेकर इसकी तैयारी पूरी कर ली गयी है। स्थापना दिवस पर पूरे क्षेत्र में लोगों को पूजा और कलश यात्रा में शामिल होने के लिए लोगों को आमंत्रित किया जा रहा है। 21 जनवरी को कलश यात्रा प्रातः 8 तथा पूजन एवं शिवलिंग स्थापना का शुभारंभ किया जायेगा। इसके साथ 22 जनवरी को शिव वास पूजन एवं आरती तथा 23 जनवरी को नगर भ्रमण एवं रुद्राभिषेक पूजन पूणार्हुति हवन एवं भंडारे का आयोजन किया गया है। टुनटुनवा शिव मंदिर बहुत पुराना मंदिर था, जो जर्जर हो गया था। जर्जर होने के बाद इसका जीर्णोद्धार कर नये बनावट के साथ मंदिर को बनाया गया है।

## आनंदमार्ग ने प्रथम फेज प्रथम डायोसिस सेमिनार का किया आयोजन




मेदिनीनगर(आजाद सिपाही)। आनंदमार्ग प्रचारक संघ के तत्ववाधान में प्रथम फेज प्रथम डायोसिस गया एवं रांची का सेमिनार शुक्रवार को मेदिनीनगर स्थित आनंद मार्ग जागृति परिसर में शुरू हुआ, जो अगले दो दिनों तक चलेगा। इस सेमिनार का मुख्य विषय पहला शिव की शिक्षा दूसरा अनूमन और भूमामन और तीसरा जीवन के सभी क्षेत्रों में पुनर्जागरण के साथ योग ध्यान की व्यवहारिक शिक्षा है। इस सेमिनार में बाहर से आए मुख्य प्रशिक्षक आचार्य सिद्धविद्यानंद अवधूत हैं साथ में आचार्य लीलामयानंद अवधूत,आचार्य दिव्यप्रानानंद अवधूत,आचार्य चंद्रेशानंद अवधूत और अवधूतिका आनंदसर्वज्ञ आचार्य भी मजूद हैं, जो अगले दो दिनों तक इस सेमिनार में भाग लेनेवाले लोगों को प्रशिक्षित करेंगे। शुक्रवार को सेमिनार से पहले 3 घंटे का अखंड कीर्तन बाबा नाम केवलम का कीर्तन कर इस सेमिनार का शुभारंभ किया गया। इस सेमिनार में पलामू, गया और रांची के अलग-अलग जगह से सैकड़ों लोग शामिल हुए। मौके पर आचार्य व्रजगोपालानंद अवधूत (डीएस गया) भुक्ति प्रधान मधेश्वर देव, वरिष्ठ आनंद मार्गी बैजनाथ, जगरनाथ, विश्वनाथ, सोनू, सरोज, रेनू, शारदा समेत अन्य लोग भी शामिल हुए।

# बीपीओ ने मनरेगा कर्मियों के साथ बैठक की, दिये कई निर्देश

**हुसैनाबाद आजाद सिपाही संवाददाता**

**हुसैनाबाद** प्रखंड कार्यालय के सभागार में शुक्रवार को प्रखंड बीपीओ बिष्णु प्रताप मिश्रा ने मनरेगा कर्मियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में रोजगार सेवक, कनीय अभियंता, जीआरएस कंप्यूटर आपरेटर आदि उपस्थित थे। बैठक में बीपीओ ने मनरेगा व 15वें वित्त योजना सहित अन्य योजनाओं की समीक्षा की। बैठक में बीपीओ ने मानव दिवस का लक्ष्य के अनुरूप सृजन करने, अधूरे योजनाओं को यथाशीघ्र पूर्ण करने,आम बागवानी के लिए नए



स्थल का चयन करने,मजदूरों का आधार इंट्री करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायतों में मनरेगा का कार्य चालू रखने सम्बंधित निर्देश दिया। ताकि स्थानीय मनरेगा मजदूरों को अपने ही क्षेत्र में अधिक से अधिक रोजगार उपलब्ध हो सके। उक्त सभी योजनाओं में मनरेगा मजदूरों को काम मिल सके इसके लिए सभी कर्मियों को धरातल पर गंभीरता से जुटने का निर्देश दिया। मौके पर सहायक अभियंता अमित मेहता, कनीय अभियंता नीरज गुप्ता, शिवनाथ राम, मणिकांत कुमार,आशीष कुमार, लेखा सहायक संजीव कुमार,रोजगार सेवक उमेश चौधरी, अजय कुमार, समीर आलम,नसीम अहमद, दिलीप सिंह समेत कई मनरेगा कर्मी मौजूद थे।

# चोरी की गयी दो स्कूटी बरामद, दो आरोपी गिरफ्तार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर के बाजार क्षेत्र से 18 व 19 जनवरी को लगातार दो दिनों में दो स्कूटी की चोरी की घटना में तत्परता दिखाते हुए चोरी गई दोनों स्कूटी को पुलिस ने बरामद कर लिया है। इस मामले में दो आरोपी पहाड़ी मुहल्ला निवासी फारुख अंसारी पिता मुस्ताक अंसारी व पाटन थाना के कसमार निवासी विकास कुमार यादव पिता स्व. राजू यादव को गिरफ्तार किया



है। गिरफ्तार विकास यादव फिलहाल चैनपुर थाना अंतर्गत झरिवा गांव में रहता है। पुलिस ने चोरी गई स्कूटी जेएच 03यू 2420 व जेएच01एडल्यू 1545 को चैनपुर के झरीवातथा शहर थाना क्षेत्र अंतर्गत चनमारी पहाड़ी से बरामद किया है। इस संबंध में सदर एसडीपीओ ऋषभ गर्ग ने बताया कि शहर थाना 18 जनवरी व 19 जनवरी को शहर थाना के व्यस्ततम इलाके से चोरी की घटना के बाद शहर थाना में कांड सं0 33/23 व कांड सं0-34/23 दर्ज किया गया था। उन्होंने बताया कि चोरी की लगातार घटित दो घटना को गंभीरता से लेते हुए वरीय पदाधिकारी के निदेर्शानुसार छापामारी टीम गठित की गई, जिसमें त्वरित कार्रवाई करते हुए चोरी की घटना में शामिल दो अपराधियों तथा चोरी गए स्कूटी को बरामद किया गया। छापेमारी दल में पुलिस अवर निरीक्षक रविशंकर, एएसआई नबी अंसारी, पुलिस जवान सरोज कुमार, सत्येन्द्र पाल, उपेन्द्र कुमार, सूरज कुमार यादव शामिल थे।

# डीसी कार्यालय में जनता दरबार का हुआ आयोजन



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** पलामू डीसी आंजनेयुलू दोड्डे ने शुक्रवार को अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार लगाकर लोगों की समस्याओं को सुनते हुए पदाधिकारियों को करवाई हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कुछ समस्याओं का तत्काल ही समाधान किया। वहीं अन्य प्राप्त समस्याओं एवं शिकायतों के निवारण के लिए उसे संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को भेज दिया। ज्ञातव्य है कि प्रत्येक मंगलवार और शुक्रवार को समाहरणालय में जनता दरबार का आयोजन किया जाता है जहां लोग अपनी समस्याओं को लेकर डीसी से मिल सकते हैं। चैनपुर के हरिनामाड़ से आये कैंसर पीड़ित सुनील राम ने डीसी को बताया कि उनका इलाज सीएमसी वेल्लोर में चल रहा है जिसके लिये उन्हें कुछ आर्थिक सहयोग की आवश्यकता है इस पर डीसी ने रेड क्रॉस के माध्यम से पीड़ित सुनील राम को 10 हजार रुपये की आर्थिक मदद की। इसी तरह उंटारी रोड से आये सुनील चौधरी ने डीसी को बताया कि वो अपना बवासीर का आपरेशन रांची में करवाये थे, लेकिन बेहतर इलाज के लिए उन्हें वेल्लोर जाना है। अतः उन्होंने भी डीसी से आर्थिक सहयोग की मांग की। इस पर श्री दोड्डे ने सुनील चौधरी को भी 10 हजार रुपये की आर्थिक मदद की। इसी तरह तरहसी से आये महेंद्र कुमार ने भी अपनी बेटी के इलाज हेतु आर्थिक सहयोग की मांग की इस पर उन्हें भी 10 हजार रुपए की मदद की। आज के जनता दरबार में दिव्यांग पेंशन से संबंधित कई मामलों को डीसी ने सामाजिक सुरक्षा विभाग को अग्रसारित करते हुए तत्काल सभी आवेदनों को स्वीकृत करने के निर्देश दिये। आज के जनता दरबार में मुख्य रूप से जमीन संबंधी,वृद्धा पेंशन,विकलांग पेंशन,प्रधानमंत्री आवास व म्यूटेशन से जुड़े आवेदन आये जिसे डीसी ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को अग्रसारित कर 15 दिनों के भीतर निष्पादित करने का निर्देश दिया।

# गणतंत्र दिवस को लेकर हुई बैठक झंडोत्तोलन का समय हुआ निर्धारित

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हुसैनाबादः** अनुमंडल कार्यालय के सभागार में शुक्रवार को गणतंत्र दिवस के झंडोत्तोलन को लेकर बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता अनुमंडल पदाधिकारी कमलेश्वर नारायण ने की। बैठक में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पूज्य प्रकाश, प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी,नगर उपाध्यक्ष गयासुद्दीन सिद्दीकी, सीओ नंद कुमार राम, बीडीओ रतन कुमार, पुलिस निरीक्षक दीपक कुमार, पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी



जगन्नाथ धान , उप प्रमुख इंदु देवी समेत शहर के कई गणमान्य लोग शामिल हुए। बैठक में क्षेत्र के विभिन्न कार्यालय और चौक-चौराहों पर झंडोत्तोलन का समय सारणी व अन्य कार्यक्रम पर विचार-विमर्श किया गया। इसके उपरान्त झंडोत्तोलन का समय निर्धारित किया गया। एसडीओ ने कहा कि जिन चौक-चौराहों व अन्य सार्वजनिक स्थलों पर झंडोत्तोलन होता है अगर वहां अतिक्रमण किया गया है तो उसे अतिक्रमण मुक्त करते हुए विधि व्यवस्था बनाई जाए। उन्होंने कहा कि कोरोना काल के पहले जिस तरह से स्कूल द्वारा प्रभात फेरी निकाला जाता रहा है वह इस वर्ष भी निकालने का निर्णय लिया गया। मौके पर नगर प्रबंधक नजीबुल्लाह अंसारी, पूर्व नपं अध्यक्ष छठन राम,पूर्व नपं अध्यक्षा उषा देवी, डॉ. पीएन सिंह,वरिष्ठ अधिवक्ता चंदेश्वर प्रसाद, जेएमएम नेता एजाज हुसैन बीडी रमन, गर्ल्स हाई के प्रधानाचार्य अमोद प्रकाश, उदय प्रताप सिंह,कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय वार्डन राकी मुक्ता, आरजू खान, विनय पासवान समेत कई लोग मौजूद थे।

# पर्यावरणविद् ने अजमेर जा रहे यात्रियों को किया रवाना

## प्रकृति के हरे रंग से जुड़ा हुआ है इस्लाम धर्म : कौशल



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**छतरपुर(पलामू)**छतरपुर अनुमंडल अंतर्गत ग्राम पंचायत डाली बाजार के आजाद नगर में विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने अजमेर चादर चढ़ाने जा रहे सभी यात्रियों को फूल माला देकर रवाना किया। राजस्थान के अजमेर शरीफ में 29 जनवरी को आयोजित उर्स में चादर चढ़ाने जा रहे पंचायत वासियों को फूल माला व ड्राई फूड देकर उन्हें रवाना किया। दो बसों से अजमेर जा रहे सभी यात्रियों को पर्यावरणविद ने सुखद व सुरक्षित यात्रा की शुभकामनाएं दी। पर्यावरण धर्मगुरु कौशल ने कहा कि हिंदू भाइयों को स्वर्ग का और मुस्लिम भाइयों को जन्नत का दरवाजा खोलने के लिए खुदा का दिया हुआ प्रकृति को बचाने के लिए पौधा लगाकर उसे अपने बच्चे की तरह हिफाजत करना होगा। प्रकृति की हिफाजत करना सबका दायित्व है क्योंकि मक्का मदीने का रोजा का गुम्बद 14 सौ वर्ष से हरा है। जिसका रंग में कोई बदलाव आज तक नही हुआ है। प्रकृति के हरे रंग के अनुरूप ही इस्लामी झंडा और पगड़ी का रंग भी हरा है। वन राखी मूवमेंट के प्रणेता का मानना है कि इस्लाम धर्म प्रकृति के हरा रंग से जुड़ा हुआ धर्म है। इसीलिए तो जन्नत का दरवाजा खोलने के लिए पर्यावरण प्रेमी होना जरूरी है। वीपीएसए के गढ़वा जिला अध्यक्ष अरुण कुमार गुप्ता ने कहा कि धन्य है ग्राम पंचायत डाली बाजार की धरती जो एक ही घर का विश्वस्तरीय पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल, छतरपुर पूर्वी जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल और पंचायत की मुखिया पूनम जायसवाल जैसे लोगों से सेवा लेने का मौका मिला है यह हिंदू मुस्लिम एकता के प्रतीक से मिला है अजमेर जाने वाले प्रमुख यात्रियों में पंचायत डाली बाजार के उप मुखिया नगीना बीवी, पूर्व उप मुखिया अफजाल अंसारी,जुबेर अंसारी, पंचायत समिति सदस्य शहाबुद्दीन अंसारी,पूर्व पंचायत समिति जोहरा बीबी, अजीम अंसारी,जहरू अंसारी, करीमन अंसारी, शाहजहां अंसारी, बड़ा यासीन, शमीम अंसारी, असलम अंसारी आदि शामिल थे।

# विद्युत उपभोक्ताओं की समस्या का होगा समाधान : विधायक



**हुसैनाबाद।** विद्युत उपभोक्ताओं की विभिन्न समस्याओं, बिजली बिल में त्रुटि, मीटर की गड़बड़ी आदि के समाधान के अलावा विद्युत संबंधित जानकारी देने के लिए हुसैनाबाद के तीनों प्रखंडों में ऊर्जा मेला का आयोजन किया जायेगा। इस संबंध में हुसैनाबाद-हरिहरगंज विधायक कमलेश कुमार सिंह ने पत्रकारों को जानकारी दी। उन्होंने कहा कि राज्य के विधायको के सुझाव पर झारखंड राज्य विद्युत वितरण निगम लिमिटेड ने उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधान के लिए राज्य के सभी इलाकों में ऊर्जा मेला का आयोजन किया है। उन्होंने कहा कि हुसैनाबाद विद्युत विभाग के अभियंताओं ने सिर्फ हुसैनाबाद में मेला के आयोजन की तिथि घोषित की है। इससे हैदरनगर और मोहम्मदगंज के विद्युत उपभोक्ता वंचित रह जायेंगे। उन्होंने कहा कि हुसैनाबाद प्रखंड परिसर स्थित विद्युत सब स्टेशन में 21 जनवरी को ऊर्जा मेला में उपभोक्ताओं को आवश्यक जानकारी के साथ उनकी समस्याओं का भी निदान किया जायेगा। इसी तरह एक दिन हैदरनगर और एक दिन मोहम्मदगंज में भी शिविर सह ऊर्जा मेला का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों व अभियंताओं को सभी शिविर में रहने की हिदायत दी गई है। उन्होंने बताया कि मेला में बिजली से सम्बंधित कई समस्याओं का समाधान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मेला हुसैनाबाद, हरिहरगंज के बाद हैदरनगर व मोहम्मदगंज में भी लगेगा। मेला की तिथि व समय की जानकारी विद्युत विभाग के अभियंता मीडिया व अन्य मध्यम से उपभोक्ताओं को देंगे।

# बकोरिया में छापेमारी कर अवैध पत्थर एवं मार्बल को किया जब्त



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मेदिनीनगर,**अवैध खनन,परिवहन एवं भंडारण को लेकर जिला खनन पदाधिकारी के द्वारा कार्रवाई की गयी। डीएमओ आनंद कुमार शुक्रवार को बकोरिया पहुंचे एवं सतबरवा थाना के पुअनि इंदरा पासवान एवं पुलिस बल के साथ बकोरिया में हो रहे अवैध पत्थर एवं मार्बल खनन स्थल पर पहुंच छापेमारी की,जहां पर पत्थर एवं मार्बल के अवैध खनन के निक्षेप मिले,इस दौरान खनन किए गए पत्थर एवं मार्बल को जप्त किया,वहीं अवैध खनन को लेकर बनाए गए गड्ढों को स्टोन डस्ट से जेसीबी के द्वारा भरवाया एवं रास्ते को भी बंद करते हुए अज्ञात संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ थाने में प्राथमिकी दर्ज करवायी।

### ऐसे हुई कार्रवाई

जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार को गुप्त सूचना मिली थी कि बकोरिया में अवैध पत्थर एवं मार्बल का अवैध खनन किया जा रहा है। सूचना के पश्चात अविलंब कार्रवाई करते हुए बकोरिया,जहां पूर्व में खनन पटटा विभाग के द्वारा दिया गया था उसका स्थलीय निरीक्षण किया। जहां खनन स्थल पर अवैध रूप से खनन किए गए मार्बल पत्थर,गड्ढा एवं परिवहन के निक्षेप पाए गए,वहीं अवैध खनन स्थल पर खनन किए गए मार्बल एवं पत्थर मिले,जिसे अविलंब जप्त कर लिया गया एवं अवैध खनन को लेकर बनाए गए गड्डे को क्रशर प्लांट के डस्ट के माध्यम से जेसीबी से भर दिया गया। जबकि रास्ते को पूरी तरह से बंद कर दिया गया।

### अवैध खनन में संलिप्त व्यक्ति बख्सें नहीं जाएगें,चिहिंत कर होगी कार्रवाई : डीएमओ

डीएमओ आनंद कुमार ने कहा है कि मार्बल एवं पत्थर में अज्ञात संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ,थाने में प्राथमिकी दर्ज करवायी गयी है। अज्ञात संलिप्त व्यक्तियों को चिहिंत कर कार्रवाई की जाएगी एवं उन्हें जेल भेजा जाएगा। उन्होंने स्पष्ट कहा है कि जिले में किसी भी कीमत पर अवैध खनन,परिवहन या भंडारण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। डीएमओ आनंद कुमार ने जिले वासियों से अपील की है कि अपने क्षेत्र में हो रहे अवैध खनन,भंडारण एवं परिवहन की सूचना दें ,ऐसे लोगों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# स्पोर्ट्स



...अबू धाबी नाइट राइडर्स के खिलाफ मैच से पहले ब्रावो ने कहा-हम अपनी योजनाओं पर टिके रहेंगे

# झांसी के कुणाल पहले ही रणजी मैच में बने मैन ऑफ द मैच

## नगरवासियों ने उनके बेहतर प्रदर्शन के लिए दी शुभकामनाएं

**झांसी, 20 जनवरी ।** एलीट ग्रुप ए में शुक्रवार को उत्तर प्रदेश और उड़ीसा के बीच मेरठ के विक्टोरिया पार्क में चल रहा रणजी मैच बगैर नतीजे के समाप्त हुआ। उ.प्र. को पहली पारी में बढ़त हासिल रही। इस मैच में झांसी के कुणाल यादव मैन ऑफ द मैच रहे। उत्तर प्रदेश के 362 रनों के जबाव में उड़ीसा ने आज मैच के आखरी दिन चार विकेट खोकर 335 रन बना लिए थे। जबकि पहली पारी में उड़ीसा की टीम कुणाल यादव की शानदार गेंदबाजी के आगे 226 रनों पर सिमट गई थी। पहली पारी में उ.प्र. के तेज गेंदबाज कुणाल यादव ने अपने शानदार स्पेल में 17 ओवरों में 47 रन



देकर पांच विकेट लिए थे। इस शानदार गेंदबाजी के लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया।कुणाल के द्वारा झांसी नगर का मान बढ़ाने पर झांसी के पूर्व गेंदबाजों लक्ष्मीकांत वर्मा,पूर्व दिलीप ट्रॉफी खिलाड़ी मुकेश नरूला, वकुल वर्मा, दिलीप बुंदेला, राहुल चतुर्वेदी, सौरभ चतुर्वेदी, संजय यादव, नरेंद्र पाठक, सुनील शर्मा विजय दातार, प्रशांत सिंह, मुद्दसर खान, संजय लॉगसन, आशुतोष शर्मा, अरुण सेन, नंदकिशोर, धर्मेंद्र रिहानी आदि ने कुणाल की गेंदबाजी की तारीफ करते हुए उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। वहीं मेयर राम तीर्थ सिंघल, ओलंपियन अशोक ध्यानचंद, ध्यानचंद स्टेडियम के प्रभारी क्षेत्र के अधिकारी सुरेश बोनकर, रेलवे इंस्टीट्यूट सचिव मुकेश कुमार श्रीवास्तव, जिला एथलेटिक संघ के सचिव अर्जुन सिंह, पूर्व अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी अब्दुल अजीज, सुबोध खांडेकर, वरिष्ठ क्रिकेटर बृजेंद्र यादव सहित कई खेल संगठनों और खिलाड़ियों ने भी कुणाल को शुभकामनाएं प्रेषित की।

# मो.खालिद रजा को बनाया गया जिला कांग्रेस कमेटी का सचिव



**छतरपुर (पलामू )** शुक्रवार को पलामू जिला कांग्रेस कमिटी अध्यक्ष जैश रंजन पाठक ने छतरपुर के खाटीन ग्राम निवासी मो. खालिद रजा को पलामू जिला सचिव नियुक्त करते हुए नियुक्ति पत्र सौंपा। खालिद राजा ने बताया की पार्टी के उच्चाधिकारियों ने पार्टी हित में उनके कार्यों को देखते हुए जिला सचिव का दायित्व सौंपा है। इस दौरान कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष सहजादा अनवर ,जिला प्रभारी विनय सिन्हा भी मौजूद रहे।

# सिंह मेशन-रघुकुल समर्थकों के बीच खूनी संघर्ष कांड में एक गिरफ्तार, मृतक का शव पहुंचते ही मची चीख पुकार

## आक्रोशित लोगों ने मुआवजे की मांग को लेकर की आगजनी व सड़क जाम, बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात

### अन्य आरोपितों की तलाश में पुलिस की छापामारी जारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**झरिया/धनसार।** कतरास मोड़ स्थित गुलुगुलिया पट्टी में गुरुवार को सिंह मेंशन और रघुकुल समर्थकों के बीच हुई खूनी संघर्ष में जान गंवाने वाले सिंह मेंशन समर्थक निरंजन कुमार तांती का शव शुक्रवार को पोस्टमार्टम के बाद जैसे ही उसके घर पहुंचा चारों ओर चीख पुकार मच गई। उधर, आक्रोशित लोगों ने घटना से संबंधित लोगों पर कार्रवाई और मुआवजे की मांग को लेकर शव को कतरास मोड़ पर सड़क पर रखकर जाम कर दिया। इस दौरान घंटों हाई वोल्टेज ड्रामा चला। आक्रोशित लोगों ने सड़क पर आगजनी भी की। जिस कारण झरिया-धनबाद और झरिया केंदुआ मुख्य मार्ग पूरी तरह बाधित हो गया। प्रदर्शनकारियों ने जिला प्रशासन और झरिया पुलिस के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की। इसी बीच भाजपा के अखिलेश सिंह, रमेश पांडेय और विहिप के लल्लू झा भी मौके पर पहुंच गए। इन लोगों की उपस्थिति में झरिया सीओ प्रेम कुमार कुशवाहा, झरिया थानेदार पंकज झा और मृतक के परिजनों के बीच वार्ता हुई। जिसमें थानेदार पंकज झा ने प्रदर्शन कर रहे लोगों को बताया कि रामबाबू धिक्कार के भाई श्यामबाबू धिक्कार को गुरुवार की रात में ही गिरफ्तार कर लिया गया है। बाकि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की छापामारी जारी है। जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा। वहीं रमेश पांडेय की ओर से तत्काल मृतक के परिजन को 25000 और जिला प्रशासन की ओर से 15000 हजार रुपये की राशि बतौर मुआवजा दिया गया है। इसके अलावे सरकार की ओर से अन्य प्रकार के मिलने वाली सहायता भी जल्द दिलाने के आश्वासन के बाद जाम हटाया गया।







### घटना के बाद गुलगुलिया पट्टी में पसरा संन्नाटा

उधर, शुक्रवार को भी गुलुगुलिया पट्टी में सन्नाटा पसरा रहा। क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए पुलिस के जवान तैनात दिखे। बताते चलें कि गुरुवार की सुबह कतरास मोड़ के समीप अवस्थित गुलुगुलिया पट्टी में सिंह मेंशन और रघुकुल समर्थकों के बीच खूनी झड़प हो गयी थी। इस दौरान बम और गोली के साथ ही लाठी-डंडे और तलवारें भी चलीं। जिसमें दोनों ओर के दर्जनों लोग घायल हुए, जिसमें कई की हालत गंभीर बताई जा रही हैं। इसमें से निरंजन तांती नामक युवक को बेहतरह इलाज के लिए बंगाल के दुगार्पुर ले जाते समय रास्ते में मौत हो गयी थी।

## सुनील कुमार बने उपाध्यक्ष



**झरिया (आजाद सिपाही)।** बीसीसीएल बस्ताकोला ऑफिसर क्लब में गुरुवार की देर शाम सीएमओआइ बीसीसीएल के कार्यकारणी की बैठक हुई। जिसमें कोल इंडिया एपेक्स के लिए हाल ही में हुए चुनाव में वरीय उपाध्यक्ष के लिए चयनित संजय कुमार सिंह और उपाध्यक्ष के लिए निर्विरोध निर्वाचित अरविंद कुमार झा को बीसीसीएल सीएमओआइ के अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह एवं महासचिव निर्झर चक्रवर्ती सहित सभी सदस्यों ने सम्मानित किया। इस दौरान कार्यकारणी के सभी सदस्यों ने सुनील कुमार सिंह क्षेत्रिय कार्मिक प्रबंधक सीसीडब्ल्यूओ को सर्वसम्मति से एपेक्स के दोबारा उपाध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया।

### अपराधी बेलगाम : महिला की हालत खतरे से बाहर, जांच में जुटी पुलिस

# झरिया में महिला को गोली मारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**झरिया।** झरिया में हिंसक संघर्ष और आपराधिक घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही है। सिंह मेंशन व रघुकुल समर्थकों के बीच खूनी संघर्ष का मामला शांत भी नहीं हुआ था कि गुरुवार की रात में ही लोअर चौथाई कुल्ही में एक महिला को गोली मार दिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। उसकी पहचान स्व नसीम अंसारी की पत्नी सकीना खातून (60) के रूप में हुई है। वृद्ध महिला को उसके घर के ही समीप ही बाइक सवार अपराधियों ने गोली मार दी और आराम से भाग निकले। सकीना के कंधे में गोली लगी है उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है। घटना के बाबत सकीना के पुत्र नईम अंसारी ने बताया कि रात करीब 12 बजे उसकी मां घर के समीप ही अवस्थित सरकारी नल देखने गई थी कि वो खुला है या नहीं। तभी बाइक पर आए अपराधियों ने पीछे से गोली मार दी। घायल अस्था में वह किसी तरह अपने घर पहुंची और घटना की जानकारी दी। जिसके बाद आनन फानन में उसे झरिया के एक निजी नर्सिंग होम ले जाने लगे। पर रास्ते में ही पुलिस का गश्ती वाहन मिला जिसे पूरे मामले की जानकारी दी गयी। इसके बाद पुलिस की मदद उसे अस्पताल ले जाया गया जहां से बेहतर इलाज के लिए एसएनएमएमसीएच रेफर कर दिया गया। नईम की मानें तो उसका या उसकी मां की किसी से दुश्मनी भी नहीं है। उधर, झरिया पुलिस जांच में जुट गई है। थानेदार पंकज झा ने बताया कि रात में एक महिला को गोली लगी है। मामला दर्ज कर हर पहलू से छानबीन की जा रही है।



घायय महिला सकीना खातून।

### हशहत फैलाने के लिए घटना को अंजाम देने की आशंका

दूसरी ओर, घटना की सूचना शुक्रवार की सुबह जैसे ही क्षेत्र में हुई चर्चा का बाजार गर्म होग या। कुछ लोग इस घटना को गुरुवार को सिंह मेंशन और रघुकुल समर्थकों में हुई भिड़ंत से जोड़ कर देख रहे हैं, तो कोई इसे अपराधियों के बुलंद हौसले का नरीजा करार दे रहा है। लोगों का मानना है कि नामजद सिंह मेंशन समर्थक धनंजय यादव का घर उक्त महिला के घर के ही समीप है। संभवत: विपक्षी गुट के लोग धनंजय को ढूंढने गए होंगे और दहशत फैलाने की मंशा से महिला पर गोली चला फरार हो गए।

### सवारी बस श्रद्धालुओं को लेकर धार्मिक स्थल का दर्शन करवाने निकली थी

# चालक की सुझबूझ से बची 61 लोगों की जान

आजाद सिपाही संवाददाता

**फुसरो (बेरमो)।** चंद्रपुरा थाना के मकोली ओपी थाना क्षेत्र अंतर्गत मकोली मोड़ के पास टूरिस्ट सवारी बस संख्या यूपी 83 टी 6078 ब्रेक फेल होने से दुर्घटना ग्रस्त हो गई। इसमें बस ड्राइवर के सूझबूझ से बस में सवार बस ड्राइवर, सहयोगी, दो बच्चे सहित 61 लोग बाल बाल बच गए। ब्रेक फेल होने के कारण बस चपरी ढाल से ढोरी डीएवी होते हुए मकोली मोड़ स्थित बिनोद बिहारी चौक पर बने प्रतिमा से तेज रफ्तार यात्री बस टकराई। इससे भगदड़ मच गई, लोग इधर इधर-उधर भागने लगे। मकोली मोड़ से बस मकोली की और मोड़ दिया। सेंट्रल कॉलोनी स्थित सीआईएसएफ कैंप के पास चढ़ाई होने के कारण बस धीमा हो गया। फिर वापस पीछे की ओर ढलने लगा। इससे सीआईएसएफ कैंप का का बाउंड्री वॉल तोड़ते हुए नाली में बस का पीछे पहिया फस गया इससे बस रुक गई। तब जाकर सभी बस सवार को राहत मिली। चालक ओमप्रकाश सिंह तोमर ने बताया कि बस गंगा सागर से देवघर जा रही थी। बस में महिला पुरुष और बच्चे मिलाकर 61 लोग सवार थे। फुसरो में ब्रेक फेल हुआ किसी तरह बच बचाते हुए मकोली मोड़ पहुंचकर चौक पर बिनोद बिहारी चौक पर स्थित ट्रैफिक पोस्ट को तोड़ते हुए मकोली की तरह बढ़ा। सीआईएसफ कैंप चढ़ाई पर बस रुक गई। गाड़ी बैक कर सीआईएसफ के पास पेड़ से रोकने का प्रयास किया लेकिन सफल नहीं हो सका और बाउंड्री वॉल से बस का पिछला हिस्सा टकरा गया। घटना की सूचना पाते ही स्थानीय लोगों के साथ साथ वार्ड पार्षद एवं सीआईएसफ कर्मियों ने शीशा तोड़कर सभी को सुरक्षित निकाला और पास के मंदिर में सब को बैठाया। इसमें किसी यात्री को चोट नहीं आई है। हालांकि प्रशासन की तरफ से तत्काल एंबुलेंस की व्यवस्था कर दी गई। यात्रियों के लिए चाय बिस्किट और नाश्ते की व्यवस्था की गई।





## स्वदेशी मेले में जीविका महिलाओं के हस्तनिर्मित उत्पाद बने आकर्षण का केंद्र



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** सेक्टर 4 में चल रहे स्वदेशी स्वावलंबन मेले में स्थानीय हस्तशिल्प कारीगरों द्वारा निर्मित उत्पाद प्रदर्शित करने का अवसर मिला है। इसमें वेदांता-इएसएल सीएसआर के प्रोजेक्ट जीविका की महिलाए भी शामिल हैं, जो अपने स्टॉल पर बांस के उत्पाद, कपड़े, मशरूम जैसे अन्य चीज प्रदर्शित कर रही हैं जिन्हें मामूली दामों पर खरीदा जा सकता है। स्वदेशी मेला आत्मनिर्भर भारत बनाने की विचारधारा को संपन्न करने की दिशा में एक अनूठा कदम है। यह मेले 18 जनवरी से शुरू हुआ था, जो 25 जनवरी तक चलेगा। इस मेले में लोग जीविका प्रोजेक्ट की महिलाओं द्वारा बनाये गए उत्पाद मिरि सर्किल ऐप पर भी बुक कर सकते हैं। यह एक अनूठा कदम है जो डिजिटल इंडिया को संभव बनाने की दिशा में योगदान दे रहा है। इस तरह के प्रदर्शन आम जनता को स्थानीय शिल्पकारों के करीब लाती हैं और उनका आर्थिक रूप से समर्थन करने का मौका देती हैं।

## बोकारो में निकली भव्य कलश यात्रा

बोकारो (आजाद सिपाही)। कुर्मीडिह बाजार में बाबा अनाथनाथ मंदिर के प्राण प्रतिष्ठान के तीन दिवसीय अनुष्ठान के प्रथम दिन श्रद्धालुओं ने भव्य कलश यात्रा निकाला। यह कलश यात्रा मंदिर से प्रारंभ होकर कुर्मीडिह बाजार, बियाडा बाजार होते हुए बालीडीह गरगा डैम पहुंचा। जहां सैकड़ों महिलाए सिर पर कलश लेकर यात्रा में शामिल हुई। कलश यात्रा में भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कुमार अमित के अलावे नीना नारायण, जिला महामंत्री संजय त्यागी, कार्यक्रम के मुख्य आयोजक संतोष पंडित, प्रिंस कुमार, नीरज कुमार, भीम गोस्वामी आदि मौजूद थे।

# राष्ट्रीय पार्टी होकर खुद कांग्रेस चल रही क्षेत्रीय पार्टी के पीछे : डॉ लंबोदर महतो

## गोमिया विधायक ने किया पीसीसी पथ का शिलान्यास

आजाद सिपाही संवाददाता

**तेनुघाट।** अनुमंडल मुख्यालय अंतर्गत घरवाटांड़ पंचायत के छपरगड़ा टोला में जिला परिसद मद से पांच लाख रुपये की लागत से बनने वाले पीसीसी पथ का शिलान्यास गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो ने किया। उन्होंने कहा कि इस पथ के निर्माण से यहां के लोगों को काफी सुविधा मिलेगी। पत्रकारों ने उनसे पूछा कि कांग्रेस द्वारा आरोप लगाया गया है कि आजसू ने भाजपा के आगे घुटने टेक दिया हैं। इस पर विधायक ने कहा कि कांग्रेस को अपने गिरेबां में झांकना चाहिए। कांग्रेस तो खुद एक बड़ी पार्टी होकर क्षेत्रीय पार्टी के पीछे चल रही है। उसने खुद घुटना टेका हुआ है। जिस परिच्छेप में बात आ रही है वो रामगढ़ उप चुनाव है। भाजपा और आजसू एनडीए के घटक दल है। रामगढ़ उप चुनाव की बात है तो जनता विकास को देखती है। तीन साल कांग्रेस के विधायक रहे पर कोई विकास नहीं दिखा। वहीं, आजसू की जबतक सत्ता रही तब तक विकास हुआ। दो मार्च को सब स्पष्ट हो जाएगा, जब नतीजे सामने आयेंगें। इस मौके पर जिला परिसद अध्यक्ष सुनीता देवी, जिला परिषद सादस्य माला देवी, पंचायत समिति सदस्य अजित कुमार पांडेय, पंचायत समिति सदस्य अख्तर अंसारी, रिजवान अंसारी पप्पू यादव, समाज सेवी नारायण प्रजापति, सराज अंसारी, घरवाटांड़ पंचायत की मुखिया आदि मौजूद थे।



पीसीसी पथ का शिलान्यास करते गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो।


## कार्यालय, झुमरीतिलैया नगर परिषद

### अति अल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा सूचना सं0– J.M.C/ 10/2022-23 Date – 20.01.2023

कार्य का विवरण–

| क्रं0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (in Rupees) | अग्रधन की राशि (in Rupees) | निविदा शुल्क (in Rupees) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | प्रखंड कोडरमा, झुमरी तिलैया स्थित सी0डी0 बालिका उच्च विद्यालय के पीछे खेल मैदान (Playground) का निर्माण कार्य। | 1657600.00 | 33200 | 5000 | 4 months |

1 नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखण्ड सरकार अन्तर्गत समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदक निविदा में भाग ले सकते है। Joint Venture / Consortium Entity द्वारा निविदा में भाग लिये जाने की स्थिति में Lead Partner/Member का नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखण्ड सरकार की समुचित श्रेणी में निबंधन होना अनिवार्य है।
2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि : 30.01.2023 (पूर्वाहन 10.00 बजे से)।
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 06.02.2023 अपराहन 5.00 बजे।
4. हार्ड कॉपी में निविदा प्राप्ति की तिथि : 08.02.2023 अपराहन 4.00 बजे स्थान नगर परिषद झुमरी तिलैया।
5 निविदा खोलने की तिथि : 09.02.2023 अपराहन 4.00 बजे।
6. हेल्पलाईन नम्बर : 7903772765, 9693145111, 9798062988
7. अग्रधन की राशि किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक के द्वारा निर्गत डिमाण्ड ड्राफ्ट ही केवल मान्य होगा।
नोट :– केवल ई–निविदा ही मान्य होगा।
विशेष जानकारी विभागीय वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

ह0/–
प्रशासक
झुमरीतिलैया, नगर परिषद

PR 288061 (Urban Development) 22-23 (D)


# बीसीसीएल लोदना प्रबंधन के तानाशाही रवैया के विरोध में बीसीकेयू और डीवाइएफआई की संयुक्त सभा

# आम जनता के अधिकार की है लड़ाई : सुरेश

आजाद सिपाही संवाददाता

**झरिया।** बीसीसीएल लोदना प्रबंधन के तानाशाही रवैया और आउटसोर्सिंग प्रबंधन से मिलीभगत कर क्षेत्र की मूलभूत सुविधा को निरस्त करने के षड्यंत्र के विरोध में शुक्रवार को कुजामा कोलियरी के समक्ष बिहार कोलियरी कामगार यूनियन एवं डीवाइएफआई ने संयुक्त रूप से आम सभा की। मुख्य वक्ता के रूप में सीटू के केंद्रीय उपाध्यक्ष कामरेड सुंदरलाल महतो भी उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि बीसीसीएल अधिकारी आउटसोर्सिंग ठेकेदार से मिलीभगत कर अवैध धंधा संचालित कर रहे है। यही सब कारण है कि यहां के लोगों को रोजगार, बिजली, पानी व सड़क से वंचित रख, जबरन तरीके से यहां पर बसे लोगों को हटाने का प्रयास किया जा रहा है। जबकि पिछले दिनों बीसीसीएल सीएमडी ने आश्वस्त किया था कि बिना लोगों के पुनर्वास किए क्षेत्र से मूलभूत सुविधाओं को नहीं काटा जाएगा। वहीं, बीसीकेयू के केंद्रीय उपाध्यक्ष सुरेश प्रसाद गुप्ता ने कहा कि सभी सवाल आम जनता के अधिकारों से जुड़ा है। यह लड़ाई और भी तीखी होगी, जब तक इन समस्याओं को सौहार्दपूर्ण तरीके से प्रबंधक और प्रशासन हल नहीं करेगी यह आंदोलन जारी रहेगा। वहीं झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन के वरिष्ठ नेता युद्धेश्वर सिंह ने कहा कि इस लड़ाई को जीतने के लिए हम सभी को एक होकर लड़ना होगा। इस मौके पर बीसीकेयू वरिष्ठ नेता प्रहलाद महतो, भारत भूषण, झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन से हराधन रजवार, मुद्रिका पासवान, भगवानदास पासवान, मो नौशाद अंसारी, सुरेंद्र पासवान, कुंदन पासवान, प्रजा पासवान, रामवृक्ष धारी, शंकर पासवान, मधु बनर्जी, पार्वती देवी, शांति देवी, लीलावती देवी, कांता देवी, हेमंत बावरी, भोला माली, नीरज पासवान, कुंदन पासवान आदि उपस्थित थे। सभा की अध्यक्षता बीसीकेयू के वरिष्ठ नेता सबूर गोराई और संचालन एरिया सचिव शिव कुमार सिंह ने किया।




सभा को संबोधित करते यूनियन के पदाधिकारी।



संयुक्त सभा में उपस्थित बड़ी संख्या में लोग।


## कार्यालय जिला गव्य विकास पदाधिकारी, हजारीबाग

### "आम सूचना"

सरकार के सचिव, कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (पशुपालन प्रभाग), झारखण्ड रांची के 23 रा0(वि0) दिनांक 07.11.2022 के आलोक में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजनान्तर्गत ग्रामीण स्तर पर युवाओं/महिलाओं को स्वनियोजित कर आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से अनुदानित/लाभुक अंशदान (स्वयं या बैंक ऋण) पर संचालन हेतु गव्य प्रक्षेत्र की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित होने हेतु इच्छा की अभिव्यक्ति के तहत् विहित प्रपत्र में आवेदन भरकर सूचना प्रकाशन की तिथि से एक सप्ताह के अंदर आमंत्रित किया जाता है :–

| क्र0 | योजना का नाम | इकाई लागत प्रति यूनिट | लक्ष्य 75 प्रतिशत अनुदान | लक्ष्य 90 प्रतिशत अनुदान | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | 05 गाय/भैंस वितरण की योजना | 3,37,625/- | 01 (SCSP) | 0 | |
| 2 | मिल्कींग मशीन (4 बकेट) | 1,20,000/- | 01 (OSP) | 01 (SCSP) | |
| 3 | पनीर एवं खोवा मेकिंग यूनिट (एक सेट) | 1,00,000/- | 0 | 01 (SCSP) | |
| 4 | वर्मी कम्पोस्ट यूनिट 3 M × 2M × 1M | 25,000/- | 0 | 05 (OSP) | |
| 5 | काउ मैट | 5,200/- | 0 | 05 (OSP) 03 (SCSP) | |
| 6 | हस्तचालित चैफ कटर | 8,000/- | 06 (OSP) | 05 (OSP) 01 (SCSP) | |
| 7 | विद्युतचालित चैफ कटर | 20,000/- | 0 | 01 (SCSP) | |

**चयन हेतु अहर्त्ताए एवं प्रक्रिया :–**
- जिला के लाभुकों का चयन ग्राम सभा द्वारा किया जायेगा।
- योजनावार निर्धारित लक्ष्य के आलोक में लाभुकों का चयन प्रखंड स्तरीय समिति के अनुशंसा उपरांत उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला स्तरीय चयन समिति द्वारा अनुमोदन प्राप्त होने पर योजना का लाभ दिया जायेगा।
- जिला स्तरीय चयन समिति से अनुमोदन उपरांत लाभुक अंशदान राशि एक माह के अंदर संबंधित खाता में जमा कराना होगा।
- सभी योजनाओं का अनुदान राशि DBT के माध्यम से लाभुकों के Escrow Account में हस्तांरित की जायेगी।

**05/10 गाय योजना :–**
- 50% के अनुदान की योजना सभी सामान्य वर्ग के महिला–पुरूष/स्वयं सहायता समूह/सहकारी समितियों के सदस्यों जो पूर्व से पशुधन गतिविधि से जुड़े को प्राथमिकता के आधार पर योजना का लाभ दिया जायेगा।
- 75% के अनुदान की योजना सभी अनुसूचित जातियों को योजना से आच्छादित किया जाना है। (प्रमाण पत्र अनिवार्य)

**अन्य योजनाएं :–**
- 75 % के अनुदान की योजना सभी सामान्य वर्ग के महिला–पुरूष/स्वयं सहायता समूह/सहकारी समितियों के सदस्यों जो पूर्व से पशुधन गतिविधि से जुड़े को प्राथमिकता के आधार पर योजना का लाभ दिया जायेगा।
- 90% के अनुदान की योजना सभी अनुसूचित जातियों को योजना से आच्छादित किया जाना है। (प्रमाण पत्र अनिवार्य)

नोट :– उपरोक्त योजनाओं के आवेदन करने एवं जानकारी हेतु संबंधित प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी/भ्रमणील पशु चिकित्सा पदाधिकारी/जिला गव्य विकास कार्यालय, हजारीबाग से सम्पर्क करेंगे।

जिला गव्य विकास पदाधिकारी,
हजारीबाग

PR 287995 (Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department)22-23*D

## जिंदल स्टेनलेस ने मुंबई मेट्रो परियोजना के लिए स्टेनलेस स्टील की आपूर्ति की

# पीएम मोदी ने किया दूसरे चरण का शुभारंभ

आजाद सिपाही संवाददाता

**मुंबई।** सरकार की 'मेक इन इंडिया' पहल को आगे बढ़ाते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुंबई मेट्रो लाइन 2ए और 7 के दूसरे चरण का शुभारंभ किया। जिंदल स्टेनलेस ने इस परियोजना के लिए बाहरी पैनल, कार बॉडी, स्ट्रक्चरल, रूफ, इंटीरियर, अंडरफ्रेम और स्टेनलेस स्टील के अन्य एप्लीकेशन के लिए स्टेनलेस स्टील की आपूर्ति की। इस परियोजना का उद्‌घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुंबई में आयोजित एक समर्पण समारोह के दौरान किया क यह मेट्रो लाइन आज से जनता के लिए चालू की जायेगी। इस मुंबई मेट्रो परियोजना के लिए जिंदल स्टेनलेस ने विभिन्न टेंपर और 2जे फिनिश वाले 301एलएन श्रेणी के उच्च गुणवत्ता वाले स्टेनलेस स्टील की आपूर्ति की। जनवरी 2021 में शुरू हुई यह आपूर्ति, दिसंबर 2025 तक जारी रहेगी। इस परियोजना के लिए जिंदल स्टेनलेस देश के अलग अलग राज्यों में स्थित अपने विभिन्न मैन्युफैक्चरिंग प्लांट्स के



द्वारा स्टेनलेस स्टील उपलब्ध कर रही है। इस ट्रेन सेट का निर्माण भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड (बीइएमएल) अनेक बैच में कर रही है और इस परियोजना के लिए आवश्यक कुल 576 कोचों में से अब तक 144 कोचों की आपूर्ति की जा चुकी है। 2ए मेट्रो लाइन की 18.6 किमी और 7 की 16.5 किमी लाइन तैयार करने में लगभग 5,760 मीट्रिक टन स्टेनलेस स्टील की खपत होगी।

इस मौके पर जिंदल स्टेनलेस के प्रबंध निदेशक अभ्युदय जिंदल ने कहा कि पूरी तरह से रिसाइकिल किये जा सकने वाले धातु के रूप में स्टेनलेस स्टील कमअपशिष्ट पैदा करने वाली चक्रीय अर्थव्यवस्था तैयार करने के लिए सामग्री के तौर पर सबसे अधिक वहनीय विकल्प है। भारत के नागरिकों के लिए सुरक्षित, टिकाऊ और स्वच्छ यात्रा सुनिश्चित करने में अपनी भूमिका निभाते हुए मेट्रो और रेल परियोजनाओं में भागीदार बनना हमारे लिए गर्व की बात है। इससे पहले जिंदल स्टेनलेस ने दिल्ली, कोलकाता, बेंगलुरु, चेन्नई और अन्य मेट्रो परियोजनाओं के अलावा सिडनी और क्वींसलैंड में भी मेट्रो परियोजनाओं के लिए स्टेनलेस स्टील की आपूर्ति की है।

# राजधनवार में भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक



बैठक में भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते पूर्व आइजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह।

आजाद सिपाही संवाददाता

**राजधानवार।** राजधानवार में शुक्रवार समय 11 बजे स्थान तीसरी में जमामो माता मंदिर के बगल में भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। इसमें मुख्य अतिथि झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री सह भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी एवं साथ में पूर्व आइजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह उपस्थित रहे।

इस मौके पर श्री सिंह ने भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित भी किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि केंद्र सरकार की सभी योजनाओं के बारे में जनता को अवगत करायें। अगर किसी भी प्रकार की परेशानी हो, तो मुझसे मिले। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार गरीबों के लिए कुछ नहीं कर रही है। जिन योजनाओं से लोगों को लाभ हो रहा था, उसे बंद कर दिया गया। बैठक में पन्ना प्रमुख निर्माण तथा डेटा प्रबंधन एवं उपयोग कार्यशाला का आयोजन किया। मंडल के पदाधिकारी मंडल कार्यसमिति सदस्य सभी मंच मोर्चा के अध्यक्ष, महामंत्री, पदाधिकारी एवं मंडल मंच मोर्चा के सभी कार्यसमिति सदस्य, पंचायत संयोजक, सहसंयोजक, सभी पंचायत के बूथ अध्यक्ष और सभी सांसद प्रतिनिधि, विधायक प्रतिनिधि, सभी पूर्व-वर्तमान पार्टी के कार्यकर्ता तथा मंडल में निवास कर रहे सभी जिला एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मौजूद थे।

# 140 से160 किमी. प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ी रैपिड रेल

## फाइनल ट्रायल में सीएम योगी दिखायेंगे हरी झंडी

आजाद सिपाही संवाददाता



**गाजियाबाद।** देश की पहली रैपिड रेल का मुख्य ट्रायल होना बाकी है, जो जनवरी के आखिरी या फरवरी के पहले सप्ताह में होना संभव है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस दौरान हरी झंडी दिखाकर ट्रेन को रवाना करेंगे। बुधवार को भी रैपिड ट्रेन का ट्रायल गया था, जो करीब 140 से 160 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ी थी। एनसीआरटीसी के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पुनीत वत्स ने बताया कि रैपिड ट्रेन का रोजाना ट्रायल रन साहिबाबाद से दुहाई के बीच किया जा रहा है, ट्रेन को अलग-अलग स्पीड पर दौड़ाया जा रहा है। मुख्य ट्रायल रन जल्द ही कराया जायेगा।

देश की पहली रैपिड ट्रेन के लिए दिल्ली से मेरठ के बीच 87 किलोमीटर लंबा कारिडोर तैयार करने का कार्य तेजी से किया जा रहा है। इस कारिडोर को तीन खंड में बांटा गया है, पहला खंड साहिबाबाद से दुहाई के बीच 17 किलोमीटर लंबा है। जिस पर वायडक्ट बनाने का कार्य और ओवरहेड इक्यूपमेंट इंस्टालेशन का कार्य पूरा हो गया है।

इसी ट्रैक पर रैपिड ट्रेन का ट्रायल रन किया जा रहा है। यहां पर मार्च 2023 से और दिल्ली से मेरठ के बीच वर्ष 2025 में रैपिड ट्रेन का परिचालन यात्रियों के लिए करने की तैयारी है

रैपिड ट्रेन का मुख्य ट्रायल रन जनवरी के अंत में या फरवरी के पहले सप्ताह में होना संभावित है। इस दौरान ट्रेन को अधिकतम 180 किमी प्रतिघंटा और औसतन 100 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार पर दौड़ाया जा रहा है।

# भुवनेश्वर रोजगार मेले में केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने किया नियुक्ति पत्र का वितरण



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** केंद्रीय शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा है कि रोजगार मेले के माध्यम से रोजगार पाने वाले युवक-युवतियों को स्वतंत्रता संग्राम के दौरान युवाओं की तरह सैनिकों के रूप में काम करना चाहिए। भुवनेश्वर के सीएसआइआर-आइएमएमटी में केंद्रीय मंत्री श्री प्रधान ने रोजगार मेले के तीसरे संस्करण का उद्‌घाटन किया और भारत सरकार के विभिन्न विभागों में 128 नवनियुक्त युवक-युवतियों को नियुक्ति पत्र वितरित किये। उन्होंने नये जनसेवक बनने को तैयार युवाओं को बधाई देते हुए कहा कि गत 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने देश के विकास का आह्वान किये थे। रोजगार मेलों के माध्यम से भर्ती होने वाले युवक-युवतियों को अमृत काल में सैनिकों के रूप में कार्य करना चाहिए। देश के स्वतंत्रता संग्राम के दौरान जितनी जिम्मेदारी उस समय के युवाओं पर थी, उससे कहीं अधिक जिम्मेदारी आज के नवनियुक्त युवाओं के कंधों पर है। जब हम जिम्मेदारी लेते हैं तो हम इसके महत्व और भूमिका को समझ सकते हैं। युवाओं को सिर्फ काम करने के बजाय उद्यमी बनना चाहिए। यह समाज में सार्वभौमिकता के निर्माण के लिए होगा। इसके लिए महत्वाकांक्षा बड़ी हो, महान उद्देश्य के लिए हो। हमें समाज में पूर्णता लाने के लिए कटालिस्ट बनना होगा।

श्री प्रधान ने कहा कि प्रधानमंत्री की नीतियों और दूरदृष्टि के कारण आज देश में युवा रोजगार, स्वरोजगार और दूरसंचार के क्षेत्र में एक नयी परिभाषा खड़ी हुई है। पहले स्वदेशी 5जी के बाद अब आइआइटी मद्रास ने स्वदेशी मोबाइल ऑपरेटिंग सिस्टम 'भरोसे' विकसित किया है। यह हमारे युवाओं के इनोवेशन का शिखर है। आने वाले दिनों में हमारे उत्पादों को वैश्विक बाजार में बेचने का दिन दूर नहीं है। आज भारत सरकार पीएलआई के माध्यम से युवा रोजगार और स्वरोजगार क्षेत्र को सशक्त बना रही है। 21वीं सदी के लिए रूपरेखा तैयार की जा रही है। ओड़िशा के कृषि उत्पादों को वैश्विक बाजार में लाने की योजना है। ओड़िशा जैसे राज्यों में बीमानसेबा इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत किया गया है। आठ से 10 हजार करोड़ रुपये खर्च कर भुवनेश्वर के उपनगरीय इलाके में करीब 100 किमी लंबी कैपिटल जोन रिंग रोड बनाई जा रही है। उड़िया युवाओं की बौद्धिक क्षमता के कारण वैश्विक कंपनियां ओड़िशा का सामना कर रही हैं। कई प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद भारत की विकास दर छह से सात प्रतिशत तक पहुंच गयी है, जबकि विकसित देशों की विकास दर धीमी हो गयी है। टैक्स में ग्रोथ देखने को मिली है। भारत के लोगों को टैक्स का भुगतान करने के लिए आग्रह है। भारत युवाओं के कंधों पर उम्मीद लेकर आगे बढ़ रहा है।

प्रधानमंत्री ने इस वर्ष 10 लाख युवक युवतियों को स्थाई रोजगार देने का निर्णय लिया है। आज प्रधानमंत्री ने देश में 71 हजार लोगों को नियुक्ति पत्र प्रदान किये हैं। भुवनेश्वर में रोजगार मेले के माध्यम से रेलवे विभाग, असम रिफाइल्स, आयकर, सांख्यिकी, आइआइटी भुवनेश्वर, ईपीएफओ, भारतीय डाक, नालको, इएसआइसी, बीएसएफ, सेल, एसएलबीसी, जीएसटी और अप्रत्यक्ष कर विभाग में 128 लोगों की भर्ती की गयी है। केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने इस पहल के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद दिया।

# आज कैबिनेट की बैठक में 15 प्रस्तावों को मिल सकती है मंजूरी


**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** शनिवार को पूर्वाह्न 11:30 बजे राज्य कैबिनेट की अहम बैठक होगी। मुख्यमंत्री नवीन पटनायक की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक में करीब 15 प्रस्तावों पर मंजूरी मिलने की उम्मीद है। जानकारी के अनुसार खेल एवं युवा सेवाएं, पंचायत राज, उच्च शिक्षा, लोक प्रशासन विभाग, स्वास्थ्य, जल संपद, कृषि आदि विभागों के कुछ महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर स्वीकृति दी जायेगी। खासकर पेयजल प्रकल्प, क्याडर नियम संशोधन, नदी बंध परियोजना जैसे प्रस्तावों को मंजूरी मिलने की संभावना है।

# एअर इंडिया पर 30 लाख जुर्माना पायलट तीन महीने के लिए सस्पेंड

**नयी दिल्ली।** एअर इंडिया की फ्लाइट में हुए पेशाब कांड में डीजीसीए ने एयरलाइंस पर 30 लाख का जुर्माना लगाया है। डीजीसीए ने पायलट का लाइसेंस 3 महीने के लिए सस्पेंड कर दिया है। इस बीच आरोपी शंकर मिश्रा के वकील ने कहा कि उनके मुअक्किल पर लगाया गया 4 महीने का बैन गलत है। दरअसल, इस मामले की जांच के लिए एअर इंडिया ने एक कमेटी बनायी थी, जिसने शंकर के एयरलाइंस में ट्रैवल करने पर 4 महीने के लिए बैन लगा दिया था। उधर आरोपी शंकर मिश्रा के वकील अक्षत बाजपेई ने कहा कि उनके मुवक्किल शंकर जांच कमेटी के फैसले से असहमत है। हम इसके खिलाफ एक्शन लेंगे।

# सर्वाइकल कैंसर को रोकने के लिए टीकाकरण और पैप स्क्रीनिंग महत्वपूर्ण है : किम्स डॉक्टर

आजाद सिपाही संवाददाता




**भुवनेश्वर।** सर्वाइकल कैंसर को भारत में महिलाओं में देखे जाने वाले सबसे आम कैंसर में से एक है और देश में दूसरा सबसे प्रचलित कैंसर माना जाता है, लेकिन अगर प्रारंभिक स्थिति से ही जागरूकता पैदा कर दी जाये, तो इसे काफी हद तक रोका जा सकता है।

किट-डीम्ड-टू-बी-यूनिवर्सिटी के घटक कलिंग इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (किम्स) के प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग के वरिष्ठ प्रोफेसर ब्रिगेडियर (सेवानिवृत्त) डॉ. सुधांशु कुमार रथ ने कहा कि प्रारंभिक टीकाकरण में कमी है। यौन शुरुआत से पहले टीका लेना चाहिए। हालांकि, 9-10 साल की उम्र की सिफारिश की गयी है, क्योंकि उस उम्र में प्रतिरोधक प्रतिक्रिया उत्कृष्ट होती है। उनका अवलोकन सर्वाइकल कैंसर और एचपीवी टीकाकरण के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए समर्पित है । विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) कुछ पीढ़ियों के भीतर सर्वाइकल कैंसर को समाप्त करने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है और इसे इस महीने की थीम के रूप में चुना है।

सरवाइकल कैंसर मानव पैपिलोमा वायरस (एचपीवी) नामक वायरस के एक रूप से जुड़ा हुआ है जो यौन संपर्क के माध्यम से फैलता है। संक्रमण खुद वापस आ सकता है, लेकिन बने रहना चिंता का कारण हो सकता है। एक सरकारी अनुमान के अनुसार भारत में हर साल लगभग 1.25 लाख महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर का निदान किया जाता है, और 75 हजार से अधिक लोग इस बीमारी से मर जाते हैं। किम्स में हर साल लगभग 10 से 12 मामले आते हैं। अनियमित रक्तस्त्राव, सहवास के बाद (संभोग के बाद) रक्तस्त्राव और दुर्गंधयुक्त स्त्राव रोग से जुड़े लक्षण हो सकते हैं। अपने क्षेत्र के विशेषज्ञ माने जाने वाले डॉ रथ ने कहा कि लेकिन जागरूकता का स्तर ऊंचा रहने पर उपाय हमारे हाथ में है। हालांकि, सभी कोशिकाएं कैंसर नहीं बनती हैं। कुछ वापस हो सकता है। हमें उन्हें वहीं संबोधित करने की जरूरत है। उन्होंने तीन से पांच साल के अंतराल पर परीक्षण कराने पर जोर दिया।

study MBBS in ABROAD
RUSSIA GEORGIA POLAND EGYPT
KAZHAKASTAN UZBEKISTAN
Get Direct Admission in Top Government Medical Universities of ABROAD.
UNIVERSITY FLY
Call Now ! +91-7903149721
www.universityfly.com

न्यू दास म्युजिकल स्टोर्स
New Das Musical Stores
हमारे इस प्रतिष्ठान की रांची में कोई भी शाखा नहीं है।
Deals in:
YAMAHA AHUJA ESP Fender CASIO BOSS ZOOM PAiSTe TAMA Studiomaster DigiTech KORG Zildjian Roland Cort Epiphone MAPEX Gibson Ibanez stranger
Opp. Sankat Mochan Hanuman Mandi Main Road, Ranchi-1 (Jharkhand)
Phone : 0651-2201778 Mobile : 98351-64815, 72509-3303
मिलते-जुलते नामों से सावधान

रत्न विक्रेता जय माता दी रत्न विक्रेता
ज्योतिष ग्रहरत्न केन्द्र
ज्योतिष शास्त्र • वास्तु शास्त्र • हस्त शास्त्र • हस्त रेखा • अंक शास्त्र
पंडित शशि कांत मिश्रा
पता - लाईन टैंक रोड, गोपाल गंज गली, अपोजिट-भूतपूर्व बारगेन बाजार, रांची
फोन :- 9334718296, 9835195382, 9431792761

अविराम ए ग्रुप ऑफ इंस्टीटयुशंस
(मान्यता एवं संबद्धता रांची वि.वि., जैक, एनपीयू, पी.सी.आई., JSPC, JNRC एवं चिह्नित NCTE भुवनेश्वर उड़ीसा)
टिको, कुडू, लोहरदगा एवं हुटाप, चंदवा, लातेहार (झारखंड)
इंटर एवं स्नातक पास बालक/बालिकाएं शीघ्र प्रवेश लें एवं B.ed के अतिरिक्त अन्य में सीधे प्रवेश हेतु आवेदन करें
झारखंड स्टेट एवं रांची विश्वविद्यालय में टॉपर देने वाले संस्थान में प्रवेश का सुनहरा अवसर
ए.एन.एम A.N.M | डी.फार्मेसी D.Pharmacy | बी.एड. B.Ed. | बी.एस.सी. नर्सिंग B.Sc Nursing | डी.एल.एड D.El.Ed
FACILITIES : SCHOLARSHIP ◆ BUS & HOSTEL FACILITY ◆ CAMPUS PLACEMENT ◆ WELL EQUIPPED LAB ◆ ONLINE ADMISSION PAYMENT & ONLINE CLASS FACILITY
Coming Soon Paramedical Courses
◆ Diploma in Operation Theater
◆ DMLT ◆ Dresser
URGENT REQUIREMENT
◆ B. Sc Nursing/ M.Sc Nursing Pass
◆ D. Pharma/ B. Pharmacy Pass
◆ B.Ed & M.Ed in (Science/Literature Social Science)
Send resume within 3 days in 7782054270
संपर्क कीजिए : 7782054270, 8987470640 | www.aviramcollege.com, www.aviramcollegeofnursing.com bedcollege2011@gmail.com/aviram.gv@gmail.com

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० रांची
Verma's Today
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—
Based on JCERT
Class - VIII
* Class VIII Today (Combined) ₹ 250
* Class VIII Today (English Medium) ₹ 280
* Mathematics Practical ₹ 60
* Science Practical ₹ 60
* S. Science Practical ₹ 60
* Hindi Vyakaran– I ₹ 60
* English Grammar– I ₹ 60
* Sanskrit Vyakaran– I ₹ 50
Classes VI & VII
* Class VII Today (Combined) ₹ 240
* Class VI Today (Combined) ₹ 240
* Hindi Vyakaran– I ₹ 60
* English Grammar– I ₹ 60
* Sanskrit Vyakaran– I ₹ 50
मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

BAWARCHI FAMILY RESTAURANT
Please Join Us to Celebrate the opening Ceremony of our New Restaurant
Venue : Sector-9 Near Hatia More Bokaro Steel City (Jharkhand)
With Best Compliments From :
BAWARCHI FAMILY RESTAURANT
Mob. : 65423 66205, 76338 16941

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
**संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार, ***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**